माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 फरवरी 2024
वर्ष -34 अंक -18, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल 16

नौ अरब कमाकर भी शांत नहीं होने वाला है एनिमल 15

एक नजर

कांग्रेस सांसद साहू से दूसरे दिन ईडी की पूछताछ

रांची। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से ईडी ने लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि साहू अपराह्न करीब 3 बजे रांची स्थित ईडी के कार्यालय में दाखिल हुए। ईडी के अधिकारियों ने भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में शनिवार को साहू से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। इसी मामले में एजेंसी ने हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा था, 'साहू को फिर से पूछताछ के लिए ईडी के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है, क्योंकि पूछताछ अभी पूरी नहीं हुई है।'

नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

पटना। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का आज विधानसभा में शक्ति परीक्षण है। इससे पहले विधायकों में टूट के दावों-प्रतिदावों से राजनीतिक अटकलबाजियों का बाजार गर्म है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा उनके पास है और वह आसानी से विश्वास मत हासिल कर लेंगे।

किसानों का दिल्ली कूच पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील

चंडीगढ़। किसानों के 13 फरवरी के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले हरियाणा के अधिकारियों ने अंबाला के पास शंभू में पंजाब से लगी सीमा को सील कर दिया है। सीमा पर कंक्रीट के अवरोधक, रेत की बोरियां, कंटीले तार लगाने के साथ-साथ सड़कों पर दंगारोधी वाहन मौजूद रखे गए हैं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस अवरोधकों को फेंकने से रोकने के लिए घग्गर फ्लाईओवर पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे की चादरें लगाई गई हैं।

मुख्यमंत्री के साथ मंत्री-विधायकों ने रामलला के दरबार में टेका मत्था

रालोद, बसपा और कांग्रेस के विधायकों ने भी किए दर्शन, समाजवादी पार्टी ने किया किनारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

अमृत विचार: सत्तापक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर एक साथ रामलला के दर्शन किए, मत्था टेके। हालांकि मुख्य विपक्ष दल समाजवादी पार्टी के विधायक इसमें शामिल नहीं थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में भाजपा एवं सहयोगी दलों समेत रालोद, कांग्रेस बसपा और जनसत्ता दल के विधायक शामिल रहे। यहां विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी साथ रहे।

इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ मंदिर परिसर में बैठकर राम की भक्ति में भजन भी गुनगुनाए। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को सामने देखकर गदगद हो जय श्रीराम का उद्घोष किया।

इससे पहले अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए विधायक और मंत्रियों का काफिला सुबह करीब 9 बजे दस लग्जरी बसों से लखनऊ से रवाना हुआ और करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा, जबकि मुख्यमंत्री महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे।

रामलला के दर्शन के बाद मंदिर परिसर में योगी सरकार के मंत्री-विधायक जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए।

▸▸ बसों के अंदर रामधुन बजाई जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल

मैं बहुत भावुक हूं: सतीश महाना

दर्शन करने के बाद राज्य विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मैं बहुत भावुक हूं, क्योंकि मैं जब इस स्थान पर आया था तो यहां एक ढांचा खड़ा था, जो 6 दिसंबर को हमारे सामने टूटा था। मैं उस समय यहां पर आया था जब 1990 में यहां गोली चली थी। मैं उस समय यहां पर आया था, जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था और आज सबसे सौभाग्य की बात है कि भगवान के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके अलावा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्र मोना, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष राजा भैया भी विधायकों के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

विधायक और मंत्रियों के समूह पर पुष्पवर्षा

विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर विधायकों का स्वागत किया।

हल्द्वानी हिंसा मामले में 25 और दंगाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत 25 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंगाइयों की संख्या अब 30 हो गई है। इन दंगाइयों के पास से पुलिस ने बनभूलपुरा थाने से लूटे गए 99 सरकारी कारतूस, 54 अन्य कारतूस तथा सात तमंचे भी बरामद किए गए हैं। हालांकि मास्टरमाइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस बीच प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील देते हुए अब इसे सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक सीमित कर दिया है। हालांकि स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रविवार को अर्द्धसैनिक बलों की चार कंपनियां यहां पहुंच गईं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से लूटे गए कारतूस भी बरामद कर लिए गए हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां होंगी।

▸▸ आरोपियों के पास से तमंचे और 153 कारतूस बरामद

हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों पर कार्रवाई जारी है। दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। प्रदेश में जो भी अतिक्रमण है, उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी और इस अभियान को रोका नहीं जाएगा।- **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

कर्फ्यू में ढील, आवश्यक सेवाएं सुचारू: जिलाधिकारी वंदना ने कर्फ्यू में और ढील दी है। अब कर्फ्यू को सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया गया है। बनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर शेष हल्द्वानी में कर्फ्यू हटाए जाने के बाद नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने बनभूलपुरा में भी आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर दिया। बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू करने के साथ ही मेडिकल स्टोर भी खुलवा दिए गए।

भाजपा ने राज्यसभा के लिए यूपी से की सात प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से सात प्रत्याशियों की घोषणा की है। भाजपा की सूची दर्शाती है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के लिए प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों में से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका मिल रहा है। उम्मीदवारों की रविवार को जारी सूची में भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह और पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के नाम शामिल है।

इसके अलावा आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर भाजपा की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से भाजपा की पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

▸▸ प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काटा

सपा से रामजीलाल और जया बच्चन उम्मीदवार

आगरा। राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन और जया बच्चन को समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। विधायकों की संख्या के आधार पर समाजवादी पार्टी के दो सांसद निर्वाचित होना तय है। राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर रामजीलाल सुमन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि पार्टी ने उन पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा आज हो सकती है।

सागरिका घोष और सुष्मिता देव टीएमसी की रास उम्मीदवार

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव और दो अन्य लोगों के नामों की रविवार को घोषणा की। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' टीएमसी ने कहा, 'हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।'

आगरा में मां-बेटे की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर झूला कारोबारी

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार: थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी में रविवार को एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक कारोबारी तरुण चौहान के घर सुबह जब नौकरानी पहुंची तो उसने देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ है और उनकी मां और उनके 12 वर्षीय बेटे का शव बेड पर पड़ा हुआ है।

नौकरानी ने इसकी सूचना पड़ोसी और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तरुण चौहान के शव को फंदे से उतारा। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय के मुताबिक तरुण चौहान की पत्नी खाटू श्याम दर्शन के लिए गई हुई थी। प्रथम दृष्टया मां और बेटे को पहले जहरीला पदार्थ दिया गया और उसके बाद तरुण चौहान ने फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच शुरू की तो तरुण का मोबाइल मिला। मोबाइल में पुलिस को एक वीडियो मिला, जिसे खुद तरुण ने बनाया था। इस वीडियो में वह कहता हुआ नजर आ रहा है कि वह कर्ज में फंस गया है। उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा दांव पर है। अब उसका जीने का मन नहीं कर रहा है।

खाटू श्याम से लौटकर आई पत्नी को रो-रोकर बुरा हाल है। उसने बताया वह अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे। उसे एक दिन के लिए भी अपने से अलग नहीं करते थे।

▸▸ आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो, करोड़ों के कर्ज से परेशान होना बताया

एटा में सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, खेत में मिला शव

संवाददाता, एटा

अमृत विचार : कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गाजीपुर पहोर में शनिवार को सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव के बाहर सरसों के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल लिया।

कोतवाली देहात इलाके के ग्राम गाजीपुर पहोर निवासी सात वर्षीया बच्ची शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। शाम करीब 4 बजे तक वह नहीं लौटी तो मां ने तलाशना शुरू किया। देर शाम बच्ची का पता नहीं चला तो सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दे दी गई। शनिवार रात करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड की मदद से गांव के बाहर सरसों के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। उसके कपड़े फटे हुए थे। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उसी गांव के 26 वर्षीय युवक जवाहर शर्मा ने घटना को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

▸▸ पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ में जुर्म कबूला

सशस्त्र पुलिस के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी परीक्षा

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस बलों में अब हिंदी अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देने की छूट मिली है। इसका पहली बार प्रयोग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सिपहिया की होने वाली भर्ती के दौरान किया जाएगा।

7 मार्च को आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा में 128 शहरों के करीब 48 लाख उम्मीदवार 20 फरवरी से 7 मार्च तक क्षेत्रीय भाषाओं में लिखित परीक्षा दे सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी भाषा के लिए थी। जिन क्षेत्रीय भाषाओं को लिखित परीक्षा के लिए शामिल किया गया है, उसमें गुजराती, बंगाली, उर्दू, पंजाबी, मराठी, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया, मणिपुरी, कोंकणी एवं असमिया भाषा हैं। गृहमंत्री अमित शाह की पहल पर सरकार ने उक्त आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

बुंदेलखंड ठंडे बस्ते में, केन-बेतवा लिंक की तैयारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सरकारों ने प्रस्तावित बुंदेलखंड राज्य को पीछे धकेलते हुए केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना को ज्यादा महत्व देना शुरू किया है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परियोजना का इसी माह कभी भी शिलान्यास कर सकते हैं। परियोजना की लागत 46 हजार करोड़ है। इसमें 90 प्रतिशत केंद्र एवं पांच-पांच प्रतिशत उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारें देंगी।

इस परियोजना का परिचय तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के समय में वर्ष 2003 में नदी जोड़ परियोजना से हुआ था, लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्ष तक इस परियोजना में कोई कार्य नहीं हुआ। मोदी सरकार ने इस योजना पर जब काम शुरू किया तो वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के लैंड यूज पर आपत्ति दर्ज कर दी थी, जिसके चलते यह परियोजना फिर अधर में लटक गई। अब 6017 हैक्टेयर वन भूमि का लैंड यूज बदलने की अनुमति वन मंत्रालय ने दे दी है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने इस परियोजना की पहली किस्त भी जारी कर दी है।

▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी माह कर सकते हैं शिलान्यास

▸▸ उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के 13 जिले होंगे लाभान्वित

परियोजना के तहत पन्ना जिले में एक बांध बनेगा और वहां एक नहर के माध्यम से केन नदी का अतिरिक्त पानी बेतवा नदी में छोड़ा जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की काया बदलने का दावा किया जा रहा है। दोनों राज्यों की लगभग 8 लाख हेक्टेयर बंजर व असिंचित जमीन को उपजाऊ व सिंचित बनाया जाएगा। दोनों राज्यों के 62 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। 130 मेगावाट क्षमता वाले दो (थर्मल व सोलर) पावर प्रोजेक्ट भी चलेंगे।

एक नजर

सरकार के प्रतिनिधि गांवों में करेंगे रात्रि प्रवास

अमृत विचार, लखनऊ : सरकार और संगठन के प्रतिनिधि भाजपा के गांव चलो अभियान का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्षों सहित अन्य जनप्रतिनिधि गांवों में प्रवास करेंगे। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को बताया कि, वह खुद और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी अभियान के तहत गांवों में प्रवास करेंगे। भूपेन्द्र चौधरी ने पार्टी मुख्यालय पर संवाददाताओं से कहा कि सात फरवरी से शुरू हुए गांव चलो अभियान के तहत 10 फरवरी तक राज्य के 47,500 गांवों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रानीमऊ गांव (अयोध्या) और ब्रजेश पाठक बघौरा गांव (बाराबंकी) में रविवार को प्रवास कर रहे हैं।

पं.दीन दयाल ने एकात्म मानववाद का दिया दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने चारबाग स्थित प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। उनके साथ महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी। के.के.सी. चारबाग स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में रविवार को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पायदान पर खडे.व्यक्ति के जीवन में प्रगति और सभी के विकास के लिए एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। जिसका मूल भाव समाज के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति के जीवन में बदलाव है। उन्होंने कहा कि पं. दीन दयाल उपाध्याय का सपना भारतीय संस्कृति की नींव पर एक शक्तिशाली और सशक्त भारत का निर्माण करना था। जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे है।

डिबाई सीएचसी बनेगा 100 बेड का संयुक्त चिकित्सालय

अमृत विचार, लखनऊ : पश्चिम उत्तर प्रदेश में चिकित्सकीय सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए बुलंदशहर के डिबाई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) को उच्चीकृत करके 100 बेड का संयुक्त चिकित्सालय बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 14.39 करोड़ रुपये स्वीकृत कर पहली किस्त भी स्वास्थ्य विभाग को भेज दी है। बुलंदशहर के डिबाई सीएचसी में मरीजों को अधिकता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक नया संयुक्त चिकित्सालय बनाने का प्रस्ताव शासन में गया था। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने शनिवार को स्वास्थ्य महानिदेशक को बजट जारी करते हुए निर्देश दिए हैं।

सुधांशु त्रिवेदी को मिला दूसरा मौका, आठ का टिकट कटा

अप्रैल में खत्म हो रहा है प्रदेश कोटे के 10 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल, भाजपा के सातों उम्मीदवारों की जीत पक्की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की जिन 10 सीटों पर राज्यसभा चुनाव होना है, उनमें से अभी भाजपा के कोटे की 9 सीटें हैं। जबकि, एक सीट सपा की है। सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन का कार्यकाल अप्रैल में खत्म होगा। वहीं, भाजपा से अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, अनिल अग्रवाल, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव और विजय पाल तोमर का भी कार्यकाल पूरा होगा।

भाजपा ने इस बार उप्र. से आरपीएन सिंह, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, डॉ. संगीता बलवंत और नवीन जैन हैं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से सुधांशु त्रिवेदी लगातार दूसरी बार राज्यसभा सदस्य बनेंगे। पार्टी ने लोस. चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने को उप्र. के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका दिया गया है।

डॉ. सुधांशु त्रिवेदी : लखनऊ में ही जन्मे डॉ. सुधांशु त्रिवेदी साल 2014 के आम चुनाव में खास भूमिका बताई जाती है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें राजस्थान की जिम्मेदारी भी दी गई थी। वर्तमान में भी वह भाजपा के प्रवक्ता हैं। उन्हें पार्टी दूसरी बार राज्यसभा भेज रही है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री रहे अरुण जेटली के निधन के बाद खाली हुई सीट से उन्हें राज्यसभा सदस्य भेजा गया था।

आरपीएन सिंह : पडरौना में जन्मे आरपीएन सिंह केन्द्र की मनमोहन सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। वह जनवरी, 2022 में भाजपा में शामिल होने हुए थे। आरपीएन सिंह कुशीनगर पडरौना से तीन बार विधायक रहे हैं। वह 2009 में कुशीनगर से लोकसभा सांसद बने। हालांकि, 2014 और 2019 के चुनाव में हार गए थे।

डॉ. संगीता बलवंत : गाजीपुर की रहने वाली डॉ. संगीता को 2022 चुनाव से पहले योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में जगह मिली थी। उन्हें सहकारिता राज्य मंत्री बनाया गया था। डॉ. संगीता साहित्य में भी रुचि रखती हैं। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में डॉ. संगीता भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ी और निर्वाचित घोषित हुई थी। डॉ. संगीता ओबीसी जाति से आती हैं।

अमरपाल मौर्य : मूलरूप से रायबरेली ऊंचाहार के रहने वाले अमरपाल मौर्य उप्र. भाजपा संगठन में महामंत्री हैं। अमरपाल मौर्य आरएसएस के प्रचारक रहे हैं। इसके अलावा वह दूसरी बार उप्र. भाजपा की कमेटी में महामंत्री बनाए गए हैं। अमरपाल मौर्य ने ऊंचाहार विधानसभा से 2022 के चुनाव में लड़ा था, मगर हार गए थे।

तेजवीर सिंह : मथुरा से लगातार तीन बार चौ. तेजवीर सिंह सांसद रहे हैं। साल 1996 से 97 तक पहला कार्यकाल, 1998 से 99 दूसरा कार्यकाल और 199 से 2004 तक उनका तीसरा कार्यकाल रहा। इसके बाद पार्टी ने उन्हें यूपी कोऑपरेटिव का अध्यक्ष भी बनाया। भाजपा से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले तेजवीर सिंह सहकारिता की राजनीति में भी खासी पकड़ रखते हैं।

नवीन जैन : आगरा के सबसे बड़े कारोबारियों में नवीन जैन की गिनती होती है। भाजपा संगठन में कई बड़े नेताओं के वह करीबी हैं। साल 2017 में जब उन्होंने आगरा महापौर चुनाव लड़ा था। उस वक्त उन्होंने अपनी संपत्ति 400 करोड़ रुपए घोषित की थी। नवीन जैन 2017 में नगर निगम चुनाव लड़ने वाले सबसे अमीर उम्मीदवार थे।

साधना सिंह : चंदौली के मुगलसराय विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर 2014 में एमएलए चुने जाने के पहले साधना सिंह चंदौली जिले के व्यापार मंडल की नेता के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने साल 2000 में राजनीति में कदम रखा। साधना सिंह ने जिला पंचायत सदस्य के रूप में भी चंदौली से जीत हासिल की थी।

सभी सात सीटों पर भाजपा की जीत पक्की : विधायकों की संख्या के मद्देनजर राज्यसभा के लिए उप्र. की जिन 10 सीटों पर विधायकों के वोट से उम्मीदवारों की जीत पक्की होगी उनमें 7 उम्मीदवार भाजपा के होने की पूरी संभावना है। वहीं, एक सीट के भाजपा को संघर्ष करनी पड़ सकती है। जहां सपा की भी दो सीट जीत आसान होनी संभव है। इस बीच रालोद के विधायक खेल बिगाड़ सकते हैं। क्योंकि पहले रालोद-सपा का गठबंधन था, लेकिन अब दोनों दलों के बीच दूरियां सार्वजनिक हैं।

सपा सरकार ने स्वास्थ्य शिक्षा, कृषि, रोजगार को बढ़ाया : अखिलेश यादव

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा विकास की राजनीति करती है। समाजवादी सरकारों ने प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, नौकरी रोजगार को बढ़ाने का काम किया। शहरों से लेकर गांवों तक को विकास और खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। उन्होंने, रविवार को जारी बयान में कहा कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आयी है तब से प्रदेश का विकास खो गया। भाजपा का एक ही काम है। समाजवादी सरकार के कामों को अपना बताना और निर्माणकार्यों को अपने नेताओं का नाम देना। सपा प्रमुख ने कहा कि आज उप्र. की चर्चा विकास के बजाय बढ़ते अपराधों, उत्पीड़न, चरम पर पहुंची महंगाई, बेरोजगारी और अन्य वजहों से हो रही है। समाजवादी सरकार में अयोध्या में अण्डरग्राउण्ड बिजली केबिल बिछाने के साथ मेडिकल कॉलेज निर्माण, अयोध्या फैजाबाद में 300 इंटरलॉकिंग सड़कों के निर्माण के साथ लोहिया योजनान्तर्गत समग्र गांवो का विकास किया गया था।

विधान परिषद में गूंजा बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला गहरा गया है। अमृत विचार की ओर से उठाई गई खबरों का संज्ञान लेते हुए विधान परिषद में तमाम से सवाल खड़े किये गए हैं। गहराती जांच के बीच जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

बता दें कि कानपुर, हमीरपुर, हाथरस और संतकबीरनगर के महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 16 पदों पर बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई थी। नियुक्तियों को लेकर अमृत विचार ने सिलसिलेवार खबरों का प्रकाशन कर सवाल खड़े किये थे। हमीरपुर जनपद के प्रवक्ता डॉ. सलिल तिवारी की ओर से उठाए गए बिन्दुओं को खबर का प्रमुख आधार बनाया था। जिसको लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज की ओर से एक कमेटी गठित कर जांच शुरू की गई। हाल फिलहाल जांच का निष्कर्ष अभी बाकी है। सपा कार्यकाल में हुई नियुक्तियों को लेकर बीते दिन विधान परिषद में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल द्वारा प्रवक्ताओं की नियुक्ति से जुड़े दो बिन्दुओं से जुड़े सवाल खड़े किये। जिस पर बिन्दुवार सार निकलते दिखाई दिये। जिस तरह से जांच ने तूल पकड़ा है, ऐसे में जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

शिक्षा निदेशक के रडार पर आए 14 बीएड प्रवक्ता

प्रबंधकों की भूमिका पर भी सवाल, जांच शुरू, कामचलाऊ व्यवस्था दिखा कर किया गया था विनियमितीकरण

एक्सक्लूसिव

कानपुर देहात, हाथरस, संतकबीरनगर, हमीरपुर जनपदों से जुड़े हुए हैं मामले

आरोपों के घेरे में पांच विवि से जुड़े चार महाविद्यालय

नियुक्तियों में नियम दरकिनार

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

जांच कमेटी में निदेशालय के तीन अधिकारी सम्मिलित : फर्जीवाड़े का दावा करने वाले प्रवक्ता के आरोपों को खंगालने के लिए त्रिस्तरीय जांच में निदेशालय के तीन अधिकारी सम्मिलित किये गए हैं। डॉ. केसी वर्मा, डॉ. बीए शर्मा और डॉ. जय सिंह संबंधित विश्वविद्यालयों और बेसिक शिक्षा विभाग से लगातार संपर्क बनाते हुए जानकारी इकट्ठा करने में लगे हुए हैं।

खबर का असर

अमृत विचार ने उठाया था बिन्दुवार मामला, चल रही है उच्च शिक्षा निदेशालय में जांच

त्रिस्तरीय हो रही है जांच

नियुक्तियों को लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव द्वारा त्रिस्तरीय जांच कराई जा रही है। निदेशक बताते हैं कि पहली और दूसरी जांच का क्रम 16 और फिर 17 जनवरी से आरंभ हुआ। जबकि तीसरी जांच 7 फरवरी से शुरू की गई है। इसमें नियुक्ताएं पाए प्रवक्ताओं के बयान दर्ज कराये गए हैं। उनकी पत्रावलियों को खंगाला जा रहा है, ताकि साक्ष्यों का मिलान कराया जा सके।

आज केजरीवाल के साथ भगवंत मान करेंगे रामलला के दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह सोमवार को सपरिवार अधोध्या में भगवान रामलला के दर्शन करेंगे। आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने पूर्व में ही कहा था कि वह सपरिवार दर्शन करेंगे, जिसके बाद वो कल सीधे आयोध्या पहुंच रहें हैं। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह भी होंगे। दोनो ही मुख्यमंत्री अपने अपने परिवार के साथ सोमवार सुबह 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे, दर्शन करने के बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

सपा-कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर राहुल ने दिखायी दिलचस्पी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच सीटों के बंटवारे को शीघ्र ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस मामले में सीधे दिलचस्पी दिखाने के बाद सीट को लेकर अंतिम निर्णय लेने की कवायद तेज हो गई है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उप्र. में प्रवेश करने से पहले दोनों दलों की ओर से सीट पर हुए समझौते को सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

हालांकि, इससे पूर्व सपा प्रमुख अखिलेश यादव कांग्रेस को 11 सीटें दिए जाने की जानकारी साझा कर चुके हैं। वहीं, इसके बाद कांग्रेस की ओर से कुछ भी स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आयी थी। दरअसल, सूत्रों का दावा है कि कांग्रेस उप्र. में 20 लोकसभा सीटों पर लड़ने को इच्छुक है। जिन 14 सीटों पर अब दोनों दलों की सहमति बनी है उनमें अमेठी, रायबरेली, फतेहपुर सीकरी, जालौन, कानपुर और झांसी भी शामिल हैं। अन्य पर भी इसी सप्ताह निर्णायक बातचीत होनी संभव है।

अखिलेश रायबरेली तो दूसरे नेता अन्य जिलों में होंगे शामिल

लखनऊ : बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच कांग्रेस की यात्रा अब उत्तर प्रदेश में 11 दिनों के बजाय एक सप्ताह तक ही रहेगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव अमेठी, रायबरेली में कांग्रेस की यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा चंदौली से उप्र. में यात्रा प्रवेश करने के बाद वाराणसी, जौनपुर के रास्ते सुल्तानपुर, अमेठी और रायबरेली आएगी। सपा के लोग अन्य जिलों में भी इस यात्रा के भागीदार बनेंगे। 16 फरवरी को उप्र. में प्रवेश कर अब 11 दिन नहीं एक सप्ताह के भीतर ही समाप्त हो जाएगी।

आपदा प्रबंधन से निपटने के गुर सीखने गुजरात गए अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : आपदा (बाढ़, सूखा, भूकंप, आकाशीय बिजली) के दौरान जल्द से जल्द राहत पहुंचाने एवं जनहानि को रोकने के लिए राहत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए गुजरात भेजा गया है। सोमवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षिण में चार सदस्यीय अधिकारी त्वरित प्रबंधन के गुर सिखेंगे। आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट में 12 व 13 फरवरी को दो दिवसीय प्रशिक्षिण दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि आपदाओं से होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने पर खासा फोकस है। इसी क्रम में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा के उचित प्रबंधन के गुर सीखने और प्रशिक्षण दिलाने के लिए विभिन्न चरण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तीन नई राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का गठन किया गया, जबकि प्रदेश की 11 आपदाओं को राज्य आपदा में शामिल किया गया। इसमें नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, मानव वन्य जीव द्वन्द, नदी में डूबना समेत 11 आपदाएं शामिल हैं।

वाराणसी में खुलेगा दूसरा मेडिकल कॉलेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : वाराणसी में चिकित्सीय सेवाएं और सुदृढ़ होंगी, बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय के अलावा एक नया मेडिकल कॉलेज बनेगा। इसके लिए न केवल अस्पताल व जगह चिन्हित कर ली गई है बल्कि शासन ने अगले वित्तीय वर्ष में 400 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया है। मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद प्रदेश में स्वशासी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 29 हो जाएगी।

वाराणसी में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बीएचयू के अलावा जिला अस्पताल पं.दीन दयाल उपाध्याय को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद यहां भी इलाज के साथ ही एमबीबीएस की पढ़ाई भी होगी। ये मेडिकल कॉलेज स्वशासी कॉलेज होगा। नए मेडिकल कॉलेज में मानक के अनुसार, 112 पद असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर व फिजिस्ट आदि के होंगे।

> वाराणसी में एक मेडिकल कॉलेज की जरूरत है, इसके लिए 100 बेडेड मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव तैयार कर बजट के लिए शासन में भेजा गया था, बजट भी स्वीकृत हो चुका है। अब प्रस्ताव को कैबिनेट में भेजा जाएगा, मंजूरी मिलने के बाद रूपरेखा को मूर्तरूप दिया जाएगा। कब तक शुरू हो जाएगा, कहना जल्दबाजी हो जाएगी।
>
> –किंजल सिंह, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा विभाग, उप्र.

इस नए मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग शुरू होने से शहर में इमरजेंसी सेवाएं दुरूस्त होने के साथ ही मरीजों को विभिन्न बीमारियों का अत्याधुनिक इलाज मिलना आसान हो जाएगा। मालूम हो कि प्रदेश में संचालित 35 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 3828 सीटों पर पढ़ाई हो रही है। इनमें से 14 मेडिकल कॉलेज स्वशासी हैं। इसके अलावा 14 नए स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में प्रक्रियाधीन है, संभवतः नए सत्र में एमबीबीएस की 1400 सीटें और बढ़ जाएंगी, और वाराणसी में एमबीबीएस की 100 सीटों वाले नए मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद स्वशासी कॉलेजों की संख्या 29 हो जाएगी।

भाजपा और रालोद में सीटों के बंटवारे को लेकर फंसा है पेंच

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले उत्तर प्रदेश का राजनीतिक समीकरण बदल गया है। भाजपा-रालोद के गठबंधन तय है बस औपचारिक घोषणा ही शेष है। हालांकि इस समझौते के फार्मूले की तस्वीर पर अंतिम मुहर लगनी अभी बाकी है। उम्मीद है कि, सोमवार को चौ. अजित सिंह के जन्मदिन पर दोनों के बीच गठबंधन की निर्णायक तस्वीर सामने आएगी। दरअसल, रालोद को उप्र. से लोकसभा की तीन से चार सीटें देने पर मंथन चल रहा है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शीघ्र ही सब तय हो जाने की बात कही है। रालोद की चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग पूरी हो जाने के बाद अब राजनीतिक समीकरणों पर निर्णायक फैसला लिया जाना है। सूत्रों के अनुसार रालोद ने मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, मथुरा, कैराना और अमरोहा की सीटें मांगी हैं।

समस्या | 40 दिनों की ठंड ने 30 से 40 फीसद फसल को पहुंचाया नुकसान

आलू की फसल पर झुलसा रोग का ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 40 दिन की ठंड ने आलू की फसल को ऐसा नुकसान पहुंचाया कि झुलसा रोग पनप गया। ऐसे में किसानों की मुश्किलें बढ़ चली हैं। घटती उपज बाजार में आलू के भाव बढ़ने का संकेत दे रही है।

लखनऊ के आठ ब्लॉक क्षेत्रों में सबसे अधिक आलू की फसल उगाई जाती रही है। इस बार 40 दिन की ठंड और बारिश ने इन फसलों पर असर डाला है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह कहते हैं कि लखनऊ और आसपास 12 हजार हेक्टेयर से अधिक आलू की फसल बोई जाती रही है। लेकिन इस बार बदलते मौसम का असर फसल पर पड़ा है, जिससे आलू में झुलसा रोग लग गया है। इन 40 दिनों के भीतर उपज भी कम हुई है। 30 से 40 फीसद फसलों को नुकसान पहुंचा है। कम उपज निश्चित तौर पर बाजार में आलू के भाव बढ़ा देंगे।

बदलते मौसम के प्रभाव की किसान को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

दाग आने के कारण कम होगी मांग : मुंशी खेड़ा गांव के राजेंद्र सिंह कहते हैं कि आलू 90 दिन का हो गया है। मौसम के असर के कारण प्रति बीघा एक बोरी नटराजन की आवश्यकता है। खराब हो रही फसल की बाजार में मांग कम रहेगी। रुखारा वासी मकरंद सिंह ने बताया कि इस बार मौसम में आए परिवर्तन के कारण मटियारी भूमि में मौसम का प्रभाव पड़ा है। आढ़ती तो जांच परखकर उनसे कम पैसे में आलू खरीद लेंगे लेकिन फुटकर दामों में बड़ा असर देखने को मिलेगा।

चना, मसूर, मटर भी हुई है प्रभावित : कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि चना, मसूर, मटर में इस समय पुष्पन अवस्था होती है। जायद में प्रमुख रूप से खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा की बोआई किसान प्रारंभ कर देते हैं, ऐसे में बेमौसम परिवर्तन और आद्रता अधिक होने से यह भी फसले प्रभावित हुई हैं।

ऐसे करें फसलों का बचाव

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह कहते हैं कि रबी फसलों के पकने का समय है और जायद की बोआई का समय प्रारंभ हो चुका है। आलू को झुलसा रोग से बचाने के लिए प्रति बीघा 10 किगा यूरिया का प्रयोग करें, इससे आलू का साइज और चमक बढ़ेगी। सरसों पछेती आलू, खरबूजा, तरबूज, खीरा एवं ककड़ी में बीमारी तेजी से फैल रही है। यदि पत्तियों पर कवक दिखाई पड़े, तो मौसम सही होने पर फफूंदी नाशक में कोजेब 75% डब्लूजी की 3 ग्राम मात्रा को एक लीटर पानी के दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। सरसों, खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा पर मांहू कीट तेजी से बढ़ेगा। इसके लिए इमिडाक्लोप्रिड नामक कीटनाशक की 0.5 एमएल मात्रा को एक लीटर पानी के दर से घोल बनाकर छिड़काव करने से कीटों से मुक्ति मिलेगी।

एक नजर

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन कल

बाराबंकी, अमृत विचार : अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अल्का लांबा मंगलवार को यहां आएंगी। दोपहर 12 बजे विकास खण्ड बंकी के ग्राम जहांगीराबाद में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शबनम वारिस द्वारा आयोजित नारी न्याय सम्मेलन को वह मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करेंगी। पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा ने बताया कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा राजधानी लखनऊ से सडक मार्ग से चलकर 12 बजे कस्बा जहांगीराबाद में आयोजित महिला न्याय सम्मेलन में पहुंचेंगी।

25 आरोपियों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थाना क्षेत्रों में 25 आरोपियों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गयी। नगर कोतवाली पुलिस ने बकरा चोरी के आरोपी आकिब को नागेश्वरनाथ धाम सरोवर के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी का एक बकरा, एक मोटरसाइकिल व चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की।

शातिर बदमाश धरा गया

बाराबंकी, अमृत विचार : घुंघटेर पुलिस ने रविवार को एक शातिर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चाकू बरामद किया। पुलिस के मुताबिक रामचन्दर निवासी नई गढ़ी मजरे सलेमाबाद थाना घुंघटेर को पलिया रोड सरवन मोड़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की और आरोपी को जेल भेज दिया।

रामसनेहीघाट से रामनगरी के लिए पैदल रवाना होता भक्तों का जत्था।

गाजे-बाजे के साथ पैदल अयोध्या रवाना हुए रामभक्त

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : अयोध्या सीमा के रामसनेहीघाट नगर पंचायत से रविवार को दो दर्जन लोग अयोध्या में दर्शन करने के लिए बूढ़े हनुमान जी मंदिर सुमेरगंज से पैदल ही गाजे बाजे के साथ रवाना हो गए। जत्थे की अगुवाई विश्व हिंदू परिषद के सदस्य अरविंद गुप्ता उर्फ लालजी कर रहे हैं। जत्थे में स्थानीय लोग शामिल हैं जो जयकारे लगाते हुए कस्बे से अयोध्या के लिए रवाना हुए।

विधायकों के काफिले पर की गयी पुष्प वर्षा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार: अयोध्या जा रहे मंत्रिमंडल के सदस्यों और विधायकों का रामसनेहीघाट में स्वागत किया गया। काफिले पर पुष्प वर्षा का जो सिलसिला शुरू हुआ वह जिले से जाने के बाद ही समाप्त हुआ। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोका गया था। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिये जा रहे प्रदेश के मंत्रियों ओर विधायकों के काफिले का स्वागत किया गया। रुदौली भाजपा विधायक रामचंद्र यादव और साथ खड़े रामभक्तों के साथ बुलडोजर पर खड़े होकर कार्यकर्ताओं द्वारा काफिले पर पुष्प वर्षा की गयी।

गांव चलो अभियान में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

योजनाएं बतायीं

- जैदपुर के बघौरा गांव में घर-घर किया जनसंपर्क
- बूथ कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: गांव चलो अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जैदपुर विधानसभा के बघौरा गांव में रविवार को प्रवास किया। उप मुख्यमंत्री ने जैदपुर मंडल के बघौरा गांव स्थित बूथ संख्या 155 पहुंचकर बूथ अध्यक्ष राकेश सैनी व बूथ कार्यकारिणी के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बूथ के सदस्यों का परिचय प्राप्त करके समिति का सत्यापन किया। मतदाता सूची का वाचन करके बोगस वोटों का चिह्नांकन किया। इसके उपरांत उन्होंने पन्ना प्रमुखों और बीएलओ -2 कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने घर घर संपर्क करके मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं पत्रक भी वितरित किए।

उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करके उनका फीड बैक भी लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, बैजनाथ रावत, अमरीश रावत, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश रावत, जिला महामंत्री गुरु शरण लोधी, डीडीसी भुल्लन वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जैदपुर के बघौरा गांव में जनसंपर्क करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

कड़ी सुरक्षा में हुई आरओ-एआरओ परीक्षा

जिलेभर में बनाए गए थे 37 केंद्र, डीएम और एसपी ने लिया व्यवस्था का जायजा

पुख्ता इंतजाम

- पहली पाली में 4306 व दूसरी में 4364 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित
- आयोग द्वारा भेजी गयीं पर्यवेक्षक ने केंद्रों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले के विभिन्न केंदों पर लोक सेवा आयोग की आरओ व एआरओ की परीक्षा कड़ी सुरक्षा में रविवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो हुई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त की गयीं पर्यवेक्षक भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करती रहीं।

जिले में कुल 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां 16303 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 11997 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसमें से 4306 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 11939 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। 4364 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरओ व एआरओ प्रारंभिक परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आयोग द्वारा नियुक्त समन्वय पर्यवेक्षक पूनम सचान ने बताया कि उन्होंने खुद परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया है। कहीं से भी किसी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।

एक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम और एसपी।

छह दिन तक युवती से गैंगरेप

रामनगर, बाराबंकी

वारदात

- सब्जी लेने बाजार गयी महिला को अगवा कर बनाया बंधक
- किसी तरह चंगुल से छूटी पीड़िता, एक आरोपी दबोचा गया

अमृत विचार: समुदाय विशेष के दो युवकों द्वारा विवाहिता को घर में बंधक बनाकर छह दिनों तक गैंगरेप किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दरिंदों के चंगुल से किसी तरह से छूटकर घर पंहुची विवाहिता ने अपनी मां को पूरी जानकारी दी। मामला थाने पहुंचा तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के यहां दबिश देकर एक को हिरासत में लिया है।

थाना क्षेत्र के एक इलाके की 22 वर्षीया विवाहित युवती अपने मायके मे रह रही है। वह बीती 4 फरवरी की सुबह सब्जी लेने बाजार गई थी जहां से दो लोग उसे बहला फुसलाकर अपने घर ले गए। उसे घर में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। इस बीच घर के परिजन इधर उधर ढूंढ रहे थे मगर पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं दी। वह 10 फरवरी की शाम को किसी तरह आरोपियों के घर से भाग कर अपने घर आई। उसने बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म की बात अपनी मां को बतायी। उसकी मां उसे रविवार सुबह थाने लेकर पहुंची और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों के यहां तत्काल दबिश दी जहां एक आरोपी अनवारुल उर्फ़ बाबा खां पकड़ में आ गया। उसे हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। दूसरा आरोपी अरमान फरार है जिसकी तलाश में पुलिस लगी है। पीड़िता को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। इस संबंध में कोतवाल ने बताया कि अनवारुल उर्फ बाबा खां व अरमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनवारुल को हिरासत में लिया गया है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया दूसरे की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : नगर पंचायत बेलहरा के भटवामऊ स्थित शेख नत्थन शाह बाबा के उर्स के मौके शनिवार रात आल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन पूर्व प्रधान मुश्ताक खां से सौजन्य से किया गया।

अध्यक्षता मुख्य अतिथि प्रो.अली खान राजा महमूदाबाद ने किया। संचालन नदीम फर्रुख ने किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया, फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर शामिल हुए। श्री खान ने कहा कि मिलजुलकर रहने से ही देश और समाज आगे बढ़ेगा, नफरत का जवाब प्यार से देना चाहिए। प्रसिद्ध शायर एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने पढ़ा, हमने रब की रजा पे छोड़ा है,उस अदालत में फैसला होगा। उस्मान मीनाई ने पढ़ा हद से गिरी जुबान है हद से गिरे बयान। निकहत मुरादाबादी, सुफियान प्रतापगढ़ी, नज्मे हसन प्रतापगढ़ी,शराफत बिसवानी,हसन नईमी,वसीम रामपुरी,तालिब आलापुरी, हलचल टांडवी, सना लहरपुरी, शहबाज तालिब,नय्यर शकेब आदि ने अपना कलाम पेश किये।

पत्नी का पति पर पिटाई का आरोप

बनीकोडर बाराबंकी, अमृत विचार : पत्नी ने पति पर पिटाई का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता की ओर से मामले की तहरीर मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। असंद्रा थाना क्षेत्र के मवईया गांव निवासिनी सुमन तिवारी का कहना है कि उसके पति सतीश चंद्र नशेड़ी प्रवृत्ति के व्यक्ति का है। शनिवार की देर शाम नशे में गाली गलौज करने लगा। रोकने पर गुम्मों से मारने लगा। बचाने आई बेटी स्वाति, सास शैल कुमारी की भी पिटाई कर दी।असंद्रा थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना है कि महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

विदेश भेजने के नाम पर लाखों ठगे

मसौली बाराबंकी

जालसाजी

- सऊदी अरब भेजने के नाम पर 3.15 लाख रुपये का लगाया चूना
- तीनों पीड़ितों ने डीएम-एसपी से की शिकायत, जालसाज पर केस

अमृत विचार : सऊदी अरब भेजने के नाम पर तीन लोगों से 3 लाख 15 हजार रुपये की ठगी करने वाले मो. आफ़ताब के विरुद्ध डीएम व एसपी के निर्देश पर थाना मसौली मे मुकदमा दर्ज किया गया है। वह दर्जनों लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी कर चुका है।

शनिवार को थाना मसौली मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे मौजूद डीएम व एसपी के समक्ष बड़ागांव निवासी जान मोहम्मद, उस्मान व हकीक ने शिकायत की कि करीब एक वर्ष पूर्व बड़ागांव निवासी मो. आफ़ताब ने सऊदी अरब भेजने के लिए कुल 3 लाख 15 हजार रुपये लिये थे। जब भी वे लोग सऊदी अरब भेजने के लिए कहते तो वह टालमटोल करता था। जुलाई 2023 में आफ़ताब ने तीनो लोगो से कहा कि सऊदी अरब का कोई वीजा नहीं है। दुबई मे प्लंबर के तीन वीजे हैं अगर जाना चाहो तो चले जाओ। पैसा फंसा होने के कारण तीनों दुबई जाने को तैयार हो गये। 10 अगस्त को उसने तीनों लोगों को लखनऊ एयरपोर्ट पर बुलाया। वहां एक-एक महीने का टूरिस्ट वीजा देते हुए कहा कि तुम लोग दुबई पहुंचों वहां पर कम्पनी से दो दो साल का वीजा मिल जाएगा। जालसाज की बातों मे फंस कर तीनो पहली अगस्त को दुबई पहुंच गये। दुबई एयरपोर्ट पहुंचते ही तीनो को अहसास हुआ कि उनके साथ ठगी की गयी है क्योंकि आफताब ने जिस एजेंट का नंबर दिया था वह दुबई मे न होकर भारत में ही था। बहरहाल तीनो अपने खर्च से बतायी गयी कम्पनी के गेट पर पहुंचे तो वहांके कर्मचारियों ने बताया कि यहां प्लंबर का काम नहीं होता है। तीनो ने आफ़ताब से सम्पर्क किया तो उसने बताया कि वहीं रुको। एजेंट लेने आयेगा। एजेंट नहीं आया तीनों ने अपने-अपने घरों से पैसा मंगाया और 20 अगस्त को घर वापस लौट आये। पुलिस मे शिकायत भी की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

सार-संक्षेप

प्रवास कर घर-घर दी योजनाओं की जानकारी

ग्रामसभा सिहारी में महिला को पत्रक देते भाजपा नेता सीए अश्वनी कुमार।

बाराबंकी, अमृत विचार : गांव चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा सिहाली,फतेहपुर में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सीए अश्वनी कुमार श्रीवास्तव ने प्रवास किया। प्रवास के दौरान गांव के लोगों से घर-घर जाकर मुलाकात की और प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं योजनाओं से संबंधित पत्रक भी बांटे। गांव चलो अभियान के अंतर्गत जनता में मोदी को लेकर काफी उत्साह दिखा, साथ में शक्ति केन्द्र संयोजक दिनेश लोधी, बूथ अध्यक्ष कपिल शर्मा, बूथ अध्यक्ष उमेश कुमार, प्रधान अभय कुमार वर्मा, सुनील कुमार श्रीवास्तव, श्याम, गिरीश लोधी, शिव लाल गुप्ता, राजमल जायसवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा के युवा नेता समेत कई कांग्रेस में हुए शामिल

भाजपा के युवा नेता का स्वागत करते कांग्रेस के पूर्व सांसद पीएल पुनिया।

हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार : पिछले एक दशक से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे कस्बा निवासी युवा नेता रोहित मिश्रा ने रविवार को कांग्रेस नेता डॉ. पीएल पुनिया व उनके पुत्र तनुज पुनिया की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। वह हैदरगढ़-रायबरेली मार्ग स्थित आवास से वाहनों के काफिले से बाराबंकी स्थित पुनिया के आवास पहुंचे। रोहित मिश्रा ने कांग्रेस नेता अभिषेक वाजपेयी के नेतृत्व में दर्जनों साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सियाराम, अली रिज़वी, राम किशोर, रामराज, हरिनाम, पंकज, संजय, देशराज, सुरेश आदि मौजूद रहे।

झाड़ियों में मिली नवजात, फायरब्रिगेडकर्मी ने पहुंचाया अस्पताल

हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार : लोक लाज के भय से नहर के किनारे झाड़ियों में 48 घंटे की नवजात बालिका मिली। मॉर्निंग वॉक पर निकले फायर कर्मी द्वारा नवजात के रोने की आवाज सुन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में लाकर भर्ती कराया। जहां पर उपचार के बाद नवजात को बेहतर इलाज के लिए चाइल्ड केयर यूनिट बाराबंकी के लिए रेफर कर दिया गया। अग्निशमन केंद्र हैदरगढ़ में वाहन चालक के पद पर कार्यरत दुर्गा शंकर पांडेय रविवार की सुबह कोतवाली के बगल से गुजरी लिल्हौरा रजवहा पर अपने अन्य साथियों के साथ मॉर्निंग वॉक को जा रहे थे। तभी उन्हे नहर के किनारे झाड़ियों से किसी नवजात के रोने की आवाज सुनाई पड़ी। नजदीक जाने पर झाड़ियों के बीच एक नवजात बालिका एक छोटे से कपड़े के टुकड़े में लिपटी हुई बेहोशी की हालत में मिली। इसके बाद श्री पांडेय ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. उमंग वर्मा एवं फार्मासिस्ट अमरीश मिश्रा, स्टॉफ नर्स संदीप द्वारा उपचार शुरू किया गया। दोपहर बाद नवजात को महिला कांस्टेबल एवं आशा बहू के संरक्षण में चाइल्ड केयर यूनिट बाराबंकी के लिए रवाना कर दिया गया। फार्मासिस्ट अमरीश मिश्रा ने बताया कि सुबह जब बच्ची को अस्पताल लाया गया तब वह बेहोश थी। इसके बाद उसे एनबीएस यूनिट में भर्ती कर उपचार किया गया। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसकी हालत में सुधार आया।

पुलिस ने आठ जुआरियों को किया गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : कोठी व घुंघटेर थाने की पुलिस ने रविवार को आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक कन्हैयालाल यादव, उत्तम गुप्ता, शोभित शर्मा व रियाज निवासीगण ग्राम शाहपुर मजरे सेमरावा थाना कोठी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 1320 रुपये बरामद किये गये। थाना घुंघटेर पुलिस ने जुआ खेल रहे मो. लतीफ निवासी ग्राम सिंहतरा गढीं थाना घुंघटेर, अंकुल, सत्यपाल, अजय निवासीगण ग्राम सिंहतरा का पुरवा मेहावन थाना घुंघटेर को गिरफ्तार किया।

13 से मदरसा, 15 से संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले में 13 फरवरी से प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद तो 15 फरवरी से संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षा कड़ी निगरानी में कराई जाएगी। इसके लिए अल्पसंख्यक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से तैयारी की गई है। परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के साथ ही सचल दल व सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत अन्य की तैनाती की गई

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बालेंदु द्विवेदी ने बताया कि 13 से 21 फरवरी के बीच सेकंडरी और सीनियर सेकंडरी परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए जिले में 12 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 3,074 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें 1531 छात्र तो 1543 छात्राएं शामिल हैं। मुंशी व मौलवी (हाईस्कूल), आलिम (इंटरमीडिएट), कामिल (स्नातक) और फाजिल (परास्नातक) के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए ब्लॉक स्तर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, पिछड़ावर्ग और समाज कल्याण अधिकारी की अगुवाई में सचल दल भी परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा। दोनों पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। वहीं बाह्य केंद्रव्यवस्थापक के साथ ही आंतरिक केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई जाएगी।

पांच केंद्रों पर होंगे संस्कृत बोर्ड के इम्तिहान

15 से 29 फरवरी बीच संस्कृत बोर्ड की भी परीक्षा कराई जाएगी। पूर्व मध्यमा द्वितीय खंड (हाईस्कूल), उत्तर मध्यमा प्रथम खंड (कक्षा-11) और उत्तर मध्यमा द्वितीय (इंटरमीडिएट) की परीक्षा में विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर जिले में पांच केंद्र बनाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि तैयारी पूरी कर ली गई है। शांतिपूर्ण और नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सचल दल के साथ ही मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा कराई जाए।

जमीन के विवाद में मारपीट, मुकदमा

बनीकोडर बाराबंकी, अमृत विचार : दो पक्षों में जमीन विवाद लेकर मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

असंद्रा थाना क्षेत्र पूरे गोडियन मजरे सूर्यपुर गांव निवासिनी श्रीमती पत्नी पितम्बर की तहरीर के मुताबिक घर पर विपक्षियों के द्वारा गंदगी फेंकने का विरोध करने पर लखन लाल, बाबूलाल,शकुंतला,शिल्पी,धर्मराज आदि ने लाठी डंडों से पिटाई कर दी। वही गांव निवासिनी शिल्पी पत्नी धर्मराज का आरोप है कि सहन की भूमि कब्जेदारी को लेकर पड़ोसी पुत्तन आदि से विवाद चल रहा है।इसी विवाद के चलते पीतांबर अपने परिजनो के साथ मिलकर पिटाई कर दी।

भक्त प्रह्लाद की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

श्रीमद्भागवत कथा

मसौली,बाराबंकी

अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम गोढवा ग्वारी में स्थित आदि शक्ति दुर्गा माता मन्दिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सीतापुर से पधारी कथावाचिका गौरी किशोरी ने भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाई। जिसे सुन श्रोता भाव-विभोर हो गए।

कथावाचिका ने श्रद्धालुओं को बताया कि राजा हिरण्यकशिपु खुद को ईश्वर समझता था। भक्त प्रह्लाद से उसके पिता हिरण्यकश्यप ने नारायण के नाम को न लेने को लेकर सभी प्रयास किये लेकिन उसके हर प्रयास असफल रहा। क्योंकि प्रभु प्रह्लाद की रक्षा कर रहे थे। उसके पिता ने होलिका के साथ अग्नि में बैठाया। पहाड़ से प्रह्लाद को फिंकवाया गया। इसके साथ साथ पांच दिन तक बंदी गृह में रखा। खाने तक के लिए कुछ नहीं दिया। उसके बाद भी प्रह्लाद नारायण नारायण का जाप करते रहे वहीं उनको तनिक भी परेशानी नहीं आई क्योंकि भगवान अपने भक्तों की हमेशा रक्षा करते हैं। इस मौके कथा आयोजन पुजारी रामपाल, संतोष, सागर, सुरेश, देशराज आदि थे।

कार्यक्रम जयंती पर याद किए गए पूर्व केंद्रीय मंत्री, समाधि स्थल पर अर्पित किए गए श्रद्धासुमन

नेतृत्व क्षमता के कारण बेनी प्रसाद वर्मा ने बनायी अलग पहचान

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी:

अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री व समाजसवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती पर रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बाबूजी की समाधि स्थल मोहनलाल डिग्री कॉलेज पहुंचकर कर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अपनी गजब की नेतृत्व क्षमता के कारण बेनी प्रसाद वर्मा ने अलग छवि व पहचान बनायी।

उन्होंने बाबूजी के दिखाए हुए रास्ते और विचारों पर चलते हुए जन सामान्य के हर सुख दुख में उनके साथ खड़े होने की शपथ ली। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, राष्ट्रीय प्रवक्ता फराजुद्दीन किदवई, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा बबलू, नसीम कीर्ती, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, हशमत अली गुड्डू, मेराज प्रधान, किशन रावत,सुभाष यादव,आकाश यादव,संतोष रावत ने भी बाबूजी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

सपा कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि श्री वर्मा से उन्हें काफी सीखने को मिला। अपनी गजब की नेतृत्व क्षमता के कारण उन्होंने अलग छवि व पहचान बनाई। मुलायम सिंह यादव के साथ मिलकर पूरे देश व प्रदेश में विकास की नयी गंगा बहाई।

सपा महासचिव हिमांशु यादव के संचालन व सपा उपाध्यक्ष कामता यादव की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सबाह प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, दिनेश वैश्य, नसीम कीर्ति सपा कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा महिला सभा जिला अध्यक्ष पूनम यादव छात्र सभा जिला अध्यक्ष मोनू रावत आदि प्रमुख थे।



बेनी प्रसाद वर्मा की समाधि पर पुष्प अर्पित करते सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप व अन्य। अमृत विचार

एक नजर

20 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस के मुताबिक सुशील कुमार निवासी ग्राम पण्डितपुरवा थाना मोहम्मदपुर खाला, शोभाराम निवासी ग्राम बसन्तपुर मंझारा थाना मोहम्मदपुर खाला, सुनील कुमार निवासी ग्राम भीखमपुर मजरे पंतौजा थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के पास से कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

विशाल पार्क के बीच स्थापित होगा सप्तऋषि धाम

कवायद

- श्रीराम के गुरुधाम को संवारने के प्रयास में जुटा प्रशासन
- बड़ी देवी मंदिर व चन्द्रप्रभु के मंदिरों को मिलेगा नया आकार

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

आश्रम में स्थापित सप्तऋषियों की प्रतिमाएं। अमृत विचार

अमृत विचार : जिला प्रशासन की कार्ययोजना यदि सफल रही तो अयोध्या जाने वाले पर्यटक प्रभु श्रीराम के गुरुधाम यानी सप्त ऋषि आश्रम आए बिना नहीं रह सकेंगे। यहां स्थित मंदिरों को भव्यता प्रदान करने के साथ-साथ रेठ नदी के तट पर एक विशाल पार्क के निर्माण की तैयारी है। इसके लिए फिलहाल आसपास की जमीन का ब्योरा तैयार कराया जा रहा है।

कार्ययोजना में जो जमीन शामिल की जा रही है उनमें तीन अलग-अलग ट्रस्ट दावेदार हैं। एक ट्रस्ट बड़ी देवी मंदिर का है जिसे सप्त ऋषि धाम के नाम से भी जाना जाता है। दूसरा ट्रस्ट उदासीन अखाड़े का है, जहां अत्यंत प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं। चंद्र प्रभु मंदिर के रूप में यह स्थान जाना जाता है। जहां सप्तऋषि धाम का भी बैनर तक लगा हुआ है। तीसरा ट्रस्ट एक जड़ी-बूटी के जरिए आयुर्वेदिक दवाओं का निर्माण करने वालों का है। तीनों ट्रस्टों के पास मिलाकर लगभग 70 बीघा एकड़ से अधिक जमीन है। जिला प्रशासन ने संबंधित ट्रस्टों के पदाधिकारियों से बातचीत भी शुरू कर दी है। इन तीनों ट्रस्टों से यदि समझौता हो जाता है तो इससे सटकर बहने वाली रेठ नदी के पास भी काफी जमीन है। रेठ नदी की ओर जाने वाले रास्ते पर बड़ी देवी का मंदिर स्थापित है। इसी मंदिर में सप्त ऋषियों गुरु वशिष्ठ, गौतम ऋषि, विश्वामित्र, जमदग्नि, भारद्वाज, कश्यप ऋषि व अत्रि मुनि की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर के पुजारी बाबा विशाल दास बताते हैं प्रतिमाएं 500 साल से अधिक पुरानी हैं। मां बड़ी देवी की प्रतिमा भी अति प्राचीन है। इसे बाद में पुनः स्थापित किया गया।

उदासीन आश्रम पहले मिट्टी से ही बना था। बाद में मंदिर का कुछ हिस्सा ईंटों से बनाया गया। जो जीर्ण-शीर्ण हो चुका है। मंदिर में बैठे पूर्व प्रधान मिश्री लाल यादव बताते हैं कि यही असली सप्त ऋषि आश्रम है। यहां अत्यंत प्राचीन कई मूर्तियां दबी हुई हैं। कुछ मूर्तियां रखी हैं। चन्द्रप्रभु की मूर्ति तो बाद में आए एक संत ने स्थापित की थी। तीसरे हिस्से पर जड़ी बूटियों की खेती होती है। यहां मिले वैद्य केपी तिवारी बताते हैं कि एसडीएम का फोन आया था। अभी सही स्थिति सामने नहीं आयी है।

धाम को पर्यटन केंद्र बनाने की है योजना

सप्तऋषि धाम के आसपास जो जमीन स्थित है, उस पर तीन अलग-अलग ट्रस्टों का मालिकाना हक है। हम उनसे बातचीत कर रहे हैं। बातचीत सफल रही तो हमारी योजना इस धाम को विकसित कर भव्य पर्यटन केंद्र के बनाने की है। एक विशाल पार्क का निर्माण कर रेठ नदी के तट तक जोड़ा जाएगा। इसके लिए जरूरी होगा कि तीनों ट्रस्ट राजी हों।

-सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी

माघ मेला से लौटे श्रद्धालुओं ने महादेवा में किया जलाभिषेक

रामनगर, बाराबंकी

महादेवा में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

अमृत विचार : माघ मेला से वापस हुए श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध शिव मंदिर पर लगा रहा। लोगों ने शिवलिंग का जलाभिषेक व पूजा अर्चना कर परिवार की कल्याण की कामना की।

ज्ञात हो कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में स्नान व सन्त समागम के लिए स्थानीय सहित आसपास के सीतापुर, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, रायबरेली, लखनऊ सहित कई जनपदों के श्रद्धालु मेले में गए थे। माघ मेले से वापस लौटते समय यह सभी लोग लोधेश्वर महादेव के प्रसिद्ध शिव मंदिर में जाकर पूजन अर्चन के बाद साथ में लाए हुए गंगाजल से जलाभिषेक कर मनोवांछित फल की कामना की। रविवार को सुबह से देर शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

26 लाख लोगों की थाली से दूर रहेगी बाजरे की रोटी, नहीं हुआ आवंटन

चावल की मात्रा में कटौती कर मार्च माह से वितरण करने की है योजना

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: जिले में करीब 26 लाख लोगों को मार्च माह से बाजरे का मुफ्त वितरण होगा कि नहीं इस पर अभी संशय बना हुआ है क्योंकि खाद्य एवं रसद विभाग को अभी जिले का आवंटन नहीं मिला है। वहीं शासनस्तर से अंत्योदय कार्ड पर सात किलो और पात्र गृहस्थी की प्रत्येक यूनिट पर एक-एक किलो बाजरा देने की व्यवस्था की गई है। गेहूं व चावल के साथ बाजरे के वितरण को लेकर तैयारी करने के निर्देश पूर्व में दिए गए थे।

मोटे अनाज का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। सरकार भी मोटे अनाज को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए जिले स्तर पर अब तक कई बड़े आयोजन भी हो चुके हैं। लंबे समय बाद बाजार में मोटा अनाज भी आसानी से मिलने लगा है। करीब 50 साल पहले कोटे की दुकानों से जरूरतमंदों में मोटे अनाज का ही ज्यादा वितरण किया जाता था, लेकिन बाद में उत्पादन ठप होने के कारण गेहूं, चावल का ही वितरण जरूरतमंदों में किया जा रहा है। सरकार ने अब सभी जरूरतमंदों की थाली में मोटा अनाज परोसने का निर्णय लिया है।

अगले महीने से जिले में बाजरे का वितरण कार्डधारकों में होगा लेकिन इस पर अभी संशय बना हुआ है। क्योंकि खाद्य एवं रसद विभाग को जिले में इसका आवंटन ही नहीं मिला है। ऐसे में अगले माह बाजरे का वितरण होगा कि नहीं यह कहना जल्दबाजी होगी। वहीं चावल और गेहूं का आवंटन होने की बात कही गई है।

पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों के चावल में होनी थी कटौती

पात्र गृहस्थी के कार्डों की प्रत्येक यूनिट को अब तक तीन किलो चावल व दो किलो गेहूं मिलता था, लेकिन मार्च माह से प्रत्येक यूनिट को एक किलो बाजरा के साथ दो किलो चावल व दो किलो गेहूं मिलने की व्यवस्था की गई है लेकिन बाजरे का आवंटन न होने से ऐसी स्थिति में चावल की मात्रा में कटौती होगी कि इस पर भी तस्वीर साफ नहीं है। अधिकारी अभी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं।

फरवरी माह का राशन पाने के इंतजार में लाभार्थी

फरवरी माह के राशन का वितरण अभी शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में लाभार्थी अभी अनाज पाने के इंतजार कर रहे हैं। विभाग का कहना है कि जल्द ही वितरण की तिथि जारी की जाएगी। इसके बाद सभी कोटे की दुकानों से नियमानुसार राशन का वितरण कराया जाएगा। कोटे की दुकानों पर राशन पहुंच रहा है।

आंकड़ों पर एक नजर

राशनकार्डों की संख्या व लाभार्थी

पात्र गृहस्थी	5,25,324-22,68,851
अंत्योदय	1,13,803-3,59,678
कुल	6,39,127-26,28,529

शासन के निर्देश का किया जाएगा पालन

जिले में मार्च माह से अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के राशन कार्डधारकों में गेहूं और चावल के साथ बाजरे का वितरण को लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है क्योंकि बाजरे का आवंटन अभी नहीं मिला है। जैसे निर्देश होगा उसके अनुसार पालन कराया जाएगा।

-राकेश तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी।

पुल की टूटी रेलिंग बनी खतरे का सबब

पुल की टूटी रेलिंग व क्षतिग्रस्त मार्ग।

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार: जौनपुर ब्रांच नहर पर चिलूला गांव के पास बने पुल की रेलिंग टूट जाने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। बांदा-बहराइच राजमार्ग पर हैदरगढ़ चीनी मिल के निकट से निकली जौनपुर ब्रांच नहर पर बना पुल लगभग दो माह पहले क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन के लिए बंद कर दिया गया था। जिसके बाद इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों ने चिलुला गांव के पास स्थित पुल से आवागमन शुरू कर दिया था। लगभग एक माह पूर्व किसी वाहन की टक्कर से पुल पर बनी सुरक्षा दीवार टूटकर गिर गई थी। जिसे आज तक मरम्मत नहीं कराई गई है। इस पुल पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

पॉलिटेक्निक को उद्घाटन का इंतजार

हीलाहवाली

- 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश ने रखी थी आधारशिला
- शुरुआत से पहले ही झाड़ियों से पट गया है पूरा परिसर

फतेहपुर, बाराबंकी

राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज का भवन। अमृत विचार

अमृत विचार : राजकीय महिला पॉलिटेक्निक करीब 17 करोड़ की लागत से बनकर पूरी तरह से तैयार है लेकिन अभी तक उसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। पॉलिटेक्निक के परिसर में हर तरफ झाड़ियां ही दिखाई पड़ रही है। क्षेत्र की छात्राओं का इस पॉलिटेक्निक में पढ़ना अब सपने जैसा लगने लगा है।

सपा सरकार में तीन जून 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कस्बे की कांशीराम कॉलोनी के निकट राजकीय महिला पॉलिटेक्निक का शिलान्यास किया था। जब पॉलिटेक्निक का निर्माण शुरू हुआ तो क्षेत्र की पढ़ने वाली छात्राओं को आस जगी थी कि उनको इसमें पढ़ाई कर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। सपा सरकार जाते ही निर्माण कार्य की प्रगति काफी धीमी हो गई। निर्माण पूर्ण होते-होते छह वर्ष बीत गए। करीब 17 करोड़ की लागत से पढ़ाई कक्ष, प्रैक्टिकल कक्ष, आवास, कैंटीन सहित अन्य निर्माण कार्य कराये गए थे।

इस समय पॉलिटेक्निक परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग गई हैं, जो कि दीवारों से भी ऊपर निकल रही है। करोड़ों खर्च होने के बाद भी क्षेत्र की छात्राओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इतने लंबे अंतराल के बाद भी पॉलिटेक्निक का संचालन शुरू न होने के कारण इंटर पास करने वाली कई छात्राओं को दूरदराज जाने को विवश होना पड़ रहा है। अब इसका संचालन कब शुरू होगा इसका कोई पुख्ता प्रमाण नही दे पा रहा है।

सूत्रों की मानें तो पॉलिटेक्निक कॉलेज का भवन हैंडओवर भी किया जा चुका है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए पॉलिटेक्निक कालेज को संचालित कराने की मांग की है।

मोतियाबिंद के हुए 3050 ऑपरेशन

शिविर

- श्री रामवन कुटीर आश्रम पहुंचे पूर्व सांसद ने मरीजों का जाना हाल
- पांच हजार मरीजों ने कराया है ऑपरेशन के लिए पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

मरीजों का ऑपरेशन करते चिकित्सक। अमृत विचार

अमृत विचार : श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में चल रहे निःशुल्क सर्जरी आपरेशन शिविर का उद्घाटन पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने किया। डॉ. पुनिया का स्वागत शिविर निदेशक डॉ. जेके छापरवल उदयपुर व डॉ. अर्चना अग्रवाल लखनऊ ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान श्री पुनिया ने देशभर से मरीजों की सेवा करने आये सेवाभावी डॉक्टरों से भेंट की व मरीजों के वार्ड में जाकर मरीजों का हाल-चाल जाना। साथ ही रोगहरण हनुमान जी के दर्शन कर मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि इस वर्ष 5000 मरीजों ने नेत्र (मोतियाबिन्द) के ऑपरेशन के लिए अपना पंजीकरण कराया था। जिसमें से 3050 नेत्र के ऑपरेशन फेको विधि से किये गए। शेष बचे मरीजों की ओपीडी कर उन्हें निःशुल्क परामर्श दवायें देकर विदा किया गया। आपरेशन किये हुए मरीजों को एक माह बाद फालोअप कर चश्मे दिये जायेंगे। वहीं शिविर में एक वर्ष से लेकर 50 वर्ष के मरीजों ने अपना हार्निया, हाइड्रोशील, पाइल्स के ऑपरेशन के लिए पंजीकरण कराया है। पहले दिन 150 हार्निया, हाइड्रोशील, पाइल्स के ऑपरेशन किए गए हैं। इस अवसर पर सीएमओ कार्यालय से डॉ. डीके श्रीवास्तव, टीएन वर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया।

पुत्री को भगाने का आरोप, मुकदमा

जहांगीराबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : जहांगीराबाद थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मेढ़िया निवासी युवक पर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेढ़िया निवासी अमित उनकी पुत्री को बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

जमीन खरीदने के मामले में धोखाधड़ी

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार: धोखाधड़ी के आरोप में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। ग्राम पूरे तिलक के हरीश कुमार सोनी ने आरोप लगाया कि धर्मराम ने तीन लाख पैंसठ हजार रुपये लिए थे। मांगने पर धर्मराम ने छह लाख में अपनी भूमि का इकरारनामा किया था। इसके बाद धर्मराम ने उक्त भूमि को पत्नी सीमा के पक्ष में दान कर दी।

फुट ओवरब्रिज तोड़े जाने से बढ़ी मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: गांधीवादी चिंतक एवं वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता राजनाथ शर्मा ने रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज को तोड़े जाने का विरोध जताया है। श्री शर्मा ने बताया कि बाराबंकी जंक्शन के पुराने रेल भवन के ध्वस्तीकरण की करवाई सबसे पहले फुट ओवरब्रिज से हुई है। यह फुट ओवरब्रिज सिर्फ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 से 4 तक पहुंचने रास्ता नहीं था बल्कि स्टेशन के दूसरी तरफ बंकी नगर पंचायत में रहने वाली जनता और स्कूली बच्चों के आवागमन का एक मात्र रास्ता था। जिसे बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था के तोड़ा जाना दुर्भाग्यपूर्ण एवं जन विरोधी है।

बताते चले कि नॉर्दन रेलवे खंड के बाराबंकी जंक्शन के रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण का कार्य शुरू हो गया। यह रेलवे स्टेशन देश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशन की शुमार में है, जिसका 1940 में स्टेशन की मरम्मत व जीर्णोद्घार कराया गया। पिछले साल के आम बजट में इसे केंद्र सरकार की अमृत योजना में चयनित कर लिया था। जिस स्टेशन को संवारने के लिए रेलवे ने 36 करोड़ रुपये मंजूर किए है। श्री शर्मा ने कहा कि रेलवे स्टेशन के भवन को हाईटेक बनाने से पहले फुट ओवरब्रिज की सीढ़ी को तोड़ने से यात्रियों के साथ ही दैनिक राहगीरों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0- 0879001 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0- 0457232 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 9044510744 पर सम्पर्क करे। **मो इमरान अंसारी उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र मुन्डैवर अली निवासी- 11/31 गिरधारी लाल का हाता, शूटरगंज कानपुर नगर।**

सूचना

सूचित हो मैं **सरला पत्नी लल्ली, निवासिनी 312, तरहिया, तहसील- बख्शी का तालाब, लखनऊ,** मेरे मतदाता पहचान पत्र संख्या FPP5879929 पर मेरा नाम सरला अंकित है, जो सत्य व सही है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 7544 8709 0243 में मेरा नाम त्रुटिवश राम दुलारी अंकित हो गया है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राम दुलारी के स्थान पर सरला अंकित किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं **संतोष कुमार प्रसाद पुत्र श्री गंगा विष्णु प्रसाद, वर्तमान पता- 561/541, न्यू सिंधु मानस नगर, कृष्णा नगर, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी पुत्री का बैंक पास बुक व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम संध्या ठाकुर अंकित है, जो कि सत्य है। जबकि उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश कुमारी संध्या अंकित हो गया है। जिसे संशोधित कर शुद्ध व सही नाम संध्या ठाकुर (SANDHYA THAKUR) अंकित किया जाय।

NOTICE

All common people are informed. The name of the applicant was Alok Mishara, now according to the records it has become Alok Kumar Mishra, hence now in future the applicant Should be known and known as Alok Kumar Mishra. Applicant-**Alok Kumar Mishra son of Anil Kumar Mishra Village Karanpur Post Babhnan Sugar Mill District Gonda**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम — **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या-224001 ई-मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें]

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **14.03.2024** (समयः प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई.नीलामी में "जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** के माध्यम से ऑनलाइन ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई-नीलामी में वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के द्वारा दिनांक **14.03.2024** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

ऑनलाइन ई-नीलामी के आध्यम से बेबसाइट : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp नीलामी की तिथि व समय - 14.03.2024
समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : ई-नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले

1. उधारकर्ता का नाम 2. जमानतकर्ता का नाम 3. शाखा	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13 (2) सरफेसी नियम 2002 ब) कब्जा की तिथि स) बकाया राशि द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक)	अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि द) प्राधिकृत अधिकारी
शाखा : रायबरेली मुख्य शाखा (30240)			
उधारकर्ता : मैसर्स सम्राट इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मोबाइल्स, अइपरगंज, निकट घंटा घर चौराहा, रायबरेली, प्रो श्री रितेश कुमार रस्तोगी पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद, 113, माल खाना, कैपरगंज, रायबरेली, उ.प्र.-229001, **जमानतकर्ताः (1) श्री जगन्नाथ प्रसाद** पुत्र श्री महावीर प्रसाद, 113, माल खाना कैपरगंज, रायबरेली उ.प्र-229001 **(2) श्रीमती कृष्णा रस्तोगी** पत्नी श्री जगन्नाथ प्रसाद रस्तोगी 113 मालखाना, कैपरगंज, रायबरेली,उ.प्र.-229001	बेची जाने वाली अचल सुरक्षित संपत्तियों का विवरण- नजूल प्लॉट नं. 131, ग्राम-अख्तियारपुर, सम्राट होटल, परगना, तहसील-रायबरेली, उ.प्र.,जो कि श्री जगनाथ प्रसाद और श्रीमती कृष्णा देवी सोनार के नाम पर है, माप क्षेत्रफल -265.60 वर्गमीटर। **चौहद्दीः** उत्तर-नाला, दक्षिण-रोड रेलवे स्टेशन, पूर्व-जाविर का घर और रामजी मिश्रा की दुकान, पश्चिम-ओवर ब्रिज से रतापुर की सड़क।	अ) 17.08.2023 ब) 24.11.2023 स) रू. 62,79,216.28 दिनांक 30.04.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क	अ)रू. 01,75,97,000.00 ब)रू. 17,59,700.00 स)रू.1,75,970.00 द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800
उधारकर्ता : मेसर्स श्री राधे गोविंदा बेकर्स, प्रो. श्रीमती सोनिया रस्तोगी, पता-सम्राट बिल्डिंग डबल फाटक, रेलवे स्टेशन के पास, रायबरेली-229001 **जमानतकर्ताः (1) श्री मनीष कुमार रस्तोगी,** पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद रस्तोगी, 113, माल खाना कैपरगंज, रायबरेली, उ.प्र.-229001 **(2) श्री अनूप कुमार मुखर्जी,** पुत्र श्री निर्मल कुमार मुखर्जी, 309, प्रकाश नगर, कैनाल रोड, रायबरेली, उ.प्र.-229001	बेची जाने वाली अचल सुरक्षित संपत्तियों का विवरण- गाटा संख्या 267, ग्राम टांडा, गंगागंज, रायबरेली, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 890 वर्ग है। जोकि संपत्ति श्री मनीष कुमार रस्तोगी के नाम पर है विलेख के अनुसार संपत्ति की **चौहद्दीः** उत्तर-सह खातेदार पूर्णमासी का खेत, दक्षिण-दयाराम का खेत, पूर्व-ग्राम सभा लिंक रोड पूरे हंसा पश्चिम-विश्वनाथ का खेत	अ) 17.08.2023 ब) 24.11.2023 स) रू. 58,66,097.58 दिनांक 30.04.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क	अ)रू. 42,35,000.00 ब)रू. 04.23.500.00 स)रू.42,350.00 द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800
शाखा- बछरांवा, रायबरेली			
उधारकर्ताः मैसर्स कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक्स, श्री हरीश सोनकर (प्रो) महराजगंज रोड, बछरावां, रायबरेली उ.प्र. -229301 **श्री हरीश कुमार सोनकर** पुत्र श्री जगन्नाथ, निवासी मोहल्ला किला, वार्ड नंबर 1, नगर पंचायत बछरावां, परगना बछरावां, तहसील महाराजगंज, जिला. रायबरेली	साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित प्लॉट संख्या 3208, ग्रा.-बछरावां, परगना-बछरावां, तहसील- महराजगंज एवं जिला-रायबरेली, उ.प्र. -229301, क्षेत्रफल 92.936 वर्गमीटर, जोकि श्री हरीश कुमार सोनकर पुत्र श्रीजगन्नाथ के नाम पर है, **चौहद्दीः** पूर्व राजमार्ग बछरावां-लालगंज, दक्षिण-सह-किरायेदार हरीश कुमार का शेष भूखंड, पश्चिम- विशाल का खेत, उत्तर- दिलीप कुमार का भूखंड	अ) 05.06.2023 ब) 16.12.2023 स) रू. 10,20,255.05 दिनांक 30.04.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क	अ)रू. 27,40,000.00 ब)रू. 02,74,000.00 स)रू.27,400.00 द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800
शाखा- रायबरेली, मुख्य शाखा			
उधारकर्ताः मेसर्स श्री लक्ष्मी ट्रेडर्स पार्टनर श्री जितेंद्र मोहन बाजपेयी और श्रीमती लक्ष्मी बाजपेयी, रतापुर चौराहे के पास, लखनऊ से इलाहाबाद हाईवे, रायबरेली, उ. प्र-229001, **जमानतकर्ताः (1) श्री जीतेन्द्र मोहन बाजपेयी** पुत्र सूर्य प्रसाद बाजपेयी निवासी मकान नंबर1 910 वार्ड नंबर 24, निराला नगर रायबरेली, उ.प्र.-229001, **(2) श्री गिरिराज दीक्षित** पुत्र देवानंद दीक्षित निवासी मकान नंबर 65/3 जगदीश पुरम, त्रिपुला चौराहा रायबरेली, उ.प्र-22900	बेची जाने वाली अचल सुरक्षित संपत्तियों का विवरणरू गाटा संख्या 282 एमएल मकान संख्या 910 वार्ड 24, ग्राम अहमदपुर नजूल मोहल्ला निराला नगर, परगना एवं तहसील सदर जिला-रायबरेली, उत्तर प्रदेश में स्थित गृह संपत्ति। जोकि श्री जीतेन्द्र मोहन बाजपेयी पुत्र श्री सूर्य प्रसाद बाजपेयी की 190.00 वर्गमीटर भूमि है। **चौहद्दीः** उत्तर-रास्ता, दक्षिण-राम भरोसे सोनी का घर, पूर्व-जगत नारायण द्विवेदी का घर, पश्चिम-रास्ता फिर कृष्ण कुमार मिश्रा	अ) 11.02.2019 ब) 06.10.2020 स) रू. 40,32,330.88 दिनांक 30.04.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क	अ)रू. 65,42,000.00 ब)रू. 06,54,200.00 स)रू.65,420.00 द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई-नीलामी के नियम व शर्तों तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** हेल्प लाइन ई-मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्तें प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 30 दिन की बिक्री सूचना

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई- नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 11.02.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

एक नजर

खड़े ट्रक से टकराई कार एक गंभीर

बछरावां, रायबरेली : बीते शनिवार की देर शाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरूवा हनुमान मंदिर के पास खड़े ट्रक में एक कार जा घुसी, जिसमें कार सवार गंभीर रूप जख्मी हो गया। कार सवार संदीप पुत्र सूर्य प्रकाश निवासी पीजीआई लखनऊ जगतपुर की एसबीआई शाखा में कैशियर के पद पर कार्यरत हैं। वह देर शाम ड्यूटी के बाद अपने घर जा रहे थे। सूचना पर पहुंची भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस के द्वारा उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां पर उनका प्राथमिक उपचार करने के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्रियंका के लिए राजनीति की राह को आसान करेंगे राहुल

- लोस चुनाव में प्रियंका वाड्रा के उतरने की सुगबुगाहट एक बार फिर से आई तेजी
- रायबरेली में सबसे अधिक मजबूती के संदेश को पूरे देश में देने की तैयारी में कांग्रेसी

दिलीप सिंह, रायबरेली

सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

अमृत विचार : अमेठी में राहुल गांधी के पिछले लोकसभा चुनाव में हार के बाद वापसी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं रायबरेली से वर्तमान सांसद सोनिया गांधी के बजाये प्रियंका वाड्रा के चुनाव में मैदान में उतरने की सुगबुगाहट एक बार फिर से तेज हो गई है। यही वजह है कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश में प्रवेश करने पर अमेठी और रायबरेली में सबसे अधिक मजबूती के साथ कांग्रेसी पूरे देश में संदेश देने की तैयारी में है।

इसकी मुख्य वजह प्रियंका वाड्रा के चुनाव की तैयारी के लिए पृष्ठभूमि तैयार करना है। राहुल गांधी द्वारा रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सहारे बहन प्रियंका के लिए राजनीति राह को आसान करने के लिहाज से भी देखा जा रहा है। यही वजह है कि यात्रा की सफलता और जन-जन तक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से ही कांग्रेस दिग्गजों ने दोनों जिलों में डेरा डाल दिया है। सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा समेत पूर्व मंत्री नकुल दुबे, लोकसभा प्रभारी इंदल रावत समेत तमाम दिग्गज दिन-रात एक किए हुए हैं। उद्देश्य सिर्फ जिले में कांग्रेस को मजबूत बनाना और प्रियंका के आगामी चुनाव में दमदारी के साथ लोगों के बीच लाना है।

अखिलेश के साथ से मजबूत होगा हाथ

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भी साथ मिल रहा है। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट तौर पर यात्रा के साथ अमेठी अथवा रायबरेली में शामिल होने की सहमति दे दी है। संभावना सबसे अधिक रायबरेली में आने की जताई जा रही है। इसके लिए सपाई भी काफी उत्साहित हैं। सपा सुप्रीमो का साथ मिलने से कहीं ना कहीं कांग्रेस जिले में और मजबूत होगी। कांग्रेस के साथ सपा भी जगह-जगह बैठकें करके तैयारी में लग गई है।

सांसद के नहीं आने के जवाब का तलाश रहे विकल्प

भाजपा की ओर से सांसद सोनिया गांधी के चुनाव जीत हासिल करने के बाद से नहीं आने को लेकर लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेसी खेमे में कहीं ना कहीं इसको लेकर बेचैनी भी है। यही वजह है कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेसी विकल्प तलाशने में भी लगे हुए हैं। जनता के बीच जाकर महंगाई, बेरोजगार, कानून व्यवस्था समेत तमाम मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं कांग्रेस इस मुद्दे पर बचती नजर आ रही है।

सांसद प्रतिनिधि ने बूथ स्तर पर मजबूत करने का दिया संदेश

राही ब्लाक के भदोखर स्थित प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल में कांग्रेस संगठन द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे संगठनात्मक स्तर पर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए ब्लॉक के सभी बूथ अध्यक्ष व न्याय पंचायत अध्यक्ष से संवाद कर ब्लॉक से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताने को लेकर रणनीति बनाई।

आरओ का पेपर देख चकराया सिर तो किसी के चेहरे पर आई मुस्कान

- जिले के 39 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 4944 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

संवाददाता, रायबरेली

एफजी कालेज में परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

परीक्षा से पहले जांच कराने के लिए लाइन में लगे अभ्यर्थी।

अमृत विचार: जिले में आरओ और एआरओ परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से रविवार को संपन्न हो गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक बने 39 परीक्षा केंद्रों पर 15577 अभ्यर्थियों में से 4944 अनुपस्थित रहे। इस दौरान गणित के प्रश्न देखकर कई परीक्षार्थियों के होश उड़े रहे। वहीं पेपर में आधी-अधूरी तैयारी करके पहुंचे अभ्यर्थी भी परेशान रहे।

समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा के लिए 39 केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हो गई। 15577 परीक्षार्थी में से पहली पाली में 10704 उपस्थित, जबकि 4873 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 15577 के सापेक्ष 10633 उपस्थित और 4944 अनुपस्थित रहे। इससे पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा कड़ी सुरक्षा में दोनों पारियों में प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। आसपास अभिभावकों आदि को ठहरने नहीं दिया गया। पहली पाली की परीक्षा का आयोजन सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 से 3:30 तक करवाया गया। महराजगंज क्षेत्र में परीक्षा केंद्र बने स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज 384 अभ्यर्थियों में से 251 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं राजा चंद्र चूड़ सिंह विद्यापीठ इंटर कॉलेज में 384 में से 237 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वही दोनो सेंटरों पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट राम मिलन यादव व राजेश यादव ने बताया की सीसी कैमरे के नजर में परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई।

तेज रफ्तार डंपर ने बच्चे सहित पिता को कुचला, दोनों की मौत

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। गदागंज थाना क्षेत्र में रविवार शाम को तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार पिता व मासूम बच्चों को रौंदा दिया। हादसे में पिता व मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया।

गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमधमा गांव के पास रविवार शाम तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल से घर जा रहे पिता अयाज पुत्र सलाम व उसके दो मासूम बच्चों जीशान 4 वर्ष व अस्फिया उम्र 6 वर्ष को रौंद दिया। जिससे अयाज व उसके बेटी अस्फिया की मौके पर मौत हो गई। वही मासूम जीशान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक मौके से डंपर लेकर फरार होने में कामयाब रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घायल मासूम बच्चे को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मासूम की हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाल संतोष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

गरीबों की हितैषी है केंद्र और प्रदेश सरकार

शहीद स्मारक में आयोजित भाजपा की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

सरेनी, रायबरेली। शहीद स्मारक सरेनी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष (सरेनी) दिवाकर मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों की सच्ची हितैषी है। केंद्र पर प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा में परिवारवाद का कोई स्थान नहीं है। बिना भेदभाव के विकास कार्य कराया जा रहा है। भ्रष्टाचारियों को जेल जाना पड़ रहा है। वह चाहे कितना भी प्रभावशाली हो। उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अजय तिवारी, परीक्षित सिंह, अखिलेश यादव, चंद्रकांत, नंदकुमार सिंह, गजाधर लोधी, संतोष कुमार जाटव, चंद्रेश सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, शिवम सिंह, जयदीप अवस्थी, जीत बहादुर सिंह, दिनेश शुक्ला, श्यामबाबू तिवारी, सत्य प्रकाश, विजय कुमार तिवारी, कुंज बिहारी, जितेंद्र त्रिवेदी, प्रभात पवन, सचिन कुमार, वीरपाल सिंह, ऋषि कुमार सिंह, महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रभु परमात्मा का ज्ञान होना मनुष्य को जरूरी

जगतपुर, रायबरेली। निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आए साध संगतो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्षता करते हुए महात्मा राजेश ने कहा कि आज के इस भौतिक युग में हम सफलता कहां कहां नहीं ढूंढ रहे हैं। लेकिन सही मायने में सफलता जीवन की तभी होती है। जब हम इस मानव जन्म को मोल को सार्थक कर पाते हैं। कि मनुष्य जन्म जन्म में कितना दुर्लभ कहा गया है। कि बड़े भाग्य से मनुष्य का तन मिलता है। इसलिए सतंजन कहते हैं कि मनुष्य उनको सफल बनाने के लिए इस प्रभु परमात्मा का ज्ञान होना जरूरी है। इस आत्मा को कल्याण करने के लिए अपने आप की पहचान करना जरूरी है। एक निरंकार सर्वव्यापी सर्व समर्थन प्रभु परमात्मा का ज्ञान देकर मन का नाता इससे जोड़ रहा है। संत जन इसका एहसास करते हुए सभी के साथ प्यार भाईचारे के साथ जीवन जीते हैं। मानवीय गुणो के साथ मानव जीवन को सफल बनाते हैं।

बैटरी और सोलर चुराने वाले दो चोरों को पुलिस ने दबोचा

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। डीह पुलिस ने बैटरी व सोलर पैनल चोरी के कई मामलों का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस को उनके कब्जे से बैटरी व नकदी भी बरामद हुई है। डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह के मुताबिक सात फरवरी को परशदेपुर के कजियाना मुहल्ले में घर के बाहर खड़े ई-रिक्शे से चार बैटरी चोरी हुई थी। मामले की जांच करने पर नगर पंचायत परशदेपुर के वार्ड नंबर पांच निवासी मो. खुर्शीद व वार्ड नंबर आठ निवासी मो. शोएब को गिरफ्तार करने पर उनके कब्जे से चोरी की चार बैटरी, 5200 रुपए नकद व खुर्शीद के कब्जे से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक अक्टूबर 2023 में दोनों ने सलोन कोतवाली के पूरे दत्त खटियारा के आंगनबाड़ी केंद्र से बैटरी व सोलर पैनल व दिसंबर 2023 में सलोन से सोलर पैनल भी चुराया था। चौकी प्रभारी सुनील वर्मा ने बताया कि चोरी की घटनाओं का सलोन कोतवाली व डीह थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। जिसका खुलासा करते हुए दोनों को संबंधित धारा में जेल भेज दिया गया।

बालिका को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति का कहना है कि शुक्रवार की सुबह उसकी बेटी जो 12 वीं की छात्रा है, घर से स्कूल के लिए निकली थी। शाम तक घर वापस लौटकर नहीं आई। शनिवार को उसके दामाद के मोबाइल नंबर पर उसने गाँव के ही युवक के साथ दिल्ली में रहने की जानकारी दी, जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने रविवार को कोतवाली में गांव के ही युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

संवाददाता, रायबरेली। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर के रहने वाले एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड गई। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार वर्मा पुत्र राम उजागर वर्मा निवासी नेहरू नगर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है. जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक डा. एसके सिंह ने बताया कि युवक की हालत गंभीर है।

संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला विवाहिता का शव

संवाददाता, रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के सैम्बसी गांव में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब विवाहिता अनीता का शव घर में फंदे से लटकता मिला। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। गांव पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही विवाहिता के फांसी लगाने की घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाए रही। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार।

वुड कार्विंग क्रॉफ्ट वाराणसी तो किसी को भाया ब्लैक पोटरी निजामाबाद का उत्पाद

संवाददाता, रायबरेली

- निफ्ट में दो दिवसीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा मेले की शुरूआत

अमृत विचार: राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में दो-दिवसीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा मेला का रविवार को शुभांभ किया गया। इस दौरान लोगों ने जमकर खरीददारी की। इसमें विभिन्न जिलों के स्थानीय उत्पादों के स्टाल लगाए गए। इसमें वुड कार्विंग क्राफ्ट वाराणसी तो किसी को भाया ब्लैक पोटरी निजामाबाद का उत्पाद की खरीदारी की। यह मेला 12 फरवरी तक चलेगा।

इससे पहले मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार, रीजनल डाइरेक्टर, डीसी हैंडीक्राफ्ट भारत सरकार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय शिल्प परंपरा को आगे बढाने की यह पहल अनूठी है। देश के विभिन्न कोनों के विद्यार्थी का निफ़्ट मे अध्ययन-अध्यापन करतें हैं और वह अपनी संस्कृति एवं तरीके को उत्तर प्रदेश के शिल्पों मे जोड़ सकतें हैं। निफ़्ट निदेशक नन्दन सिंह बोरा ने कहा की निफ़्ट शुरू से ही भारत के शिल्प, कला व संस्कृति (क्राफ्ट कल्चर) के विरासत को समझने एवं सहेजने को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा की संस्थान के विद्यार्थी लगातार कारीगरों व कामगारों के साथ बेहद करीब से जुड़कर डिज़ाइन का कार्य करते हैं।

सहायक प्रोफेसर प्रवीन श्रीवास्तव ने बताया कि क्राफ्ट बाज़ार में प्रदेश के 40 से अधिक हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्लस्टर के कारीगर अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगा रहे हैं। 20 रुपये से लेकर 30 हज़ार रुपयों तक के हस्त शिल्प इस मेले में बेंचे जा रहे हैं। इसमें कई राष्ट्रीय एवं राज्य-स्तर के पुरस्कार प्राप्त कारीगर प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन लगभग तीन हजार लोगों ने निफ़्ट कैम्पस भ्रमण कर मेले का अवलोकन एवं ख़रीदारी की।

आरोग्य मेले में 73 मरीजों का किया गया उपचार

जगतपुर, रायबरेली। हरदी टीकर पीएचसी मे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 73 मरीजों ने कराया उपचार। रविवार को हरदीटीकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डा. सुफैल अहमद ने की। आरोग्य मेले में 73 मरीजों ने पंजीकरण कराया गया। उन्होंने बताया कि सर्दी, खांसी जुखाम, बुखार हाइपरटेंशन आदि रोगो के मरीजों ने उपचार करवाया।

केंद्रीय मंत्री के आगमन की तैयारी शुरू, बैठक में बनाई गई रणनीति

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की रैली को लेकर भाजपा की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। बेनी माधवगंज, लालगंज और गेगासो मंडलों के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठकें हुई है। भाजपा नेता सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी और सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ रैली में अधिक से अधिक लोगों को जुटाने के बाबत रणनीति बनाई। कहा कि केंद्रीय मंत्री की रैली में प्रत्येक बूथ से 50 कार्यकर्ता शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा भी रायबरेली आ रही है। भारतीय जनता पार्टी न्याय यात्रा से पहले एक बड़ी जनसभा कर विपक्षियों को बड़ा संदेश देना चाहती है। बैठक को लालगंज प्रवासी मनीष अग्रवाल और गेगासो प्रवासी रमाकांत मिश्रा ने भी संबोधित किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों को तेजी से पूरा करने के बाबत दिशा निर्देश दिया।

इस मौके पर भाजपा नेता अनूप पांडे, मंडल अध्यक्ष गोविंद सविता, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, मुन्नू तिवारी, भाजपा सभासद कैलाश बाजपेई, पूर्व संयोजक चंद्र प्रकाश पांडे, राजेंद्र विश्वकर्मा, सुबोध बाजपेई, नीरज श्रीवास्तव, घनश्याम, अनिरुद्ध कुमार, विकेश द्विवेदी, विमल धानुक, सचिन रस्तोगी, उदय नारायण बाजपेई, राजेश निर्मल, शिवम गुप्ता, श्याम दीक्षित, नागेंद्र गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, केके सिंह, नागेंद्र सिंह, लक्ष्मी शरण पांडे, वीके सिंह, सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों को बताएंगी कांग्रेस

जगतपुर, रायबरेली

कार्यशाला में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार : प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, ग्राम सभा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष की कार्यशाला आयोजित हुई।मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक इंदल रावत ने कहा कि हमारा संगठन बहुत मजबूत है। इसे और मजबूत करने के लिए कांग्रेस सरकार के समय हुए विकास एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाना है। साथ ही भाजपा सरकार की गलत नीतियों को बताना है।

प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए हम सभी को दिन रात मेहनत करना है। हमारा संगठन ही कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुंचा सकता है। कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सभी को भारी संख्या में राहुल गांधी से मिलने रायबरेली चलना है।

पूर्व ज़िलाध्यक्ष वीके शुक्ला ने कहा सांसद सोनिया गांधी रायबरेली के लोगों का बहुत ध्यान रखती है। सभी के सुख दुख में हमेशा उनका साथ रहता है। विधानसभा प्रभारी महेश शर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना, मोहम्मद फारुकी, आलोक यादव, रावेन्द्र सिंह, आशापाल सिंह, रन बहादुर सिंह, छत्रपाल यादव, हारून अली, परवीन बानो, शहनाज, त्रिलोकी सिंह, रामदत्त पाण्डेय, विजय करन सिंह, समर बहादुर सिंह, जसवंत सिंह, राम खेलावन पासी, विश्वनाथ त्रिवेदी, सज्जन सिंह, जितेन्द्र सिंह, राजकुमार पाल, जगदीश कुरील, दिनेश सिंह, मनोज यादव, राजू सिंह आदि मौजूद रहे।

जागरूकता आधार से लिंक मोबाइल पर आएगी ओटीपी, तब खुलेगा आवेदन फार्म

आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र को आधार जरूरी

संवाददाता, रायबरेली

> शासन के निर्देश पर आधार अनिवार्य कर दिया गया है। अब उसके हिसाब से ही बनेगा। तकनीकी स्तर पर कुछ समस्याए आ रही है, जिन्हे शाम तक दुरुस्त कर दिया जाएगा।
>
> -मिथलेश त्रिपाठी, एसडीएम सदर

अमृत विचार। सिस्टम में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार ने सभी प्रमुख सेवाओं को आन लाइन कर दिया है। जिससे फर्जीवाडा पर अंकुश लग सके। लेकिन अब एक प्रक्रिया नई आ जाने से लोगों को निवास, जाति, आय व अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आधार कार्ड लगाना जरूरी होगा। बगैर आधार के कोई भी प्रमाण पत्र नहीं बनेगा। ऐसे में नए नियम से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

राजस्व विभाग ने अब इस प्रक्रिया को पोर्टल पर अपडेट भी कर दिया है। जिसके तहत अगर कोई जाति, निवास, आय आदि प्रमाणपत्र आवेदन करता है तो उसके पास आधार में लिंक मोबाइल होना जरूरी है। क्योंकि जब पोर्टल पर कागज सम्मिट होंगे तो उसमें आधार का विकल्प खुल कर आएगा। और जब आधार में लिंक मोबाइल नंबर रहेगा तो उस नंबर पर ओटीपी आएगी। ओटीपी नंबर डालने के बाद ही आवेदन पूर्ण होगा। जब तक ओटीपी नही डाली जाएगी, तब तक फार्म ही नही भरा जा सकेगा।

ऐसे में बहुत से लोगो के सामने आधार न होने की समस्या है और यह समस्या उनके लिए मुसीबत का सबब बन सकती है। अभी तक इन दस्तावेजों को बनवाने के लिए आधार की जरूरत नही होती थी। जिससे फर्जीवाडा की गुंजाइश बनी रहती थी। लेकिन दो दिनों से हुए पोर्टल अपडेट के बाद अब बिना आधार के आवेदन ही नही हो रहा है।

भ्रष्टाचारियों को सता रहा जेल जाने का भय: अभिषेक

संवाददाता, रायबरेली

रात्रि प्रवास में योजनाओं की जानकारी देते भाजपा नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा व अन्य।

अमृत विचार। भाजपा के गांव चलो आभियान (बूथ) के तहत नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने नगर के कृषक प्रशिक्षण केंद्र पर रात्रि प्रवास किया। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ ही विपक्षियों पर हमला करते हुए कहा कि आज भ्रष्टाचारियों को जेल जाने का भय सता रहा है।

जनता के हिस्से का बजट हड़प कर मालामाल होने वालो की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में नींद उड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश की 80 में से 80 सीट जीतना तय है। साथ ही रायबरेली में कमल भी खिलेगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि वीआईपी जिला होने के बाद भी अब तक उपेक्षित रहा। वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार को खत्म किया गया। वही गरीबों तक बेरोकटोक योजनाएं पहुंच रही है।

घास फूस और कच्चे नही बल्कि लोग पक्के घर में रह रहे है। सिलिंडर से लेकर अनाज तक मिल रहा है। वही घर घर जाकर नागरिकों में पत्रक वितरण किया। वही कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि भोजन किया। इस मौके पर अनुराग चौधरी, अवधेश कुमार चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी राजकुमार चौधरी, सूरज धानुक, करन कुमार, उदय प्रताप सिंह, राकेश कुमार गौड आदि मौजूद रहे।

युवाओं को अच्छी शिक्षा संस्कार देकर संवरेगा देश का भविष्य: ब्रजेश

- न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज मुराई बाग के वार्षिक उत्सव में खूब मचा धमाल

डलमऊ रायबरेली

अमृत विचार : न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज मुराई बाग के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित ब्रजेश दत्त गौड़ और प्रबंधक किशोरी लाल यादव द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सम्मानित करते अतिथिगण। अमृत विचार

नगर पंचायत अध्यक्ष कहा कि आज के युवा देश के भविष्य होते हैं और इनको अच्छी शिक्षा संस्कार देकर देश का भविष्य संवार सकते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में विभिन्न प्रकार की कलाओं को प्रस्तुत करने की क्षमता बढ़ती है। प्रबंधक किशोरी लाल यादव ने कहा कि विद्यालय से अच्छी शिक्षा प्राप्त कर छात्र-छात्राएं उच्च पदों पर आसीन होकर विद्यालय क्षेत्र और अपने परिवार का नाम रोशन करते हैं। प्रधानाचार्य राकेश यादव ने अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया। प्रबंधक किशोरीलाल यादव और प्रधानाचार्य राकेश यादव ने सभी को सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित प्रदेश दत्त गौड़, वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल, राधेश्याम पाल, जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव दीपू सिंह प्रधान को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रबंधक बाबू किशोरी लाल यादव ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा अथक मेहनत से ही विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उन्नति के पद पर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन आनंद त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस मौके पर शिक्षक अनुपम पांडे, कुलदीप अवस्थी, संतोष प्रजापति, श्याम बिहारी, देशराज पाल, अमर पटेल, आनंद प्रकाश द्विवेदी, चंद्रभान सिंह, प्रदीप सिंह, राम शंकर यादव, अनिल कुमार यादव, आशीष जायसवाल, सुरेश यादव, जे पी, अंकित बाजपेई, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

मैं वृंदावन जाऊंगी पर थिरके लोग

छात्रा, शैली, विधि और अनुभवी ने सरस्वती वंदना, जबकि श्रेया और प्रिंसी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अनुष्का पटेल ने हिंदी भाषण और चाहत ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। गीत जैसी करनी वैसी भरनी छात्रा अर्पिता ने प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। मैं वृंदावन जाऊंगी पर छात्रा शिवली, आकांक्षा, प्रिंसी, दिव्या, अंशिका द्वारा मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया। श्रेया और प्रिंसी द्वारा गीत मधुबन में कन्हैया जब पिया से मिले तो राधा कैसे न जले पर खूब वाहवाही और तालियां बटोरी। छात्रा साक्षी, दिया, अंशिका, रिया और शिखा देश भक्ति गीत मेरा देश रंगीला में मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र अंश, आयुष, भोले, आकांक्षा द्वारा सुदामा की झांकी अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो गीत पर झांकी प्रस्तुत की। छात्रा साक्षी सिंह द्वारा हिंदी गीत डम डम ढोल बाजे ढोल बाजे पर नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी गई।

यूपी की सभी सीटों पर खिलेगा कमल: सुरेश खन्ना

संवाददाता, रायबरेली

- सपा विधायकों पर कसा तंज कहा- जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं
- भाजपा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन समारोह

अमृत विचार : जिले में कमल खिलाने को बेताब भाजपा ने बाजी मारते हुए लोक सभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर दिया। रविवार को प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने शहर के गोरा बाजार स्थित जिला पंचायत मार्केट में पार्टी के केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय का फीता काट कर उदघाटन किया। इस दौरान उन्होने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया। उन्होने कहा कि पार्टी ने यूपी की सभी लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है। रायबरेली की सीट भी इस बार भाजपा के कब्जे में होगी।

उन्होने कहा कि कहा कि जिस प्रकार में अमेठी लोकसभा की सीट चट्टान को बालू का ढेर बनाया गया है उसी प्रकार कार्यकर्ताओं की ताकत से इस बार रायबरेली की सीट चट्टान को बालू का ढेर कर दिया जाएगा। देश व प्रदेश का माहौल भाजपा के पक्ष में है। इस बार फिर देश में मोदी सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। जिससे स्पष्ट है कि लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा जीतेगी। वही भाजपा व राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन के बारे में उन्होने कहा कि हम उनका स्वागत करते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है, हमने जमीन पर काम किया है। हम जो कहते है वह करते भी है। वही मंत्री सुरेश खन्ना ने सपा विधायकों के रामलला दर्शन को न जाने पर तंज भी कसा।

उन्होने कहा कि जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं। स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कार्यकर्ताओं की तरफ से आश्वासन दिया कि इस बार कमल रायबरेली में जरूर खिलेगा। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा इस बार रायबरेली से सांसद को संसद भवन में भेज कर रायबरेली में भी विकास की गंगा बहाएगा। जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा, लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी, सलोन विधायक अशोक कोरी, पूर्व विधायक गजाधर सिंह, राजा राकेश प्रताप सिंह, कार्यालय प्रभारी विशाल पाण्डेय, मुकेश श्रीवास्तव, अजय त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, विजय सिंह, शिवेन्द्र सिंह, सरोज गौतम, विवेक शुक्ला, सुधा अवस्थी आदि मौजूद रहे।

लोस केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और साथ में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

सार-संक्षेप

बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार : सड़क पार कर रही वृद्धा को मोटर साईकिल सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला सड़क पर गिर कर बेहोश हो गई। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। डाक्टरों ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। रविवार को रायबरेली रोड स्थित नवोदय चौराहा के पास सेनपुर निवासी 70 वर्षीय गया देई सड़क पार कर रही थी। तभी वह मोटर साईकिल से टकराकर गिर गई। मौके पर मौजूद लोगो की मदद से आनन फानन उसे महराजगंज सीएचसी लाया गया। डाक्टरों ने बुजुर्ग महिला की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

शिक्षक की पिटाई से छात्र के कान का पर्दा फटा

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार : आपसी में लड़ाई कर रहे दो छात्रों में से एक की शिक्षक ने बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे छात्र के कान का पर्दा फट गया। पीड़ित के पिता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई। वहीं शिकायती पत्र की जांच करने पहुंचे डलमऊ पुलिस द्वारा दोनों पक्षों में जबरन दबाव डालकर सुलह समझौता कराने का भी आरोप लगाया गया। कोतवाली क्षेत्र के कन्हा ग्राम निवासी तेज बहादुर यादव ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम स्थित एक विद्यालय में पड़ता है। प्रधानाचार्य द्वारा उनके 12 वर्षीय पुत्र दिव्यांश को अनायास कान पर जोरदार थप्पड़ मार दिया, जिससे उसके कान का पर्दा फट गया। यही नहीं घायल किशोर के पिता ने बताया कि शिकायत की जांच करने पहुंचे हलके के दरोगा द्वारा जबरन समझौता करा दिया गया, जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की जाएगी। वहीं कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। विद्यालय में दो छात्रों के आपस में लड़ाई करने के चलते एक छात्र के कान में चोटे आई हैं। जांच के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है।

भाजपा नेता ने सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

लालगंज, रायबरेली : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सीएमपीएस के निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने लालगंज क्षेत्र के हरीपुर गांव पहुंचकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां लोगों को बताई। कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही भारत में राम राज्य ला सकती है, जिसकी शुरुआत अयोध्या में राम मंदिर के बनने से हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही भारत को विकसित देशों की श्रेणी में ला सकते हैं। उन्होंने लोकसभा के चुनाव में फिर से मोदी सरकार को लाने का आह्वान किया और कहा कि भारत के लोगों की एक आध समस्याओं को छोड़कर के मोदीजी ने सभी समस्याओं को हल किया है। किसान सम्मान निधि, कोरोना काल से अब तक सभी को फ्री राशन, आवास, शौचालय, आयुष्मान भारत के कार्ड सभी कुछ मोदी सरकार के द्वारा दिया जा रहा है। पूर्व की सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से जनहित की योजनाओं का लाभ जनता को नहीं मिलता था। इस अवसर पर विधानसभा प्रवासी सुशील शुक्ला, अविनाश सिंह, दल बहादुर सिंह, कृष्ण कुमार, वंश बहादुर, राहुल, रामबरन सिंह, शिवमंगल सिंह, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

महिलाओं को किया गया सम्मानित

डलमऊ, रायबरेली : जल कल विभाग लखनऊ में सुपरवाइजर से सेवानिवृत्त होकर गांव सुट्ठा हरदो, दीनशाह गौरा पहुंचे कुंवर मौर्या ने सेवा भाव की एक मिसाल पेश की। उन्होंने रविवार को ग्राम सभा की विधवा महिलाओं को बुलाकर सम्मानित किया। कहा कि इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पुस्कर सिहं, हिमकर सिह, अनिल वर्मा, सुख्खू पासी, बिजय कुमार, शिव शंकर मौर्या, धर्मेंद्र सोनी, अनूप सिहं आदि मौजूद रहे।

जेट्रोफा का बीज खाने से नौ बच्चों को हालत बिगड़ी

शिवगढ़, रायबरेली।

अमृत विचार। देर रात जेट्रोफा के बीज खाने से आधा दर्जन से अधिक मासूमों की हालत बिगड़ गई। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। बच्चो के बीमार होने की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य महकमे में खलबली मच गई। सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक टीम सीएससी शिवगढ़ के लिए भेज दिया है।

डा अमित सिंह ने बताया कि घटना रविवार की देर रात लगभग नौ बजे की है। इसकी सूचना सीएमओ रायबरेली डॉ. वीरेंद्र सिंह को दे दी गई है। जैसे ही सूचना मिली तत्काल बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक टीम सीएचसी शिवगढ़ के लिए रवाना कर दी है। डा अमित सिंह ने बताया कि बीमार पड़ने.वालों में.सोनी 10 वर्ष, अंकुल 12 वर्ष, मोनिका 8 वर्ष, माही 9 वर्ष, अंकुश 9वर्ष, अर्पित 10 वर्ष, प्रिया 8 वर्ष, रिया 9 वर्ष, कंचन 12 वर्ष सहित नौ बच्चे आये थे। वर्तमान में सभी की हालत ठीक है। किसी प्रकार की कोई चिंताजनक बात नहीं है।

ग्रैंड फिनाले में बच्चों ने रैम्प पर बिखेरा जलवा

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार : माधव सेवा संस्थान के द्वारा बच्चों का नृत्य और मॉडलिंग प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। शहर के रतापुर स्थित गोल्डन दीप होटल मे संपन्न हुए कार्यक्रम का शुभारंभ एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव और व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रभाकर गुप्ता, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। माधव सेवा संस्थान अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में रायबरेली की प्रतिभाओं को मुख्य पटल पर लाने के लिए संस्थान कृत संकल्पित है। बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता में इर्निका ने बाजी मारते हुए जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रजापति उत्थान महासभा का विस्तार, अनिल और लालजी बने उपाध्यक्ष

सरेनी, रायबरेली : प्रजापति उत्थान महासभा की मासिक बैठक वरिष्ठ संरक्षक श्री चंद्रिका प्रसाद के आवास पर हुई। चंद्रिका प्रसाद की अध्यक्षता में और जिलाध्यक्ष अवधेश प्रजापति और महामंत्री रोहित प्रजापति की उपस्थिति में संगठन का विस्तार किया गया। इसमें अनिल प्रजापति एडवोकेट और लाल जी प्रजापति को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। उसके साथ ही प्रजापति संगठन प्रचार प्रमुख राजेश प्रजापति सुल्तानपुर खेड़ा को नियुक्त किया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्यों में सक्रिय सदस्य के रूप में शशि प्रजापति लालगंज, राजेश प्रजापति लालगंज, देवनाथ प्रजापति, अमित प्रजापति सदर, फूलचंद प्रजापति सदर, जबकि राम लखन प्रजापति को विधिक एवं कानूनी सलाहकार के रूप में मनोनीत किया।

विदाई समारोह: स्टूडेंट ऑफ द ईयर वैशाली, बेस्ट स्पोर्ट पर्सन बने शुभम

महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार। न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स की शाखा न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू के प्रांगण में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा, प्रधानाचार्य एनएसपीएस त्रिपुला एसएल प्रजापति, प्रधानाचार्य सलेथू राजीव सिंह एवं उप प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कक्षा-11 के छात्र- छात्राओं ने अतिथियों, शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं कक्षा -12 के छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया।

इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम गरिमा गुप्ता, गरिमा त्रिपाठी, अंशिका गुप्ता, शगुन, निवेदिता, अंशिका के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा -12 के विद्यार्थियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में बेस्ट पर्सनेलिटी आर्यन वैश्य, फीमेल नित्या ओम को चुना गया। स्टूडेंट- ऑफ द ईयर"- वैशाली अवस्थी, बेस्ट स्पोर्ट पर्सन शुभम यादव, बेस्ट एचीवर अवार्ड नैतिक श्रीवास्तव, स्टार परफॉर्मर ऑफ कल्चरल एक्टिविटी अवार्ड प्रभांशी शुक्ला, पेरेनियल स्टूडेंट अवार्ड आख्या, अनन्या, अनामिका, जाह्नवी, कल्पना, नबा, प्रभांषी, स्नेहा, साक्षी, स्वाति, आदित्य, प्रांशू, ऋषी, रोहित, रजत, सूर्यांश व "100 प्रतिशत अटेंडेंस अवार्ड प्रिया यादव, आदित्य यादव, यश कश्यप, जाह्नवी गुप्ता को दिया गया। कक्षा -12 के छात्रों द्वारा प्रबंधक को स्मृति- चिन्ह भेंट किया गया। प्रबंधक डा. शशिकांत शर्मा ने कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाता है।

अन्तर्प्रान्तीय प्रतियोगिता की हुई शुरूआत

सतांव, रायबरेली

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनकर्ता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य स्मृति में सतांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह द्वारा आयोजित की जाने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-3 का रविवार को हरचन्दपुर के पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह ने शुभारम्भ किया।

क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ करते पूर्व विधायक।

इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे दबी-छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने मे ऐसी प्रतियोगिताएं ही माध्यम बनती हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता को भारतीय जनसंघ के संस्थापक-अध्यक्ष पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से आरम्भ करने के लिए उमेश प्रताप सिंह एवं उनकी टीम की सराहना करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर भी प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच उन्नाव व क्षेत्रीय गुरुबक्शगंज की टीमों के मध्य खेला गया। टॉस जीत कर उन्नाव की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुरुबक्शगंज की टीम ने पहले ही ओवर मे अपना पहला विकेट खो दिया। लेकिन अशोक ने ओपनर रेहॉन के साथ शानदार क्रिकेट खेलते हुए दूसरे विकेट के लिए 118 रनों की साझेदारी कर निर्धारित 15 ओवर मे आठ विकेट खोकर 160 रन का सन्तोषजनक स्कोर खड़ा किया। अशोक की 66 व रेहॉन की 59 रनों की शानदार पारियों से गुरुबक्शगंज ने 160 रन बनाये। जीत के लिए निर्धारित 161 रन बनाने उतरी उन्नाव की टीम 145 रनों पर ही सिमट गई।

मैच आरम्भ होने के पूर्व मुख्य अतिथि का आयोजक उमेश प्रताप सिंह ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, राजेश बाजपेई, उदयभान सिंह, कृष्ण जीवन तिवारी, मनोज शर्मा (लाले), प्रेम शंकर पाण्डेय, देबी सहाँय त्रिवेदी, बबलू सिंह, सुशील सिंह, लाला गुप्ता, सुन्दरम सिंह, आशीष सिंह, रामू सिंह, राका आदि मौजूद रहे।

अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर समोधा बनी विजेता

बछरावां, रायबरेली : विकास क्षेत्र के इशिया ग्राम सभा में चल रहे बाबा अंबर दास ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। इसमें समोधा टाइगर्स की टीम ने इशिया इलेवन को 37 रन से परास्त कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। इससे पहले टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी समोधा टाइगर्स की टीम निर्धारित 15 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाया। समोधा की ओर से सर्वाधिक रन अंकित सिंह उर्फ मोगली ने 22 बनाए। वही जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इशिया 11 की टीम 13 ओवर में 76 रन पर सिमट गई। समोधा टाइगर्स की टीम ने यह मैच 37 रनों से जीत लिया। अपने दमदार प्रदर्शन की वजह से अंकित सिंह उर्फ मोगली को 22 रन और 2 विकेट के प्रदर्शन पर मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार के लिए चुना गया। इस मौके पर वरिष्ठ व्यापारी चंद्रप्रकाश गुप्ता, सत्य कुमार सोनी, आयोजक समिति के सदस्य राजकुमार चौधरी आदि मौजूद रहे।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

एक नजर

पालिका परिषद ने कराया संकल्प यात्रा का आयोजन

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका परिषद संडीला द्वारा संकल्प यात्रा का आयोजन कार्यालय नगर पालिका परिषद संडीला व आईआर इन्टर कालेज संडीला में किया गया। जिसमें बाल विकास पुष्टाहार, आंगनबाड़ी, डूडा, सीएचसी आदि विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरुआत विष्णुदयाल शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी व नगर अध्यक्ष रमन जायसवाल ने की। पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस आयोजन में अर्चना अस्थाना नगर महामंत्री भाजपा एवं पूर्व सभासद, समाजसेवी अंगूरी शंकर सिन्हा, लिपिक प्रकाश कुमार, संजय कुमार, हसीब और संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

वसूली के संबंध में प्रत्येक सोमवार को होगी बैठक

हरदोई, अमृत विचार। पेंशन घोटाले से संबंधित लोगों से की गई वसूली व उसकी प्रगति के बारे में प्रत्येक सोमवार को बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि कोषागार में वर्ष 2009 से 2016 के मध्य फर्जी ढंग से पीपीओ निर्गत कर पेंशन की धनराशि का अनियमित भुगतान / गबन की वसूली किये जाने के सम्बन्ध में बैठक प्रत्येक सोमवार सायं सात बजे कलेक्ट्रेट सभागार में की जायेगी। उक्त बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित तहसीलदार अद्यतन सूचनाओं के साथ उपस्थित होंगे।

दस बसों से अयोध्या धाम दर्शन के लिए भेजे गए सैकड़ों रामभक्त

जय श्रीराम के उद्घोष के साथ बसों पर सवार हुए रामभक्त, भाजपा जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरदोई

अमृत विचार। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अयोध्या धाम के लिए रामभक्तों की बसों को रवानगी की गई। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने हरी झंडी दिखाकर भक्तों की बसों को रवाना किया। वहीं ब्लाक मुख्यालयों से भी बसों से रामभक्तों को दर्शन के लिए ले जाया गया। रामलला के दर्शन को जाने वाले भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पिहानी संवाददाता के अनुसार 'जय श्रीराम-जय श्रीराम' के गगनभेदी लगाते हुए सैकड़ों रामभक्त अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। कस्बे के अलावा जहानीखेड़ा मण्डल और मझिया मण्डल से 10 बसों में सवार हुए 400 रामभक्त अयोध्या धाम में श्रीराम लला के दर्शन करेंगे।

भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि आज का दिन सौभाग्यशाली दिन है जब अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद कस्बे से रामभक्तों की गाड़ियां अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। ऐसा लगा कि बरसों-बरसों की सदियों की तपस्या सफल हुई। जहानी खेड़ा भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुबोध सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से ही रामभक्तों का अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए लगातार लोगों के जाने का सिलसिला जारी है। रविवार सुबह से भाजपा व हिन्दू संगठनों के नेतृत्व में 10 बसें रवाना हुई है। वहीं दूसरी तरफ मझिया मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी है। रामभक्तों को तकरीबन पांच सौ साल बाद श्री रामलला के दर्शन का सौभाग्य हासिल हो रहा है। इस बीच भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, विपिन मिश्रा, जीतू हलवाई, अरुण सेठ, बृजेश गुप्ता, सागर पाण्डेय, प्रदीप अवस्थी, नीरज सिंह, सरनाम सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने अयोध्या धाम दर्शन करने वाले भक्तों को बैच लगाकर रवाना किया। साथ ही भोजन पानी की व्यवस्था भी की।

बसों को रवाना करते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन व अयोध्या के लिए रवाना होते रामभक्त। अमृत विचार

कारसेवकों का जत्था भी दर्शन को रवाना

माधौगंज संवाददाता के अनुसार कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र के कारसेवकों ने वर्ष 1982 से 92 तक अयोध्या में रामलला मन्दिर निर्माण के लिए योगदान दिया। रविवार को पूर्व चेयरमैन हनुमान प्रसाद अग्रवाल, बालगोविन्द गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अमित गुप्ता, दीपू सक्सेना, सुधीर सोनी, शुमग्नानन्द, नरसिंह वर्मा बृजेश राठौर, सुनील शुक्ला, अयोध्या कोरी, दिवाकर राठौर, सुशील सिंह, सन्दीप प्रजापति, पुष्पेंद्र पटेल सहित 45 लोगों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गया है। कारसेवकों ने बताया कि कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भगवान श्री राम के प्रति अगाध श्रद्धा का भाव उमड़ रहा है। दर्शन के उपरान्त नगर में भक्ति का प्रचार प्रसार करेंगे। इस मौके पर कस्बे के व्यापारियों ने अयोध्या धाम जाने वाले लोगों का भव्य स्वागत किया।

दर्शन के लिए रवाना होते समय खुशी जाहिर करतीं महिलाएं। अमृत विचार

सदियों की तपस्या का परिणाम है राम मंदिर

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। जिले के से रामभक्तों को अयोध्या में दर्शन के लिए रवाना करने के मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने सब राम भक्तों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार तपस्या के कारण सदियों-सदियों के बाद यह कार्य सफल हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या का भव्य श्रीराम मंदिर लालकृष्ण आडवाणी, अशोक सिंघल और विश्व हिन्दू परिषद के हज़ारों कार्यकर्ता, आरएसएस और उनके अनुसांगिक संगठन सबकी तपस्या का परिणाम है। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार भाजपा ने अयोध्या में भगवान राम लला के दर्शन के लिए कार्यकर्ताओं को भेजना प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को सुबह छह बजे शाहाबाद नगर क्षेत्र से पांच बसों में भाजपा कार्यकर्ता अयोध्या के लिए रवाना किए गए। डाक बंगले के सामने बसों में भाजपा कार्यकर्ताओं को बैठाकर जय श्री राम के नारे के साथ अयोध्या रवाना किया गया। भाजपा कार्यकर्ता नव मनोनीत अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू के नेतृत्व में अयोध्या पहुंचकर राम के दर्शन करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के सारे खर्चे की जिम्मेदारी भाजपा नगर मंडल पार्टी की होगी।

22 केंद्रों पर हुई समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

हरदोई

अमृत विचार। जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा से ढाई हजार से अधिक लोगों ने किनारा कर लिया। नकल विहीन शुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

आरओ व एआरओ की परीक्षा 22 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। जिले में 9984 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 7079 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। 2905 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा केंद्रों पर सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश मिला। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार प्रयासरत रहे। परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहा। जिले को सेक्टरों में बांटा गया था। सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार केंद्रों की निगरानी में लगे रहे। परीक्षा की नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अपर नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। आयोग की तरफ से एक पर्यवेक्षक व सहायक पर्यवेक्षक जिले में तैनात किए गए थे। उन्होंने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पूरे दिन जिला प्रशासन शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए मुस्तैद दिखा। परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। परीक्षा संपन्न होने के बाद ओएमआर शीट प्रयागराज आयोग मुख्यालय भेज दी गई।

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश पत्रों की जांच करते शिक्षक व परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

छज्जा गिरने से मलबे में दबे दंपति व बेटी

हरदोई, अमृत विचार। तोड़ा जा रहा जर्जर छज्जा अचानक ढह गया, जिसके मलबे में दंपति व उनकी बेटी दब गई। आस-पड़ोस के लोगों ने तुरंत तीनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। रविवार की सुबह बावन कस्बे के मोहल्ला बाजा थोक निवासी 40 वर्षीय आकिल पुत्र असलम अपने मकान का जर्जर हो चुका छज्जा तोड़ रहा था, उसकी 35 वर्षीय पत्नी नग़मा और 13 वर्षीय बेटी नाज़िया उसकी मदद में जुटी हुई थी। उसी बीच एका-एक छज्जा ढह गया। आकिल, नग़मा और नाज़िया उसके मलबे में दब गई। आस-पड़ोस के लोगों ने तीनों लोगों को मलबे से निकाल कर हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहां के डाक्टरों के मुताबिक आकिल का पैर और हाथ दोनों टूट चुके हैं, जबकि पत्नी और बेटी के गहरी चोंट पहुंची है।

भाजपा नेता के घर दूसरी बार चोरी

हरदोई

अमृत विचार। भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष के बंद घर में शनिवार को हफ्ते भर में दूसरी बार ताला तोड़ कर चोरी हुई। चोरों की इस कारस्तानी से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दोबारा हुई चोरी की तहरीर पुलिस को दी गई है। इस बारे में एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है कि सारे मामले की गहराई के साथ जांच-पड़ताल कर रही है।

टड़ियावां के भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष प्रेमकुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसका मकान हरिहरपुर से शाहपुर रोड पर है, जहां पर शनिवार की रात में मकान का ताला तोड़कर एक हफ्ते के अंदर दोबारा चोरी हो गई है। चोर वहां से एक बैट्रा इनवर्टर और पीतल के पुश्तैनी कीमती बर्तन चोर कर ले गए। इससे पहले 3 फरवरी की रात में चोरों ने इसी तरह से एलईडी टीवी, सोलर बैट्री, सरसों तेल के पीपे चोरी कर ले गए थे। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी, लेकिन अभी तक न तो चोरी की रिपोर्ट दर्ज़ हुई और न ही कोई खुलासा हो सका था, उसी बीच चोर दूसरी बार चोरी कर ले गए। इस तरह से बार-बार चोरी होने से इलाके के लोगों में दहशत फैली हुई है। बताते चलें कि इससे पहले 6 जनवरी को महुआ चाचर निवासी विनीत की कस्बे में बर्तन की दुकान से सेंध लगा कर लाखों की चोरी हो गई थी।

उस मामले में एसपी के आदेश पर दो हफ्ते बाद केस दर्ज हुआ था। पुलिस उसका भी खुलासा नहीं कर सकी। इस बारे में एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गहराई से छानबीन की जा रही है, जल्द ही चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा।

नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक ने गिनाई प्राथमिकता

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली में नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने वार्ता करके अपनी प्राथमिकताएं गिनाई। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति सीधे मुलाकात करके अपनी समस्या बताए तत्काल कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को कोतवाली में सम्मान मिलेगा तथा अराजकतत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर पर विशेष नजर रखी जाएगी। धार्मिक भावनाओं भड़काने वाले लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। इसके लिए सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी।

मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का किया गया आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। नारायण सेवा समूह ने रविवार को नगर के मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया। डॉ जय राम गुप्ता सुमेर सिंह व प्रियम मिश्रा ने बताया सकल जीव नारायण मानी सेवा करन हेतु हम ठानी संकल्प के तहत रविवार मौनी बाबा मंदिर पर नारायण सेवा के सभी सदस्यों के सहयोग से रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह इसी तरह से नारायण सेवा समूह अपने साथियों की मदद से भंडारे और वस्त्र वितरण के कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान संजय मिश्रा, विरजु अग्रवाल, करुणा शंकर त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, सावित्री कटियार, रमेश गुप्ता, पतिराज गुप्ता, सावित्री कटियार, संदीप अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, डॉ जेबी सिंह, अनिल गुप्ता, तारकनाथ शर्मा, मनमोहन सिंह, रामशंकर शुक्ला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

दुर्घटना में घायल वृद्ध की अस्पताल में मौत

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के नाऊपुरवा गांव के पास 62 वर्षीय बुजुर्ग हीरालाल पुत्र लोचन निवासी ग्राम बेहटा बुजुर्ग को पिकअप डाले ने दो महा पूर्व टक्कर मार दी थी जिससे बुजुर्ग हीरा लाल के दोनों पैर व सर में गंभीर चोट आई थी, जिसे आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी बिलग्राम लाया गया था, जहां से चिकित्सकों ने उपचार के बाद हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था। जहां से जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर के लिए भेजा गया था, जहां उपचार चल रहा था। उपचार के बाद जब बुजुर्ग की हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन घर ला रहे थे, तभी अचानक रास्ते में है घायल हीरा लाल की मौत हो गई। बेटे अमर सिंह ने बताया कि पिता का एक्सीडेंट दो माह पूर्व पिकअप डाले की टक्कर से हुआ था, जिनकी रविवार को मौत हो गई है।

बच्चों ने माता-पिता की उतारी आरती और लिया आशीर्वाद

हरदोई

संस्कार

▸▸ योग वेदांत समिति ने राम जानकी मंदिर में कराया मातृ-पितृ पूजन

अमृत विचार। योग वेदांत समिति ने रविवार को राम जानकी मंदिर में मातृ पितृ पूजन का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता-पिता व बुजुर्गों का पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

बढ़ रही पाश्चात्य सभ्यताओं पर रोक लगाने तथा बच्चों में संस्कारों को बढ़ावा देने के साथ-साथ माता-पिता व बुजुर्गों के महत्व को बताने के लिए प्रतिवर्ष योग वेदांत समिति मातृ पितृ पूजन का आयोजन करती है। इसी क्रम में रविवार को राम जानकी मंदिर में बच्चों ने अपने माता-पिता व अन्य बुजुर्गों का पूजन किया। उनकी आरती उतारकर माल्यार्पण किया। बच्चों ने बुजुर्गों व माता-पिता की आज्ञा का सदैव पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि फरवरी महीने में पाश्चात सभ्यता से प्रभावित होकर तमाम ऐसे आयोजन किए जाते हैं, जिनसे न सिर्फ बच्चों के संस्कार बिगड़ते हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति का भी क्षय होता है।

ऐसे में वेदांत समिति बच्चों को अपनी पुरानी रीति-रिवाजों के बारे में बताने के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों के महत्व व उनके आशीर्वाद के बल के बारे में बताया जाता है। इससे न सिर्फ संस्कृति की रक्षा होती है, बल्कि बच्चों में बड़े बुजुर्गों के प्रति लगाव की भावना भी बढ़ती है।

सार-संक्षेप

महिला ने बेटे के साथ मारपीट का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ेपुर निवासी महिला ने गांव के दबंगों पर पुत्र के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ेपुर निवासी नन्ही देवी पत्नी शिवशंकर गिरी ने बताया उसका पुत्र चमन गांव के ही अशोक दीक्षित के दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव के दबंग भगवान सिंह पुत्र बलराम ने अपने पुत्रों सौरभ सिंह व समीर सिंह के साथ पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज किया। विरोध करने पर दबंगों ने उसके पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क पार कर रहे दरोगा को बाइक से लगी टक्कर

मल्लावां, हरदोई। तेरवाकुल्ली मोड़ पर पैदल रोड क्रास करते समय एक दरोगा को बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी। ऐसे में दोनों लोग घायल हो गए जिन्हें सीएचसी मल्लावां में भर्ती कराया गया। रविवार की शाम को उपनिरिक्षक राम लाल सोनकर 55 वर्ष जो हल्का नंबर-5 में तैनात है। ऐसे में एक निर्माण कार्य को रुकवाने गए थे, तभी तेरवाकुल्ली मोड़ पर पैदल रोड क्रास कर रहे थे तभी बाइक सवार सौखपुर थाना बेहटागोकुल निवासी प्रदीप कुमार 24 वर्ष से सीधी टक्कर हो गई। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में कराया जा रहा है।

रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

राम और केवट के मिलन का किया गया मंचन

हरदोई, अमृत विचार। केवट ने बड़ी चतुराई से प्रभु राम का हाथ अपने शीश पर रखवाकर जीवन को धन्य किया। यह लीला नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में रविवार को मंचित की गई। लीला के अनुसार श्री राम निषाद पर कृपा करते हैं और सुमंत जी को अयोध्या के लिए वापस करते हैं समझा बुझाकर उसके बाद केवट को बुलाया और कहने लगे के केवट हमें गंगा के इस पर से उसे पर छोड़ दो केवट सुनता है और मना करने लगता है। और कहता है कि आपके चरणों में शक्ति है कहीं मेरी नौका स्त्री नहीं बन जाए इसलिए पहले आप अपने चरणों को धुलाओ तब आपको नौका में बिठाऊंगा केवट की विनती करने के बाद भगवान श्री राम केवट को पैर धोने की आज्ञा दे देते हैं तो केवट अपनी कैविटी को बुलाकर प्रभु श्री राम के चरणों को धुलते हैं उसके बाद अपनी नौका में बिठाता है और प्रभु श्री राम को गंगा के उसे पर छोड़ देता है। केवट पर कृपा करके राम जी आगे की ओर चलते हैं तो भारद्वाज ऋषि से मिलते हैं उन पर अपनी कृपा कर आगे वाल्मीकि जी के आश्रम पर जाते हैं। उन पर भी अपनी कृपा करके चित्रकूट धाम में पहुंच जाते हैं और माता सीता लक्ष्मण के सहित वहां निवास करते हैं जैसे ही राम जी के आने की बात पड़ोस के नगर वासियों को पता चली तो सभी उनके दर्शन के लिए आने लगे यह सब देखकर भक्त बड़े भावुक हुए।

गाय को बचाने में टेम्पो पलटा, दो लोग घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर में गाय को बचाने के चक्कर एक टेम्पो अनियंत्रित हो गया। जिससे दो यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से दोनों को हरदोई रेफर किया गया। सिंगुलापुर थाना पाली निवासी मुरारी दीक्षित (65) तथा तहबरगंज मिश्रीपुर थाना रामचंद्र मिशन निवासी जगदीश (70) वर्ष टेम्पो से बैठकर देर रात शाहजहांपुर जा रहे थे। मोहल्ला उधरनपुर में तेज रफ्तार टेम्पो सड़क पार कर रही गाय को बचाने के चक्कर में पलट गया। जिसमें दोनों यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों को सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

आयोजन योग गुरु स्वामी राम देव की शिष्या एवं राज्य प्रभारी वंदना बरनवाल ने प्रशिक्षुओं को दिए प्रमाण पत्र, कहा-

निरोगी रहकर ही जीवन में पाई जा सकती है कामयाबी

हरदोई

अमृत विचार। एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नगर के महाराज सिंह पार्क में पतंजलि योग प्रशिक्षण शिविर के तत्वावधान में किया गया। शिविर में राज्य प्रभारी वंदना बरनवाल ने बताया कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी व्याधि से पीड़ित है।

योग गुरु स्वामी रामदेव का यह लक्ष्य है कि हर व्यक्ति निरोग बने। जब हर व्यक्ति निरोग होगा, तभी वह स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन सकेगा और तभी भारत देश राष्ट्र उन्नति कर विकसित अखंड सनातन के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पायेगा। 12 वर्षों से लोगों को योग के लाभ बता रही। विनीता बरनवाल ने बताया कि 84 लाख योनियों में भटकने के बाद हमें यह मानव जीवन प्राप्त हुआ है, जिसे अध्यात्म व योग के माध्यम से हमें निरोग रखना है। इस निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने लोगों को विभिन्न योग व उनके लाभों को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर राज्य प्रभारी ने योग का प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके 20 बहनों को योग प्रमाण पत्र प्रदान किये, जिनमें कंचन गुप्ता, रेशमा गुप्ता, श्रद्धा मिश्रा, सरस्वती गुप्ता, शर्मीला सिंह, आकृति गुप्ता, सुमन गुप्ता, रश्मि शिखा शुक्ला, प्रीति गुप्ता, मनु गुप्ता, मोनिका गुप्ता, नीलिमा दीक्षित, ममता द्विवेदी आदि शामिल रही। इस अवसर पर पतंजलि योग प्रशिक्षण समिति महिला प्रकोष्ठ की जिला संगठन मंत्री संजू श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनीता मिश्रा, महामंत्री विजय लक्ष्मी, रानी शुक्ला, आरती गुप्ता, कंचन गुप्ता, सभासद मीनू सैनी समेत तमाम लोगों ने योग प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठाया।

प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षु व साथ में योग समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

एक नजर

साथियों ने शोकसभा कर पत्रकार को दी श्रद्धांजलि

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। हिंदी दैनिक समाचार पत्र कोथावां के पत्रकार रजनीकांत के निधन पर हरदोई पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई सण्डीला द्वारा शोकसभा का आयोजन ए एल मेमोरियल स्कूल चौपार टोला में किया गया। शोकसभा में उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर वसीम अहमद सिद्दीकी, अनुराग अस्थाना, प्रभात अस्थाना, मुईज़ सागरी, हरिअमोल सिंह, अमित कुमार मौर्य, लालचंद चौरसिया, गंगा राम, हिमांशु गुप्ता, मो. आरिफ, रितेश सिंह लकी, रामानुज यादव, शहाब सिद्दीक़ी, उदय प्रताप चौरसिया, अनिल राठौर, तौहीद, मो. हस्सान, अभिषेक सोनी, अमान सिद्दीक़ी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

गोआश्रय स्थलों के संबंध में समीक्षा बैठक 16 को

हरदोई, अमृत विचार। जिले में गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में 16 फरवरी को एक बैठक का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा गो आश्रय स्थल से संबंधित कार्यवाही की प्रगति के सम्बन्ध में 16 फरवरी की शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की जायेगी।

तमंचा के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने कस्बे के संकटा देवी मंदिर मार्ग पर एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कस्बे के सरदार गंज चौकी प्रभारी गश्त कर रहे थे, तभी संकटा देवी मार्ग पर आकाश पुत्र भोले निवासी खेड़ा बीबीजई संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया टोकने पर वह भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। युवक की जामा तलाशी में तमंचा बरामद हुआ पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

चुनाव को लेकर शस्त्रों का सत्यापन शुरू

शानू खान, हरदोई

25 हजार 945 लोगों के पास हैं 26 हजार 6 30 शस्त्र

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की मुस्तैदी बढ़ गई है। जिले के सभी लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन कराया जा रहा है। शस्त्र के अलावा कारतूसों की गिनती भी की जा रही है। समय सीमा समाप्ति तक सत्यापन नहीं कराए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिले में 25 हजार 945 लोगों के पास 26 हजार 630 शस्त्र है। जिनका पुलिस सत्यापन कर रही है। पुलिस शस्त्र देखने के साथ-साथ कारतूसों का ब्यौरा भी चेक कर रही है। यदि किसी के पास कारतूस कम पाए जा रहे है तो उनसे जबाब तलब किया जा रहा है। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर हल्का प्रभारियों से क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर के बारे में जानकारी की जा रही है। साथ ही शस्त्र के मिलान हिस्ट्रीशीटर की निगरानी व बूथों के भौतिक सत्यापन भी कराया जा रहा है। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके है। सत्यापन के बारे में जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए हथियारों का भौतिक सत्यापन कराने का आदेश दिया गया है। एक हफ्ते तक शस्त्रों का सत्यापन सभी थानों में होगा। सभी लोग जल्द से जल्द सत्यापन करा लें, क्योंकि आने वाले समय में चुनावी तैयारी के कारण अधिकारियों के पास भी समय की समस्या रहेगी। आदेश के बाद भी सत्यापन में विफल रहने वाले शस्त्र लाइसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द कार्रवाई की जायगी।

शस्त्र की 32 दुकानों का किया गया निरीक्षण

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव की घोषणा से पूर्व प्रशासन ने 32 शस्त्र विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया सभी शस्त्र विक्रेताओं को अपने समस्त अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए है। खरीद बिक्री व लाइसेंस जमा करने में नियमानुसार कार्य करें। अन्यथा की स्थित में कार्यवाही की जाएगी।

पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार व कपिल देव बने मंत्री

हरदोई, अमृत विचार। पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संघ जनपद हरदोई इकाई की कार्यकारिणी का चुनाव कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी में संपन्न हुआ। जिसमें राजेश कुमार को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सा अधिकारी हरदोई के कार्यालय में चुनाव संपन्न हुआ।जिसमें वेटनरी फार्मासिस्ट सम्बर्ग जनपद इकाई के समस्त सदस्यगण उपस्थित हुए तथा निर्विरोध सर्व सम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी निर्वाचित हुए जिसमें राजेश कुमार अध्यक्ष, कपिल देव शुक्ला जिला मंत्री, मनोज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, असद अहमद इदरीसी उपाध्यक्ष, राजवीर सिंह संयुक्त मंत्री, संजीत कुमार कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार वर्मा संगठन मंत्री, अनुज कुमार आडीटर, निर्वाचित घोषित किया गया।

युवक को अगवा कर बनाया बंधक, पिटाई से टूट गया पैर

गुण्डा टैक्स के नाम पर की थी 25 हज़ार की मांग, नहीं दे पाने पर वारदात को अंजाम देने का आरोप

हरदोई

अमृत विचार। बाज़ार गए युवक से गुण्डा टैक्स के नाम पर 25 हज़ार की मांग की गई। पैसे न मिलने पर युवक को अगवा कर बंधक बनाया और पीट-पीटकर उसका पैर तोड़ दिया। वहां पहुंची पुलिस ने बंधक बनाए गए युवक को वहां से छुड़ाकर सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर गहराई से जांच शुरू कर दी है।

बेनीगंज कोतवाली के भुड़हड़िया गांव निवासी राजू रविवार की सुबह मोपेड से बसेंन गांव से घर जा रहा था। उसी बीच बरौली बाज़ार के पास बसेन गांव निवासी बसंत ने उसे रोका और उससे 25 हज़ार की मांग की। राजू ने पूछा कि वह किस बात के रुपये दे ? इस पर उसे गुण्डा टैक्स बताया, लेकिन राजू ने साफ इंकार कर दिया। जिससे खफा होकर आरोपी बसंत राजू को बीच बाज़ार से जबरन अगवा कर अपने घर ले गया। जहां उसे बंधक बनाकर अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर राजू की पिटाई करने लगा। बेरहमी से की गई पिटाई से राजू का पैर टूट गया। उसी बीच सारे मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इस पर एक्शन में आई बेनीगंज पुलिस, जिससे बेनीगंज पुलिस पहुंची और बंधन बनाए गए राजू को वहां से छुड़ाया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राजू की हालत नाज़ुक होने पर उसे सीएचसी कोथावां ले जाया गया, जहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।या। जहां पर हालत नाजुक देखकर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। बताया गया है हमलावर के ऊपर गुण्डा एक्ट का केस दर्ज है। वह गुण्डा टैक्स के नाम पर राजू से 25 हज़ार रुपये मांग रहा था।इस बारे में एसएचओ बेनीगंज उमाकांत दीपक ने बताया की रंगदारी का मामला सही नहीं लग रहा है। फिलहाल जांच की जा रही है।अगर रंगदारी का मामला सामने आया तो आरोपित के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आरोपी जबरन हथियाना चाहता था पीड़ित की जमीन

राजू से गुण्डा टैक्स वसूली करने वाला बसंत उसका बसेंन गांव में 1700 वर्ग फीट का प्लांट जबरन हथियाना चाहता था। लेकिन राजू ने उस प्लाट को किसी दूसरे के हाथ बेंच दिया था। उसी से तिलमिलाया बसंत राजू से 25 हज़ार की मांग कर रहा था।

प्रेमिका तक पत्र न पहुंचाने पर छात्र को साथी ने बेल्ट से पीटा

हरदोई, अमृत विचार। 11 वीं के छात्र ने उसी के साथ पढ़ने वाले दूसरे छात्र की बात नहीं मानी और मोबाइल के सिमकार्ड को उसकी प्रेमिका तक पहुंचाने से इंकार कर दिया, ब स इसी बात पर उस प्रेमी ने गब्बर बन कर छात्र को गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे ले जा कर उसे बेल्ट से इतना पीटा कि बेल्ट टूट तक गई। उसकी इस करतूत का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो रहा है। सीओ बिलग्राम सत्येन्द्र सिंह का कहना है कि सारे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। मल्लावां कोतवाली के लच्छीपुर निवासी अशोक कुमार कुशवाहा का पुत्र रीतेश कुशवाहा बीएन इण्टर कालेज में 11 वीं का छात्र है। सोनू पाल के नाम का एक छात्र उसी के पढ़ता है। अशोक की पत्नी शशि प्रभा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र शुक्रवार को कालेज से छुट्टी होने पर घर लौट रहा था, उसी बीच सोनू पाल उसे राघौपुर रोड से गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे ले गया और वहां उसकी बेल्ट से काफी बुरी तरह पिटाई कर दी, पिटाई ऐसी की कि उसने रीतेश के ऊपर बेल्ट तक तोड़ दी। शशि प्रभा ने आगे बताया है कि सोनू पाल ने रीतेश को गांव में रह रही अपनी प्रेमिका को मोबाइल का सिमकार्ड पहुंचाने को कह रहा था, लेकिन रीतेश ने इंकार कर दिया। उसी बात पर उसने ऐसी करतूत को अंजाम दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बारे में सीओ बिलग्राम सत्येन्द्र सिंह का कहना है कि पुलिस को तहरीर मिली है, सारे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

वायरल वीडियो में छात्र को बेल्ट से पीटता युवक।

वसीयतनामे के बाद भी नहीं काटने दे रहे गन्ना

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम मंगियावा में रजिस्टर्ड वसीयत करवाई हुई भूमि से भी खड़ी फसल को विपक्षी और फसल नहीं काटने दे रही है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम मगियांवा निवासी राकेश कुमार व अखिलेश पुत्रगण राज बहादुर ने बताया उन लोगों ने अपनी ताई शिववती पत्नी शिव सहाय से रजिस्ट्रार कार्यालय में बही संख्या 3 के पृष्ठ नंबर 247 से 258 तक क्रमांक नंबर 90 पर 24 अप्रैल 2018 को रजिस्टर्ड वसीयत करवाई थी। वसीयत के बाद अभी छह माह पूर्व ताई की मृत्यु हो गईं। उन लोगों ने गन्ने की फसल बोई थी जब गन्ना काट कर खेत में डाला। गांव के इतवारी लाल वीरेंद्र कुमार व भगवान सरन पुत्रगण राम सहाय ने खेत में कटा पड़ा। गन्ना उठने से पूर्व ही विपक्षियों ने गन्ना नहीं उठाने दिया। गाली गलौज किया। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी।

ईओ ने पानी की टंकी का निर्माण रुकवाया

हरदोई

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद पिहानी में प्रस्तावित पानी की टंकी का निर्माण राजस्व व नगर पालिका परिषद प्रशासन की चूक से लटकता दिखाई दे रहा है। टंकी के लिये चिन्हित भूमि श्रेणी-6 में आती है, जिस पर नियामानुसार किसी तरह का भी निर्माण नहीं हो सकता। भूमि चयन में हुई चूक का पता चलते ही ईओ ने कार्यदाई संस्था को फिलहाल काम रोक रोकने का निर्देश दिया है। नगर पालिका परिषद पिहानी के मोहल्ला नागर में घर-घर जल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन व राजस्व की टीम ने गाटा संख्या-793 की भूमि चिन्हित कर टंकी का निर्माण शुरु ही होने वाला था, तभी ईओ को पता चला कि उक्त भूमि खेतौनी में 'खाद के गड्ढे' के नाम से दर्ज है, जो श्रेणी-6 में आती है। इस वजह से वहां पर किसी तरह का कोई निमार्ण नहीं किया जा सकता।

खतौनी की प्रति।

लापरवाही

- चिन्हित की गई भूमि अभिलेख में खाद के गड्ढों के लिए है दर्ज
- राजस्व व नगर पालिका परिषद प्रशासन की चूक सामने आई

इस बाबत जब ईओ पिहानी अमित कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कार्यदायी संस्था को फिलहात काम शुरू करने से रोक दिया गया है और पत्रावली डीएम को भेजी जा रही है। उनके आदेश के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी, लेकिन सवाल पैदा होता कि राजस्व टीम को श्रेणी-6 की भूमि 'खाद के गड्दा' का पता होते हुए भी निर्माण के लिए उस भूमि का चयन क्यों और किसके दबाव में किया गया। क्या राजस्व टीम को राजस्व अधिनियम की नियमावली से बिल्कुल अंजान है। या फिर जान-बूझ कर घर-घर जल योजना के लिए बनने वाली पानी की टंकी के निर्माण को लटकाया गया। नगर में लोग सवाल कर रहे है कि अगर निर्माण शुरु हो जाता और आधा अधूरा काम भी हो जाता और इसमें कोर्ट का दखल हो जाता तो फिर क्या ज़िम्मेदारों के पास क्या जवाब होता। कुल मिलाकर भूमि चिन्हांकन में बरती गई लापरवाही से घर-घर जल योजना अधर में लटकती हुई दिखाई दे रही है।

घर में कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला युवक का शव

हरदोई

अमृत विचार। मां-बाप की मौत के बाद युवक पर न सिर्फ घर की ज़िम्मेदारी थी, बल्कि बहनों की देखभाल भी वही करता था। लेकिन युवक का शव कमरे के अंदर फांसी पर लटका हुआ देखा गया। इसका पता होते ही घर वाले ज़िंदा समझ कर उसका शव उतार कर सीएचसी पहुंच गए, लेकिन वहां डाक्टरों उसे ब्राड डेड बता दिया। इतना सुनते ही उसकी पत्नी और बहनें चीख-चीख कर रोने-चिल्लाने लगी।

बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के कुतलूपुर गांव में निवासी 28 वर्षीय मोहित की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। उसके मां-बाप की पहले ही मौत हो चुकी थी। इकलौते मोहित की तीन बहनें हैं, जिनमें दो की शादी हो चुकी है। मोहित का शव उसके कमरे में फांसी पर लटका हुआ देख कर उसकी पत्नी प्रीति और बहन के चीखने-चिल्लाने पर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े।

लोगों ने तत्काल उसे नीचे उतारकर सीएचसी लेकर पहुंचे। लेकिन डाक्टरों ने उसे देखते ही उसे ब्राड डेड बताया। पहुंची पुलिस ने इस बारे में उसके घर वालों से ज़रूरी पूछताछ की। पत्नी प्रीति ने बताया कि उसे नहीं पता कि उसके पति ने क्यो ऐसा कदम उठाया।

सार-संक्षेप

चौधरी चरण सिंह को भारतरत्न दिए जाने पर जताया हर्ष

हरदोई, अमृत विचार। किसान मसीहा एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किए जाने पर यहां रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह के आवास पर एक बैठक में हर्ष व्यक्त किया गया। इस मौके पर कहा गया कि चौधरी साहब आजीवन किसानों, शोषितों वंचितों की सेवा में लगे रहे। अपने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान उन्होंने किसान हितों के अनेकों कार्य किए। वह कहा करते थे कि देश की तरक्की का रास्ता खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। भारत रत्न प्रदान किए जाने पर उनकी सेवाओं का सम्मान बताते हुए रालोद जिलाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि सम्मान देकर भाजपा सरकार ने सही अर्थों में उनका सच्ची श्रद्धांजलि दी है। बैठक में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित रामदास दीक्षित ने इसके लिए भाजपा सरकार को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार को रालोद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की 85 वीं जन्म जयंती को धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार की दोपहर दो बजे से पार्टी के शिविर कार्यालय आशा नगर स्थित श्री राम बाल सेवा मंदिर विद्यालय के सभागार में आदित्य विक्रम सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष के मुख्य अतिथि में किसान हितों पर लिए गए उनके निर्णयों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। सभी पार्टी जनों से इस मौके पर उपस्थित रहने का आह्वान किया गया।

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले एसएचओ। अमृत विचार

शराब और गौ-तस्करों पर रखें निगाह : एसएचओ

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। एसएचओ धर्मराज सिद्धार्थ ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रखें। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोतवाली आने वालों की समस्याओं का निस्तारण पूरी और ईमानदारी पारदर्शिता के साथ करें। जिससे कि पब्लिक के बीच पुलिस की छवि बेहतर हो सके। श्री सिद्धार्थ ने कोतवाली में हुई क्राइम मीटिंग में अपने मातहतों को लॉ एंड आर्डर को और मज़बूत बनाने के टिप्स दिए। एसएचओ ने क्रिमिनल हिस्ट्री का वर्कआउट करने में लापरवाही बरतने वाले एसआई व कांस्टेबिलों की जमकर क्लास ली और कहा की लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आने वाले त्यौहारों पर अलर्ट रहने के निर्देश दिए।कहा कि त्यौहारों में आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिए बेहतर कोशिश होनी चाहिए। किसी तरह की दिक्कत हो तो सीधे उन्हें बताए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे क्राइम को भी संजीदगी से लिया जाए। कभी-कभी छोटे क्राइम मेजर क्राइम में तब्दील हो जाते हैं।उन्होंने क्रिमिनल्स पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि कांस्टेबिल अपनी बीट के गांवों में जाकर पब्लिक के बीच बैठे। जिससे गांव के माहौल और बाहर से आने वाले क्रिमिनल के बारे में जानकारी मिलती है। पिहानी के बार्डर से सटे पुलिस स्टेशन की एक्टिविटी पर पैनी नज़र रखे। उन्होंने शराब व गौ-तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश दिए। इस बीच पर कस्बा चौकी प्रभारी रजनीश त्रिपाठी, एसआई मेराज अहमद, अरविंद यादव, नितिन तोमर, मनुज चौहान, ओम वीर, पवन सिंह, राजेन्द्र यादव, अभिषेक त्यागी, संजय सिंह, सुनील त्रिपाठी, रिंकू, राज कपूर, सुशील त्रिपाठी, संजय सिंह समेत कई पुलिस के जवान मौजूद रहे।

पिटाई से आहत युवक ने फांसी लगाकर दी जान

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। भागवत कथा के दौरान निकाली जा रही शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु की गांव के कुछ लोगों ने वहीं पिटाई कर दी। वहां से श्रद्धालु घर लौटा और कमरा बंद कर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि पिटाई से आहत हो कर आत्महत्या की। दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला गया। फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। शनिवार की रात को मल्लावां कोतवाली के तेजीपुर में भागवत कथा के दौरान शोभायात्रा निकल रही थी, जिसमें गांव निवासी लवकुश प्रजापति (23) पुत्र रामसागर प्रजापति भी शामिल था। पिता रामसागर ने पुलिस को जो तहरीर दी है उसमें कहा है कि शोभायात्रा के दौरान गांव के चार लोगों ने उसकी वहीं पर पिटाई कर दी। भीड़ में पीटे जाने से आहत लवकुश घर वापस लौटा और रात में अपने कमरे में फांसी लगा ली। रविवार सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया है कि तहरीर में गांव के चार लोगों पर पिटाई करने और उस पिटाई आहत होने से आत्महत्या करने का आरोप लगाया गया है। सारे मामले की जांच की जा रही है।

बोर्ड परीक्षा: 15 फरवरी तक सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाएंगी उत्तर पुस्तिकाएं

गोंडा, कार्यालय : अमृत विचार। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिकाएं 15 फरवरी तक सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग इसे लेकर व्यवस्था बनाने में जुटा है। जिले में अब तक 5 .96 लाख उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। अब सिर्फ 28 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का आना शेष रह गया है। वह भी जल्द ही जिले को मिल जायेंगी। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आगामी 22 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा के लिए जिले में कुल 143 स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। इस बार की परीक्षा में कुल 92072 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें हाईस्कूल के 51477 व इंटरमीडिएट के 40595 परीक्षार्थी हैं। परीक्षा के लिए जिले को 6 .24 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की आवश्यकता है। इनमें हाईस्कूल के लिए 2 .60 लाख ए कॉपी व 1 .04 लाख बी कॉपी तथा इंटरमीडिएट के लिए 2 लाख ए कॉपी व 60 हजार बी कॉपी मंगायी गयी है। अब तक करीब 5 .96 लाख उत्तर पुस्तिकाएं जिले में पहुंच चुकी है। सिर्फ 28 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का आना शेष रह गया है। उम्मीद है कि वह भी एक दो दिन में आ जायेंगी। इसके बाद इन उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि 15 फरवरी तक सभी उत्तर पुस्तिकाएं केंद्रों पर पहुंची दी जायेगी।

भाजपा नेता ने ग्रामीणों के साथ किया रात्रि विश्राम

हरदोई, अमृत विचार। गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने ग्राम भरिगवां में 24 घंटे प्रवास संपन्न किया। भाजपा नेता व प्रवासी मुकुल सिंह ने ग्राम भरिगवां पहुंचकर लाभार्थियों से सम्पर्क, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क, आशा कार्यकर्ताओं व सहायता समूह के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क, प्रबुद्ध समाज के लोगों से सम्पर्क, ग्राम सभा में प्रतिष्ठा रखने वाले लोगों से सम्पर्क, महिलाओं से संपर्क, अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग के लोगों से संपर्क, किसानों से संपर्क कर पार्टी द्वारा किए जा रहा है और वहीं रात्रि प्रवास किया। सरकार द्वारा किये गये विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। इस मौक़े पर उनके साथ बूथ कमेटी के पदाधिकारी सहित ग्राम संयोजक मौजूद रहे।

दबंगों ने युवक को पीटकर किया घायल

कटरा बाजार, गोंडा: ग्राम पंचायत लाल पुर निवासी दीप नरायन मिश्र ने बताया कि रविवार को उसके बेटे गुलशन मिश्रा को गांव के शुभम उसे गांव के पास नहर पर बुला ले गया। आरोप है कि जहाँ पर पहले से मौजूद लोगों ने उसके बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार में लाया गया। दीप नरायन मिश्र ने गांव के चार लोगों के खिलाफ तहरीर दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

अनदेखी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में लापरवाही

गेट पर लिखा मेडिकल कॉलेज का नाम गायब

हरदोई

अमृत विचार। कहने को तो स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय यानी मेडिकल कालेज है, लेकिन उसकी अपनी कोई पहचान नहीं है। वहां कहीं पर भी उसका नाम नहीं लिखा मिलता है और जहां लिखा भी था, वहां भी सब साफ हो गया। वैसे तो सरकार सूबे के हर मेडिकल कालेज के बेहतर रख-रखाव का दावा करती है, लेकिन हरदोई की ऐसी तस्वीर सरकारी दावे को हवा में उड़ाने के लिए काफी है।

मेडिकल कालेज बनने से पहले जब जिला अस्पताल पण्डित रामदयाल त्रिवेदी के नाम से जाना जाता था, तब शायद ही कोई ऐसा कोना खाली बचता था जहां पर ज़िला अस्पताल का नाम न लिखा हुआ दिखाई देता था, लेकिन जब शुरू-शुरू में इसे मेडिकल कालेज का दर्जा दिया गया तो उस बीच गेट पर ग्लोसाइन बोर्ड लगाया गया, जिस पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय लिखा गया था। उसके बाद रख-रखाव के ज़िम्मेदार सारा कुछ भूल गए। नतीजतन मेडिकल कालेज का जो नाम था, धीरे-धीरे वह भी गुम हो गया, अब तो बस ग्लोसाइन बोर्ड का खाली ढांचा ही रह गया है, उसके नीचे एक पट्टी पर वही नाम लिखा था, वह भी पानी और धूप के आगे टिक नहीं सका और साफ हो गया। ऐसे में यही कहा जाएगा कि सारा कुछ रख-रखाव के ज़िम्मदारों के गैर-ज़िम्मेदाराना रवैए का नतीजा है, जो हरदोई में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कालेज) होते हुए उसे अपने ही नाम की दरकार है।

मुख्य द्वार पर लगे बोर्ड से गायब मेडिकल कालेज का नाम।

घर में घुसकर महिला का दूसरी बार अपहरण करने का प्रयास

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला का आरोपियों ने दूसरी बार अपहरण करने का प्रयास किया। चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर 12 दिसंबर 2023 को अपहरण किया गया। उसके बाद अब दूसरी बार 10 फरवरी को घर के अंदर घुसकर अपहरण का प्रयास किया गया। विरोध करने पर महिला को मारा पीटा गया, परंतु शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इस सिलसिले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला के घर 10 फरवरी को शाम तीन बजे सलेमपुर थाना मंझिला निवासी शैलेंद्र तथा शेखर निवासी रेभा मुरादपुर घुस गए और छेड़छाड़ करते हुए अपहरण करने का प्रयास करने लगे। बकौल महिला जब उसने विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने उसे पीटा। बचाने आए उसके ससुर को भी दबंगों ने पीटा। महिला ने बताया इससे पूर्व 12 दिसंबर 2023 को जब वह दवा लेने के लिए आई। उस समय चाय में नशा पिलाकर शैलेंद्र उसका अपहरण करके ले गया और गुरसहायगंज कन्नौज में उसे रखा। महिला ने बताया शैलेंद्र के पास उसका 90 हजार रुपये, मोबाइल और पायल भी है। घटना की लिखित तहरीर दी गई।

एक नजर

जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

सीतापुर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत रविवार को मंडल शाहपुर के बूथ संख्या 311 रमुवापुर भदफर में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर संपर्क कर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों को भाजपा की उपलब्धियां के पत्रक वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य प्रवासी तरुण कुमार मिश्रा, जिला सह सयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ सत्य प्रकाश मिश्रा, ग्राम संयोजक विकास मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक भैयालाल तिवारी, बूथ समिति सदस्य पन्ना प्रमुख सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। अभियान में मुख्य प्रवासी तरुण कुमार ने समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का प्रयास किया और लोगों से एक बार फिर भाजपा का परचम लहराने की अपील की।

अधिवक्ता के पिता के निधन से शोक की लहर

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। नगर-पंचायत सिधौली के नरोत्तमनगर उत्तरी वार्ड के सभासद व पत्रकार दिग्विजय शुक्ला मुन्नन के पिता सुन्दरलाल शुक्ला का गत 10/11 फरवरी की रात्रि में निधन हो गया।दिवंगत सुन्दरलाल शुक्ला सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त थे और कुछ दिनों से बीमार थे। श्री शुक्ला के निधन पर नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, पत्रकार अनुराग आग्नेय, वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद अग्निहोत्री, अधिवक्ता अनूप कुमार, पत्रकार विल्सन खान, मोहित श्रीवास्तव, रामनाथ रावत, चन्द्रशेखर, पंकज कुमार सिंह, सभासद रजत त्रिपाठी, पूर्व सभासद देवीदयाल राठौर, वरिष्ठ अधिवक्ता हरिनारायण सिंहश्भोला सिंहश्, प्रवीण अवस्थी आदि ने शोकग्रस्त परिवार के संवेदना जताई।

सामान्य अध्ययन के प्रश्नों ने उलझाया, 9319 ने छोड़ी परीक्षा

जिले के 36 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुआ आरओ/एआरओ का इम्तिहान

राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र जांचते परीक्षक। अमृत विचार

पेपर देने के बाद खुशी जाहिर करते परीक्षार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर। लोक सेवा आयोग की तरफ से आयोजित परीक्षा रविवार को नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा से दोनों पालियों को मिलाकर कुल 9319 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के 36 परीक्षा केंद्रों पर आरओ और एआरओ की परीक्षा संपन्न हुई। जिले में पंजीकृत 16039 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 22759 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। सामान्य अध्यन के प्रश्नों में उलझे परीक्षर्थियों ने बताया कि हिंदी के प्रश्न पत्र तो ठीक रहे लेकिन प्रथम पाली का प्रश्न पत्र ने काफी उलझा के रखा।

जिले में समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) के पदों पर भर्ती परीक्षा का आयोजन को लेकर सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। परीक्षा केंद्र परिसर में स्टेटिक मजिस्ट्रेट तो बाहर गेट पर पुलिसकर्मियों का पहरा रहा। दोनो पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले के 36 स्कूल कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

नकल मुक्त परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए थे। जिले में परीक्षा में कुल 16039 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। आकड़ों के मुताबिक प्रथम पाली में सामान्य अध्यन की परीक्षा में 16039 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 11397 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए जबकि 4642 परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में नहीं बैठे। इसी प्रकार दूसरी पाली की हिंदी की परीक्षा में 16039 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 11362 परीक्षार्थी ही परीक्षा में बैठे, जबकि 4677 परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहे। दो पालियों में आयोजित की गयी परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण रही। उधर,परीक्षा छूटने के बाद बस स्टॉप पर जाम लग गया जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जिले में 16039 छात्र-छात्राओं ने कराया था पंजीकरण

लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित दो पालियों की परीक्षा में परीक्षार्थियों का उत्साह देखने को बनता था। जिला विद्यालय राजेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के 36 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि आरओ/एआरओ की परीक्षा के लिए जिले में 16039 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया था। दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 9319 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

रिजनिंग के सवालों से चकराए परीक्षार्थी

लोकसेवा आयोग की तरफ से आयोजित आरओ/एआरओ की परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि सामान्य अध्यन के सवालों ने छात्रों को परेशान किया है। दोनों प्रश्न पत्र पीसीएस लेवल के सवालों से भरा होने के बाद परीक्षार्थियों ने कही। छात्राओं ने बताया कि प्रथम पाली के 140 अंक के प्रश्नपत्र मे सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति रिजनिंग, मैथ, विज्ञान, इतिहास व अर्थशास्त्र विषय से सवाल पूछे गए। जबकि दूसरी पाली के 60 अंक के प्रश्नपत्र में हिंदी से संबंधित सवाल रहे। परीक्षार्थी राहुल ने बताया कि प्रथम पाली का सामान्य अध्ययन का प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों के आंकलन से ज्यादा कठिन रहा। परीक्षार्थी शुभम सिंह ने बताया कि प्रश्न पत्र काफी लम्बा था और रीजनिंग के सवालों से काफी समय बर्बाद हुआ। जिससे परीक्षार्थियों को अधिक माथा पच्ची भी करनी पड़ी।

बसों का करना पड़ा इंतजार

दोनों पालियों की परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षा में शामिल होने आये परीक्षार्थियों को घर पहुंचने के लिए भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बस स्टॉप पर बसों न मिलने से दर्जनों परीक्षार्थियों को घण्टों खड़े होकर बस का इन्तजार करना करना पड़ा। वही कुछ परीक्षार्थी प्राइवेट वाहनों में भरकर घरों की तरफ रवाना हुए। रोडवेज बस के आने पर घंटों इंतजार से खड़े परीक्षार्थी बस के आते ही धक्का मुक्की कर बस में खड़े होकर ही सफर तय करना पड़ा। इस दौरान छात्राओं को दिक्कत उठानी पड़ी।

आग लगने से गन्ने की आठ बीघे फसल राख

पिसावां, सीतापुर। थानाक्षेत्र के अंतर्गत हसनापुर गांव में अज्ञात कारणों के चलते गन्ने की फसल में आग लगने से आठ बीघा गन्ना जल गया। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। थाना क्षेत्र के हसनापुर निवासी रामपाल के गन्ने की फसल में रविवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों के चलते आग लग गयी देखते ही देखते आग सोबरन व बालकराम के गन्ने की फसल को पकड़ लिया। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक रामपाल व सोबरन का तीन तीन बीघा बालकराम का दो बीघा गन्ना जल कर बर्बाद हो गया।

अवैध क्लीनिक सीज फिर भी हो रहा इलाज, जिम्मेदार मौन

रेउसा, सीतापुर। जनपद के विकासखंड रेउसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत दर्जनों से अधिक जगह पर अवैध रूप से क्लीनिकों का संचालन किया जा रहा है। जिन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती। ऐसे में फिर से अवैध क्लीनिक संचालक बेखौफ होकर अपने कार्य में लग जाते हैं। ऐसा ही क्षेत्र में देखने का मिल रहा है कि अस्पताल सीज होने के बाद मरीजों का इलाज कर उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।

गत दिनों मारूबेहड़ क्षेत्र में सोनू पांडे के घर में अवैध रूप से महिलाओं का प्रसव कराया जाने का मामला चर्चा में था। ऐसे में पीएचसी अधीक्षक रेउसा ने छापेमारी की थी और कागजात आदि प्रपत्र न दिखा पाने की वजह से क्लीनिक को सीज कर दिया गया था, लेकिन छापेमारी के बाद भी लगातार सोनू पांडे के घर में इलाज की जानकारियां प्रकाश में आ रही हैं।

सोशल मीडिया पर अवैध क्लीनिक संचालिका का इंजेक्शन लगाते एक फोटो भी वायरल हुआ है। अखबारों में खबरें भी प्रकाशित हुईं, लेकिन संचालिका सोनू पांडे के क्रिया कलापों पर कोई असर नहीं दिख रहा है, क्योंकि जिम्मेदार खामोश हैं। वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े होने की वजह से अधिकारियों की कार्यवाही से सोनू पांडे का बचाव हो जाता है।

उचित इलाज न होने से गंभीर बन जाती है बीमारी

सीतापुर, अमृत विचार। अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड हरगाँव के आर्थिक सहयोग से पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन नई दिल्ली ने रविवार को क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय निगोहां में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डाक्टरों ने फेफड़ों, शुगर, बीपी, पल्स, गैस्ट्रोलाजिस्ट, गाइनकॉलजिस्ट संबंधी निःशुल्क जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन की टीम लीडर अंजना के नेतृत्व में डाक्टरों की टीम तथा मिल अस्पताल के डाक्टर आर पी मिश्र, उमेश सिंह, रामरूप मुनेंद्र कुमार ने 132 मरीजों की जांच की। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित, अधिशासी उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह तथा गांव के ही मदन मोहन शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित ने कहा कि गाँव की महिलाएं छोटी मोटी समस्याएं होने पर शहर दिखाने नहीं जा पाती हैं धीरे-धीरे वह छोटी बीमारी गंभीर बन जाती है। अधिशासी उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया यहाँ के बाद सोमवार को परसेहरा शरीफपुर, मंगलवार को मुदरासन, बुधवार को सुर्जीपारा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। संचालन कर रहे अधिशासी उपाध्यक्ष शरद सिंह ने कहा हम लोगों का नैतिक दायित्व है कि जिस समाज में हम रहते हैं उसके लिए भी कुछ काम करें। इस अवसर पर राकेश त्यागी, आनंद गुप्ता, संजीव राणा, देवेन्द्र सिंह, विनीत सिसोदिया सहित मिल अधिकारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान मौजूद मिल अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

छापेमारी में 65 लीटर शराब जब्त, 250 किलो लहन नष्ट

सिधौली, सीतापुर

अमृत विचार। आबकारी विभाग की सिधौली टीम ने रविवार को थाना संदना क्षेत्र के ग्राम धरौली, खानपुर व हरिहरपुर में कच्ची शराब बनाने वाले ठिकानों पर छापेमारी की। ग्राम धरौली में राजाराम पुत्र गजराज को कच्ची शराब बनाते हुए रंगे हांथों पकड़ा गया।

आबकारी टीम ने उपरोक्त के विरूद्ध थाना संदना में अभियोग पंजीकृत कराया और तीनों गांचों में अलग-अलग कुल 65 लीटर शराब बरामद हुई और 250 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया। अधिकारी ने बताया कि कच्ची शराब बनाने वालों के साथ-साथ लहन को नष्ट करने की प्रक्रिया इसी प्रकार आगे भी जारी रहेगी। टीम में आबकारी निरीक्षक अरूण कुमार व मुख्य आरक्षी विनय कुमार श्रीवास्तव तथा आरक्षी तस्नीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

लहन को नष्ट करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

गांव चलो अभियान के तहत किया संपर्क

कमलापुर, सीतापुर। विधानसभा बिसवां के अंतर्गत बूथ संख्या पर गांव चलो अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर संपर्क किया गया,तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से लोगों को पत्रक के माध्यम से जानकारी दी गई। मतदाता सूची का वाचन किया, सभी वर्गों के लोगों से मिलकर सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर अमर बाजपेई, लक्ष्मीकांत अवस्थी, दिनेश कुमार, रामसेवक, जगदीश अवस्थी, गुलशन वीरेश मिश्रा व बूथ समिति के सभी सदस्य, पन्ना प्रमुख मौजूद रहे।

असलहे के बल पर ट्रक चालक को लूटा

शीशा तोड़कर ट्रक को किया क्षतिग्रस्त, पुलिस पर भी हमला करने का किया प्रयास

महोली, सीतापुर। शनिवार देर रात गन्ने से भरी ट्रक चीनी मिल जा रही थी, उसी दौरान असलहाधारी बदमाशों ने बाइक खड़ी कर मार्ग अवरूद्ध कर दिया और ट्रक के रूकने पर तोड़फोड़ कर अंदर रखी नगदी असलहे के बल पर लूट ली। यही नहीं विरोध करने पर ट्रक चालकों के साथ मारपीट भी की गई। मामला शनिवार की शाम बंभौरा गांव का बताया जा रहा है।

बिहारी लाल पुत्र सियाराम निवासी लौका थाना नीमगांव जनपद लखीमपुर खीरी ने कोतवाली महोली में तहरीर देते हुये बताया कि वह ट्रक चालक है। जो की गन्ना क्रय केंद्र छतौना से ट्रक में गन्ना भरकर जवाहरपुर चीनी मिल को जाता है। शनिवार की शाम को जब वह अपने ट्रक से गन्ना भर कर चीनी मिल जा रहा था, उसी दौरान रास्ते में जैसे ही बंभौरा गांव के नजदीक पहुंचा तो देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति रास्ते में खड़े हैं। जिनके द्वारा मोटरसाइकिल को सड़क पर खड़ी कर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया था। जैसे ही ट्रक रुका की अचानक अज्ञात बदमाश ने ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और ट्रक के शीशे तोड़कर अंदर रखी करीब छः रुपये की नगदी भी लूट ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। ट्रक चालक के मुताबिक लूटपाट चंदन अवस्थी पुत्र मनीष अवस्थी व उसके गैंग ने की है। चालक ने नामजद तहरीर कोतवाली में देकर कार्रवाई की मांग की है।

जांच करने पहुंची पुलिस के साथ भी अभद्रता का आरोप: लूट की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी लुटेरों के गैंग के सदस्यों ने अभद्रता की। खास सूत्रों की माने तो बीट पुलिसकर्मियों के साथ लुटेरों के गैंग के सदस्यों ने अभद्रता कर धमकी भी दी। ऐसे में सूत्रों की माने तो बीट पुलिसकर्मियों ने थाने से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग भी की, लेकिन मामले को उच्चाधिकारियों द्वारा टालते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल नहीं भेजा गया। जिसके बाद बेखौफ लुटेरे फरार हो गये। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक उमाकांत शुक्ला ने बताया कि ट्रक चालक व बंभौरा गांव के रहने वाले एक युवक द्वारा ओवरटेक को लेकर आपस में मारपीट हुई है, लूट जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

पूर्व में भी कई घटनाओं में संदिग्ध रहा है चंदन

सूत्रों की माने तो चंदन ने इसके पूर्व में भी रजवापुर गांव में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था, लेकिन मामले को पुलिस दबाने में सफल रही थी और शांति भंग में चालान कर अपना पल्ला झाड़ लिया था। चंदन कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।

गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। प्राचीन श्री संकटा देवी धाम में बने छह नये मंदिरों में प्राणप्रतिष्ठत होने वाली देव प्रतिमाओं को वैदिक विधि विधान के साथ पूजन-अर्चन व आरती के पश्चात् भ्रमण के लिए जब रथों पर विराजित कर नगर में निकाला गया तो सडकों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दर्जनों स्थानों से भक्तों ने पुष्पवर्षा करने के साथ आरती कर देव प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन किया। गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा प्रमुख मंदिरों से होती हुयी नगर के मुख्य मार्ग से निकली गई। एतिहासिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त अंबीर-गुलाल उड़ाते हुए 'मां संकटा मइया की जय, जय श्री राम, सहित अन्य देवी देवताओं के जयकारों से वातावरण गूंजायमान करते हुए बैंडबाजों पर थिरकते हुए चल रहे थे।

रविवार की सुबह 11 बजे मां संकटा देवी धाम में नवनिर्मित छह मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठित होने वाली मां पीताम्बरा, पंचमुखी हनुमान, नवग्रह, शनिदेव, बाबा खाटूश्याम, श्री बांके बिहारी व भगवान लक्ष्मी-नारायण की मूर्तियों का वैदिक विधान से पूजन-अर्चन पुरोहित अखिलेश शास्त्री ने अपने सहयोगियों के साथ यजमान आरके वाजपेयी, किरन वाजपेयी, आंजनेय आशीष वाजपेयी, ऋतुजा वाजपेयी, आरजे वर्मा, सुशीला वर्मा, शशांक वर्मा, शिवानी वर्मा, चंद्रकांत रस्तोगी, रिचा रस्तोगी, शशिकांत रस्तोगी, सोनम रस्तोगी, पीयूष वर्मा, ज्योति वर्मा, प्रवीण अग्रवाल, सारिका अग्रवाल के कर कमलों से सम्पन्न कराया।

वैदिक विधान के पश्चात् रथ पर विराजमान सभी देव प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया गया। मां संकटा देवी धाम से शुरू हुई शोभा यात्रा में डीजे, बैंडबाजे की धुन पर सैकड़ों युवा अंबीर-गुलाल उड़ाते हुए जयकारों से वातावरण गूंजायमान करते हुए थिरकते चल रहे थे। शोभायात्रा एसबीआई बैंक, तहसील, चिकमंडी, बजाजा चैराहा होते हुए रामकुंड चैराहा, पैंतेपुर रोड, मोतीपुर चैराहा, ठाकुरपुर, बाबा परमहंस धाम, बन्नी, कोतवाली रोड, बस स्टाप, बजाजा बाजार, अमीरगंज होकर मंदिर पहुंची। यहां भक्तों ने सभी प्रतिमाओं को भव्य यज्ञशाला में स्थापित कर पूजन-अर्चन किया। शोभायात्रा के दौरान विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेंरद प्रताप वर्मा, मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, कृष्ण कुमार गुप्त, आनंद जायसवाल, शिवदास पुरवार, अशोक नाग, सोनी जायसवाल, ज्ञानेंद्र गुप्त, सरोज शुक्ल, वागीश दिनकर, एकता पांडेय, दुर्गेश रानी, प्राची दीक्षित, ज्ञानेश मिश्र, कृतार्थ मिश्र, विशाल गुप्त सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

शोभायात्रा की उतारी गई आरती

पैंतेपुर, सीतापुर

अमृत विचार। ग्राम पंचायत मीरानगर में वार्षिक मेले के आयोजन से पूर्व भव्य मनोहारी शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई पूरे गांव में भ्रमण की। ग्रामीणों ने शोभायात्रा की भव्य आरती उतारी।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी डिजिटल विलेज फाउंडेशन मीरा नगर के सौजन्य से वार्षिक मेले का आयोजन किया गया है। वार्षिक मेले के शुभारंभ से पूर्व मनोहारी शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे विभिन्न देवी देवताओं के स्वरूप सजाए गए थे। शोभा यात्रा पूरे गांव मीरा नगर में भ्रमण की। जगह जगह इस शोभा यात्रा का स्वागत ग्रामीणों द्वारा किया गया।

उधर, ग्राम पंचायत मीरानगर में 12 फरवरी से 14 फरवरी तक वार्षिक मेले का आयोजन किया गया है। दिन में मर्यादा पुरुषोत्तम की पावन लीला एवम रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। यह जानकारी डिजिटल विलेज फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकित कुमार ने दी।

उन्होंने बताया आयोजित राम लीला में प्रथम दिन राम जन्म रात्रि में ड्रामा वतन के रखवाले, दूसरे दिन ताड़का वध भगवान श्री राम एवम लक्ष्मण का नगर भ्रमण, तीसरे दिन धनुष भंग परशुराम लक्ष्मण संवाद एवम रात्रि में राम हनुमान युद्ध ड्रामे का आयोजन किया गया है।

मीरानगर गांव में वार्षिक रामलीला आयोजन से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा।

रुद्र महायज्ञ मेले में जालंधर वध का किया गया मंचन

पिसावां, सीतापुर। बरगावां के दुर्गामंदिर पर रुद्रमहायज्ञ मेला महोत्सव के दौरान वृन्दावन धाम से आये कलाकारों ने जालन्धर वध का मंचन किया। जिसे देखकर पांडाल में बैठे दर्शक रोमांचित हो गये। पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। मंचन में दिखाया गया कि जालंधर ने शिव से अमरता के समान वरदान प्राप्त कर लिया, इसके बाद उसने ब्रह्मा, विष्णु आदि देवी देवताओं से भी शक्ति प्राप्त की, जिससे वह बलशाली हो गया और उल्टा ही देवी देवताओं को परेशान करने लगा। इस पर नारद इंद्रदेव के पास पहुंचे और कहा कि भगवान शिव ने देवताओं के साथ छल कर उन्हें छोटा राज्य व असुरों का बड़ा राज्य अपने पास रखे हुए हैं। इस पर इंद्रदेव शिव के पास पहुंचे और उनसे असुर राज्य मांग लिया। इस बात का पता चलते ही जालंधर ने इंद्र को जीत लिया, तो इंद्र शिव की शरण में जा पहुंचे। सभी देवताओं ने भगवान विष्णु के पास जाकर आपबीती सुनाई। इस पर उन्होंने सभी को नारद के पास भेजा। नारद ने बताया कि जालंधर को वरदान है कि जब वह किसी स्त्री के साथ शादी करेगा और उसका पतिवृत धर्म खंडित होगा तभी उसकी मृत्यु संभव है। जिसके बाद भगवान विष्णु लीला करके विश्व मोहिनी का अवतार करवाते हैं। इस सुंदरी का नाम वृंदा होता है और जालंधर से उसकी शादी होती है। भगवान विष्णु छल के द्वारा वृंदा का पतिव्रत भंग कर देते हैं और भगवान शंकर जालंधर का वध कर देते हैं। जब वृंदा को इस छल का पता चलता है, तो वह भगवान विष्णु को पत्थर होने का श्राप दे देती है। इससे क्रोधित होकर मां लक्ष्मी उसको जंगल की लकड़ी होने का श्राप देती हैं। श्राप के प्रभाव से जहां भगवान शालिग्राम होते हैं, वहीं वृंदा तुलसी के रूप में अवतरित होती है। तब से दोनों ही इसी रूप में पूजे जाते हैं।

सड़क हादसे में अधेड़ घायल

पैंतेपुर, सीतापुर। महमूदाबाद पैंतेपुर मार्ग पर कोल्ड स्टोरेज के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ को सिर में काफी चोट लगी। एंबुलेंस चोटहिल को सीएचसी महमूदाबाद लाई। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने मरीज को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया। कोतवाली महमूदाबाद के अंतर्गत ग्राम मोहम्मद पुर कदीम के निवासी राजेश कुमार पुत्र मंशाराम बाइक स्प्लेंडर से थे। महमूदाबाद पैंतेपुर मार्ग पर नट बीर बाबा के पास स्थित कोल्ड स्टोर के पास राजेश को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगो ने एंबुलेंस में चोटहिल राजेश को महमूदाबाद सीएचसी भिजवाया।

150 मरीजों को लगी राहत की डोज

महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। बढ़ती दातों की समस्याओं को देखते हुए गांव रमनगरा के चंद्रमौली आश्रम में सावित्री डेंटल एंड मेडिकल केयर के तत्वाधान में निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।

रविवार दोपहर विकासखंड पहला के रमनगरा गांव स्थित चंद्रमौली आश्रम में आयोजित निशुल्क शिविर में डॉक्टर साकेत मिश्रा और डॉक्टर मनोहर कुमार गुप्ता द्वारा करीब 150 दंत रोगों से ग्रसित मरीजों की निशुल्क जांच, खून की जांच, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, बीपी की जांच कर आवश्यक दवाओं के साथ-साथ परामर्श भी दिया गया। आए हुए मरीजों से जब चिकित्सकों ने बात की तो पाया अधिकांश लोग टूथ ब्रश का उपयोग नहीं कर रहे थे। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी को मंजन उंगलियों द्वारा न करके, ब्रश से करने की सलाह दी। साथ ही कैंप आयोजकों ने टूथ ब्रश व पेस्ट वितरित किए। इस मौके पर आश्रम के प्रबंधक मुकेश मिश्रा ने डॉक्टरों व विशेष सहयोगियों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट की। इस दौरान चिकित्सकों ने गंभीर समस्याओं वाले मरीजों को महमूदाबाद कोतवाली के सामने सावित्री डेंटल एंड मेडिकल केयर में इलाज के लिए प्रेरित किया।

बच्चे की दांत की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा आज

महमूदाबाद, सीतापुर। श्री संकटा देवी धाम में बने छः बने भव्य नए मंदिरों की रविवार को निकाली गई शोभायात्रा के बाद आज सोमवार को संत भक्त सम्मेलन के साथ अपने मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठित होंगी।

यह जानकारी देते हुए मंदिर धाम समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने बताया कि धाम परिसर में स्थापित होने वाली देव प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में महामंडलेश्वर राघव दास जी महाराज, सांसद व प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा मंदिर के विशाल सभागार में होने वाले संत व भक्त सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। संत भक्त सम्मेलन प्रातः 11 बजे से होगा।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥

भाई अपने भाई से कभी द्वेष नहीं करें, बहन अपनी बहन से द्वेष नहीं करें, समान गति से एक दूसरे का आदर-सम्मान करते हुए परस्पर मिल-जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें।

संपादकीय

चुनाव परिणाम के मायने

पाकिस्तान में अंततः रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए। अंतिम परिणामों ने लोगों को चौंका दिया है। किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलने से सरकार बनाने की स्थिति साफ नहीं हो पाई है। फिलहाल जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीट मिलीं, जबकि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिलीं हैं। पाकिस्तान की असल कमान हमेशा सेना के हाथ में रही है। पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां की सत्ता पर आधे से अधिक समय सेना का कब्जा रहा है। सत्ता में जो भी रहा वह सेना का मोहरा बनकर ही रहा। सेना समय-समय पर अपने फायदे के लिहाज से राजनीतिक मोहरे चुनती आई है। पिछले चुनाव में वह इमरान खान के पीछे खड़ी थी और तब इमरान पहली बार प्रधानमंत्री बनने में सफल भी हुए। फिर इमरान के साथ अनबन हुई तो विरोधी दलों को एक मंच पर लाकर सेना ने उनकी गठबंधन सरकार गठित करा दी। चुनाव नतीजे संकेत कर रहे हैं कि देश पर सेना की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। इस बार भी चुनाव में सेना ने खेल खेला फिर भी अपने इरादों मे सफल नहीं हो सकी। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि सेना को नवाज शरीफ का समर्थन करते हुए देखा गया था। परंतु अब जनता सेना के राजनीतिक हस्तक्षेप और पारंपरिक राजनीतिक दलों के रवैये से निराश हो चुकी है। जनता में सेना का डर कम हो गया है। वह अपने पड़ोस में भारत को तरक्की करते हुए और विश्व की एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होते देख रही है। कई विश्लेषक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा में यह कहते हैं कि वह अपने देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं।

इस समय पाकिस्तान कई समस्याओं से जूझ रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसका असर अन्य मोर्चों पर भी पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि तालिबान भी उसे आंखें दिखा रहा है। ईरान ने तो कुछ दिन पहले एक प्रकार का हवाई हमला कर दिया। ऐसे में सरकार किसी की भी बने परंतु उसके सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी। भारत चाहेगा कि वहां स्थायी सरकार बने। पाकिस्तान को यदि मौजूदा चुनौतियों से निपटना है तो उन सुधारों का सूत्रपात करना होगा, जो उसे आवश्यक स्थायित्व एवं संतुलन प्रदान करने की ओर ले जाएं।

पानी की समस्या से जूझता बुंदेलखंड

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है।

बुंदेलखंड में एक कहावत है कि 'एक टक सूप -सवा टक मटकी, आग लगे रुखमा ददरी, भौरा तेरा पानी ग़ज़ब करी जाए, गगरी न फूटै, चाहै खसम मर जाय"। अर्थात इस क्षेत्र में पानी इतना दुर्लभ या महत्वपूर्ण है कि महिलाएं बड़ी मुश्किल से मीलों पैदल चलकर पानी भरी गगरी सिर पर रखकर लाती है। ऐसे में महिलाएं आपस में कहती हैं कि कुछ भी हो जाए लेकिन पानी भरी गगरी ना फूटे, भले ही उसका पति मर जाए परंतु पानी बचा रहे। जाहिर है इस क्षेत्र में महिलाएं पानी को अपने खसम यानि पति से भी ज्यादा मूल्यवान समझती हैं, जो उनके परिवार का आधार है। यह बुंदेलखंड में जल संकट के संबंध में बड़ी गंभीरता से सोचने को विवश करता है। यहां गर्मियों में कुएं, तालाब, हैण्डपंप इत्यादि सभी पेयजल स्रोतों का जलस्तर नीचे चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन में 55 लीटर पानी उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार यहां प्रति व्यक्ति प्रति दिन केवल 29 लीटर पानी ही उपलब्ध हो पाता है, जो अनुशंसित न्यूनतम मात्रा का लगभग आधा है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के ज्यादातर पुरुष दैनिक मजदूरी या खेतिहर मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं या काम की तलाश में दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों की ओर चले जाते हैं। शेष परिवार महिलाओं के भरोसे रह जाता है जिन्हें इस पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है। खाना पकाना, पानी पीना, सफाई करना और कपड़े धोना और यहां तक भैंसों या जानवरों को नहलाने के लिए भी पानी उन्हें ही लाना पड़ता है। अनुमान है कि चित्रकूट जनपद के मानिकपुर क्षेत्र में, जिसे पाठा क्षेत्र भी कहते हैं, लगभग सत्तर प्रतिशत महिलाएं पानी की किल्लत से प्रभावित हैं। पाठा क्षेत्र में लगभग साठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिन गांवों में कोई अपनी बेटियों की शादी नहीं करना चाहता है। कोई भला कैसे चाहेगा कि उनकी बेटियां ऐसे दुष्कर जगहों में जाए।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले

> बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था।

घुमंतू पशुपालकों का ही था। केवल बरसात के महीनों में ही यहां की भूमि संतृप्त हो पाती थी। चन्देल राजाओं ने राज्य की पहाड़ी, पठारी, जंगली, पथरीली, ढालू, रांकड़ भूमि के विकास की योजना सुनिश्चित कर बरसाती धरातलीय जल नीची ढालू भूमि पर, पहाड़ों, टौरियों की पटारों में, खंदकों, खंदियों, दर्रों में, पत्थर मिट्टी के लंबे, चौड़े, ऊंचे सुदृढ़ बांध बनवाकर तालाबों में वर्षा जल को संचित करना शुरू किया। चंदेलों के बाद बुंदेलों ,गौंड़ों ,मराठों और अंग्रेजों ने इस जल अभाव ग्रस्त बुन्देलखंड क्षेत्र में कुल मिलाकर 4000 से अधिक तालाबों का निर्माण कराया था। धीरे-धीरे लोग यहां स्थायी बसने लगे थे। चंदेल राजाओं ने तो गुफा मंदिरों में भी जल कुंड कटवा दिए थे। ऐसे गुफा मंदिरों में पहाड़ों का जल धीरे-धीरे निरंतर झिरता हुआ गुफा कुंडों को भरता रहता रहा है, जिसका उपयोग लोग आदिकाल से करते रहे हैं। इस कारण से यहां मवेशियों, वन्य प्राणियों एवं मनुष्यों को गर्मी की ऋतु में भी जलाभाव नहीं होता था। परन्तु स्वतंत्रता पश्चात अनियंत्रित विकास,निरंतर जनसंख्या वृद्धि पश्चात पानी का खर्च तो बढ़ गया परंतु संरक्षण, संचयन और वर्षा घटती चली गई। भूवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो बुन्देलखंड में भूमि के अन्दर ग्रेनाइट पत्थर की चट्टानें चादर की तरह अथवा आड़ी-तिरछी खड़ी-बिछी पड़ी हुई हैं, जिनमें भूगर्भीय जलस्रोत होते ही नहीं हैं। जल भराव के दबाव में पानी बाहर निकल जाता है और तालाब पानी से खाली हो जाते हैं। असल में पथरीली, पहाड़ी, ढालू भूमि, जल प्रबंधन के लिए कुओं एवं तालाबों के निर्माण तक ही उपयुक्त है, न कि बोरवेल खनन के लिए। बोरवेल 100 से 500 फुट गहराई तक खोदे जा रहे हैं, जिससे धरती के ऊपरी तल का पानी गहरे बोरवेलों में जा पहुंचता है। पठारी नदियों में हर साल बारिश के मौसम में इलाके की छोटी बड़ी नदियां उफान पर आ जाती है। इसका जल संचयन बेहतर विकल्प हो सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के चलते बुंदेलखंड में वर्षा की मात्रा में कमी आ रही है। सन् 2013 से 2018 के बीच, इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा में 60 प्रतिशत की कमी आई है। अनियंत्रित एवं अवैध खनन के चलते वर्षा जल को भूमि के अंदर पहुंचाने वाले रास्ते बाधित हो जाते हैं। पथरीली भूमि के कारण बारिश का पानी बह जाता है और भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता है। वर्ष 2008 की सामरा कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 'क्षेत्र में अर्ध-शुष्क जलवायु की स्थिति के कारण कम वर्षा सतही जल उपलब्धता को प्रभावित करती है और कठोर चट्टानी भू-भाग भूजल उपलब्धता को सीमित करता है। बुंदेलखंड क्षेत्र को 18वीं-19वीं शताब्दी मे प्रत्येक 16 वर्ष में बार-बार सूखे का सामना करना पड़ा था, जो 1968 से 1992 की अवधि के दौरान लगभग तीन गुना बढ़ गया है। हालांकि चित्रकूट जनपद के पाठा इलाके में वर्ष 1973 में पाठा पेयजल परियोजना शुरू की गई थी जिसके तहत यहां पानी की टंकियां बनवाई गईं और लोगों को पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाने का वादा किया गया था लेकिन जल संकट बरकरार रहा। योजना आयोग की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2009-10 से भारत सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज को लागू करना शुरू किया था। इस पैकेज का उद्देश्य सिंचाई, पेयजल, कृषि, पशुपालन, वन, आजीविका के साधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार कर पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करना था। जल-संबंधी योजनाओं के तहत बड़ी एवं छोटी सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, नए कुओं का निर्माण, पुराने कुओं, टैंक एवं तालाबों का गहरीकरण, कुओं से पानी निकालने के लिए एडीपीई पाइप का वितरण, ट्यूबवैल, चेकडैम का निर्माण तथा मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य किए गए हैं। बुंदेलखंड पैकेज के तहत उत्तर प्रदेश को साल 2009 से 2019 के बीच तीन चरणों में 3107.87 करोड़ रुपये दिए गए। इसके लगभग 66 प्रतिशत का उपयोग पानी के संकट के समाधान के लिए किया गया। पहले चरण में उत्तर प्रदेश में करीब 92 करोड़ रुपये खर्च कर 2725 हैंडपंप लगाए गए और 12 पाइप योजनाओं के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट को लागू किया गया था। भूजल का स्तर बेहतर करने के उद्देश्य से यहां स्पेशल बुंदेलखंड पैकेज और अन्य सरकारी योजनाओं के जरिए चेकडैम और खेतों में तालाब बनाए गए लेकिन तालाब निर्माण से पूर्व भूजल स्तर, मृदा परीक्षण आदि नहीं किए जाने और वर्षा कम होने के कारण तालाब सूखे रह गए। चेकडैम जल्द टूट जाने से नदियों में गाद भर गया और पानी रुक नहीं पाता है। जून 2020 में 'हर घर जल' योजना प्रारंभ कर बुंदेलखंड के हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया। यह योजना केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का हिस्सा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की "हर घर नल और हर नल में जल" योजनासे बुंदेलखंड क्षेत्र में एक नई कहानी लिखी जा रही है। बुंदेलखंड के अधिकतर जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दी जानी है। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन की वृहद कार्ययोजना को तैयार की गई है। प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र के जल संकट को हल करने के लिए इज़राइल सरकार के साथ समझौता किया है।

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है। बुंदेलखंड में कृषि सिंचाई का लगभग 65 प्रतिशत भूजल से किया जा रहा है। अल्प पानी वाले इन क्षेत्रों में दलहन- तिलहन, ज्वार बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। हाल के वर्षों में यहां ज्यादा पानी की खपत वाले फसल धान और गेंहू की बुवाई बढ़ गई है। तालाबों में जल संचयन के साथ साथ भूजल रिचार्ज करना ही बेहतर उपाय है। खेती में जल संरक्षण के लिए ड्रिप इरिगेशन तथा स्प्रिंकलर सिंचाई बेहतर विकल्प है।

व्यंग्य

बाबू होता है चुंबक

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बाबू वो सम्मान जनक पद है जिस पर प्रायः लड़कियां ही विराजती हैं। बाबू होता है चुंबक। और लड़कों में लौह तत्व की प्रधानता पाई जाती है। ऐसे में किसी कन्या को बाबू मान लेने भर से लड़के ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसी मनोदशा को प्राप्त होते है। दिमाग़ वन वे ट्रैफ़िक हो जाता है। बाबू ने क्या खाया? क्या पहना? कहां है? किससे मिला? क्यों मिला? मुझसे कब मिलेगा? जैसे विचारों से ही संचालित होता है वो। वो बस बाबू के बारे मे सोचता है, और कुछ सोच ही नहीं सकता। सोचता है तो बाबू को पता चल जाता है। बाबू बुरा मान जाता है ऐसे में और फिर बाबू को राजी करना बहुत महंगा सौदा होता है।

भक्त को हमेशा घुटनों पर होना होता है अपने। बाबू क्या करता है ऐसे में? बाबू मजे लेता है उसके। वीआईपी जैसा बर्ताव करता है। चार लोगों के बीच पहचानता ही नहीं उसे। और पहचानता भी है तो औपचारिक हो जाता है। बाबू होना मंत्री पद की शपथ ले लेना है। वो बस वायदे करता है, लंबी-लंबी छोड़ता है और मुद्दे को टालता है। लड़के उससे निरीह जनता की तरह पेश आते है और उम्मीदों पर टिके रहते है।

बाबू भगवान होता है और ऐसे में सामने वाली पार्टी को भक्त होना पड़ता है। भक्त से बस श्रद्धा और सब्र की अपेक्षा की जाती है। भगवान के दरवाज़े पर जाते वक्त दिमाग़ दरवाज़े पर छोड़कर जाना पड़ता है भक्त को। भीड़ के बीच भक्त की आंखें मिल भी जाएं भगवान से, तब भी वो तटस्थ भाव से देखता है उसे। आप को बस अंदाज़ा लगाना पड़ता है कि वो आपसे राजी है और आप पर कृपा करने की सोच रहा है।

भगवान कब दर्शन देगें? इस जन्म में देगें कि नहीं ये भगवान की मर्ज़ी है? पर भक्त को पूरी निष्ठा से मंदिर की घंटी बजाना ही होता है। प्रसाद ले जाना भी ज़रूरी है वरना भगवान बुरा मान सकता है। बाबू के रिश्तेदार उसकी अम्मा, उसके बिगडेल भाई सब पुजारी की भूमिका में होते हैं। ये ध्यान रखते हैं कि भक्त उन्हें अनदेखा तक सीधे भगवान तक पहुंच ना बना ले। बाबू राज़ी ही तभी होता है जब आप उसके इन रिश्तेदारों को साध लें। उनसे व्यवहार बनाए बिना बाबू तक पहुंचना मुश्किल ही होता है ऐसे में भक्त का निरीह पर्स उधड़ जाता है। कुपोषण का शिकार होता है वो और बहुत बार मर ही जाता है। गरीब भक्तों से भगवान अनमने होते हैं और अमीर भक्तों को वीआईपी दर्शन दे बैठने में संकोच नहीं करते।

बाबू तमाम सवालों से परे होता है। तानाशाह टाईप की चीज। आप चाहें तो उससे सवाल पूछ लें पर जवाब देना या ना देना उसकी मर्ज़ी पर निर्भर है। पर यदि बाबू आपसे कुछ जानना चाहें तो उसे फ़ौरन जवाब चाहिए होता है। बाबू, बाबू होते ही अफ़सर हो जाता है। एक विशिष्ट बोध है बाबू होना। उसका रथ ज़मीन से एक हाथ ऊपर चलता है। बाबू होना अंग्रेज हो जाना है जिसे सामने वाला काला गुलाम लगता है। बाबू हमेशा शासक की भूमिका में होता है जो ना सुनना ही नहीं चाहता। वो बस मन की बात करता है। यदि आप अपने बाबू को खोना नहीं चाहते तो आपको हमेशा सुनना और हां कहना सीखना ही होता है।

बाबू की एक ख़ासियत यह भी कि वो अहसान नहीं मानता। आप जो भी करते हैं वो आपका कर्तव्य और उसका अधिकार होता है। वो आपके हर काम में नुक्ता चीनी कर सकता है। और आप चूं भी नहीं कर सकते। उसे खुश कर पाना आमतौर पर नामुमकिन होता है। मिसाल के लिए आप अपनी गरदन भी काट कर उसे पेश करें तो वो इस बात पर अनमना हो सकता है कि गरदन सलीके से नहीं काटी गई है और दो इंच नीचे से काटी जाती तो बेहतर होता।

लड़कों को आमतौर पर बाबू होने का मौक़ा मिलता नहीं। लड़कों का बाबू होना हैली पुच्छल तारे के निकलने जैसी अनहोनी है। पर बहुत से लड़के इस मामले में स्पेशल क़िस्मत लिखवा कर पैदा होते हैं। एक बार बाबू का पद हासिल करते ही वो भी वही सब करते हैं जो बाबू को शोभा देता है। हालांकि बाबू हुए लड़के ज्यादा उदार होते हैं। उन्हें राज़ी करना अपेक्षाकृत सरल होता है। कैसे राज़ी किया जा सकता है उन्हें इस बाबत यहां लिखना मुनासिब नहीं।

बाबू इंतज़ार नहीं करता। जो इंतज़ार करता है वो बाबू नहीं होता। बाबू भाव खाता है वो आपका वक्त और दिमाग़ी सुकून खा सकता है। बाबू बात नहीं मानता, वह बात मनवाता है अपनी। आप केवल इसी सूत्र से अपने संबंधों की जांच पड़ताल कर सकते हैं कि आप बाबू है या भक्तों की गिनती में हैं। पता कर लें तो मुझे भी बताइएगा।

कोचिंग संस्थान लील रहे युवाओं का जीवन

असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

> कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है।

भारत युवाओं का देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को सबसे युवा देश माना है। देश की कुल आबादी में से तकरीबन 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष आयु और 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष आयु तक के नागरिकों की है। देश के इन भावी कर्णाधारों को कुशल नागरिक बनाने की गरज से शिक्षा, कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। बढ़ते वैश्वीकरण और निजीकरण के दौर में कॅरियर और 'सैलेरी पैकेज' जैसे शब्द भी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं में जुड़ गए हैं।

एक शिक्षित युवा अपने कॅरियर के माध्यम से स्वयं एवं परिवार की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति तथा परिवार, समाज और देश के विकास में अपने योगदान की उत्कृष्ट भूमिका देखना चाहता है। इस लक्ष्य के साथ ही उसके जीवन में परिश्रम और संघर्ष का दौर शुरू हो जाता है। लक्ष्य पाने के लिए युवाओं के अंदर समर्पण, परिश्रम और संघर्ष संतुलित रूप में तो वांछनीय हैं, लेकिन महत्वाकांक्षाओं का अतिरेक अगर जीवन को ही लीलने लगे तो वह अभिशाप बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से युवाओं के बीच कॅरियर, पारिवारिक महत्वाकांक्षाओं, अकेलेपन एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट्स की बेतहाशा फीस एवं घरेलू आर्थिक दबाव के कारण हो रही आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं इसी कटु यथार्थ को उजागर करती हैं। वैसे तो युवा कॅरियर आकांक्षियों द्वारा आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं देश के तकरीबन सभी स्थानों पर देखी जा रही हैं, लेकिन राजस्थान के कोटा के साथ ये ख़ास तौर अधिक जुड़ी हुई हैं। बीते वर्ष इस कोचिंग के गढ़ में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 26 मामले प्रकाश में आए थे, जोकि एक साल में सबसे अधिक मामले हैं। कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है। वहां कुकुरमुत्ते की तरह उग आए तकरीबन सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट्स प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लंबे-चौड़े दावे करते हैं। कहा जाए तो कोटा में कोचिंग व्यवसाय के कारखाने खुल गए हैं। देश के तकरीबन हर प्रांत, खास तौर पर उत्तरी भारत के हज़ारों युवा अपनी और परिवार की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की आस में इन इंस्टीट्यूट्स के जाल में फंस कर कोचिंग की पढ़ायी करने के लिए प्रवेश लेते हैं।

एडमिशन लेते समय तो उनके अंदर काफी उत्साह होता है, लेकिन जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धात्मक पढ़ाई एवं मोटी फीस आदि खर्चों का बोझ बढ़ता है, उन्हें हताशा और कई तरह के दबाव घेरने लगते हैं। होता यह है कि अधिकांश कोचिंग इंस्टीट्यूट्स विद्यार्थियों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं, जिसकी पूर्ति के लिए कई विद्यार्थियों के निर्धन या मध्यम परिवारों को न केवल कर्ज़ लेना पड़ता है, बल्कि कई स्थितियों में जमीन जायदाद भी बेचनी पड़ती है। यह दोहरा बोझ विद्यार्थियों के मन को लगातार कांटे की तरह चुभता रहता है। वे कड़ी मेहनत करते हुए किसी भी हाल में स्वयं और परिवार के अरमानों को पूरा करने के संघर्ष में जूझते रहते हैं और बार-बार परीक्षाओं में बैठने के प्रयास करते हैं। यह बहुआयमी दबाव उन्हें तनाव से भर देता है, और सफलता नहीं मिल पाने पर इस तनाव की परिणति कई बार आत्महत्या के रूप में होती है।

माता-पिता इस तथ्य को समझ नहीं पाते कि हर विद्यार्थी बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। अगर वे स्वयं उच्च पदों पर नहीं रहे हों तो इस अधूरी महत्वाकांक्षा की पूर्ति की अपेक्षा बच्चों से करने लगते हैं। कई परिवार कोचिंग में अधिक व्यय और सफल नहीं हो पाने के लिए बच्चों को ताने देने से भी गुरेज नहीं करते। उन्हें समझना होगा कि घर से दूर रात दिन सफलता के लिए जूझ रहे बच्चों में से सभी को सफलता मिल ही जाए, यह ज़रूरी नहीं है।

इधर केंद्र सरकार ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के लिए जो नयी गाइडलाइन जारी की है, उसमें बेतहाशा फीस वसूलने पर पंजीकरण निरस्त किए जाने की चेतावनी दी है। विद्यार्थियों को भी समझना होगा कि जीवन अमूल्य है, महत्वकांक्षाएं और कॅरियर उसके बाद है। एक रास्ता बंद हो जाने का यह अर्थ नहीं कि आगे बढ़ने के लिए दूसरे दरवाज़े नहीं हैं। अपनी बौद्धिक एवं पारिवरिक क्षमता को परखते हुए महत्वाकांक्षाओं को समायोजित करना होगा। याद रहे, जिंदगी है तो संसार है, और संसार है तो कॅरियर के रास्तों की भी कमी नहीं।

सोशल फोरम

प्राण प्रतिष्ठा

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

सनातन धर्म की मान्यता अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आइए देंखे की सिख धर्म, जिसे अक्सर सनातन की ही शाखा कहा जाता है, इस संबंध में क्या कहता है। सिखों के पहले गुरु नानक जी द्वारा लिखित जपुजी साहिब के मूल मंतर में बहुत स्पष्ट रूप से ईश्वर के बारे में बताया गया है। गुरु नानक के बाद आये नौ अन्य गुरुओं ने भी ईश्वर की इसी कल्पना के आधार पर अपने विचारों को आगे रखा है। ईश्वर की ये कल्पना पूरे सिख धर्म की आधारशिला है। मेरा यहां किसी धर्म की किसी मान्यता से कोई विरोध नहीं। मेरा मकसद सिर्फ सिख धर्म के अनुसार ईश्वर की कल्पना को सामने रखना है। सिख धर्म के मूल मंत्र का हिंदी अनुवाद। मूलमंतर-'इक ओंकार, सतनाम, करता पुरुख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूरत, अजुनी सैभंग, गुरु प्रशाद, जप आदि सच, जुगादि सच, नानक होसी भी सच।'

अनुवाद- 'ईश्वर एक है, वही सत्य है, वही इस सृष्टि का रचयिता यानी सब कुछ करने वाला है। ईश्वर भय से रहित है, किसी से बैर रखने वाला नहीं, ईश्वर राग द्वेष से दूर है। ईश्वर काल से परे है यानी ईश्वर अविनाशी है। उसका अस्तित्व सदैव बना रहता है। ईश्वर किसी योनि को धारण नहीं करता यानी ईश्वर जन्म मरण के चक्र से परे है। ईश्वर स्वयंभू है यानी वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। ये बात आदि काल में भी सही थी, आज भी सही है और भविष्य में भी सही होंगी।' 'थापिया न जाई कीता न होई। आपे आप निरंजन सोई।।' ईश्वर की इसी कल्पना को आगे थोड़ा और स्पष्ट करते हुए गुरु जी कहते हैं कि ईश्वर को मूर्त रूप में स्थापित नहीं किया जा सकता है और न ही उसे बनाया जा सकता है। वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। इस पाउडी के अंत में गुरु की महिमा बखान करते हुए कहते हैं कि गुरु के शब्द ही वेद हैं, गुरु ही शिव है, गुरु ही ब्रह्मा है और गुरु ही पारबती माई है। इस गुरु ने ही एक बात समझाई है कि इस संसार में समस्त प्राणी जगत का एक ही परमात्मा है। सबके भीतर एक, सबका मालिक एक, सबका साहिब एक। बस इसका विस्मरण न हो।

-फेसबुक वॉल से

ना जाने कहां खो गया हमारा वो सुकून

शाश्वत तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

सिनेमा हॉल में देखिए, फिल्म का आखिरी सीन चल रहा है लगता है कि अब दो-चार मिनट में फिल्म खत्म हो जाएगी, लोग एग्जिट के पास जाकर खड़े हो जाते हैं, फिल्म ख़त्म होते ही ऐसे भागते हैं जैसे अब तक जेल में थे। ट्रेन अगर अपने गंतव्य पर पहुंचने वाली हो तो लोग पंद्रह मिनट पहले सामान लेकर खानदान सहित दरवाजे पर ऐसे लद जाते हैं कि ट्रेन क्या पता रुके न रुके, धीमी होते ही बीवी बच्चों समेत कूद जाना है।

अभी कुछ दिन पहले मैंने देखा, ओपन एयर थिएटर में क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम था। लोगों को पता चल गया था कि ये आखिरी परफोर्मेंस है तो दस मिनट पहले कुछ कद्रदान ये कहते हुए निकल गए कि बाद में पार्किंग में भीड़ हो गई तो गाडी फंस जायेगी, निकल लेते हैं। हमारे जीवन से धैर्य, तसल्ली, पेशेंस कहां चला गया? रील्स का जो ये ज्वालामुखी फटा है ये यही तो बता रहा है कि हम तीन मिनट का वीडियो भी शांति से नहीं देख सकते। हमें जानने की जल्दी तो है, सब कुछ जानना है लेकिन उसे समझने का धैर्य नहीं है।

आप माने ना माने आज हमने अपनी जिंदगी से ठहराव खो दिया है। अब हम रुक कर नहीं सोचते, थम कर उस गाने को पूरा नहीं सुनते जो हमारी आत्मा तक पहुंचने की कुव्वत रखता है। 'साहिब बीवी और गुलाम' जैसी क्लासिक फिल्म हमें स्लो लगती है। हम एक पांच सौ पेज की किताब नहीं पढ़ना चाहते इसलिए फेसबुक पर मैगी लेखकों का उदय हो रहा है जो आपको मोटी-मोटी किताबों में से कुछ उत्तेजक हिस्से निकाल कर पेश कर देते हैं और आपको लगता है हमने सब कुछ जान लिया। कहते हैं भगवान डिटेल्स में है लेकिन भगवान को भी कहां पता था कि डिटेल्स जानने की फुर्सत लोगों के पास रहेगी नहीं। किताबें तो बहुत दूर की बात रही लोगों के पास इतना धैर्य नहीं बचेगा कि सोशल मीडिया पर वो एक तीन पेज की फेसबुक पोस्ट पढ़ पाएं। वैसे तो ढाई पेज की चेखव की 'वांका' पढ़ना ही काफी है अगर हम वांका के दर्द को महसूस कर पाएं तो।

तसल्ली से एक बार थम कर, रुक कर, ठहर कर सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप समय बचा रहे हैं इसका आप क्या उपयोग करने वाले हैं? ज़रा सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप खो रहे हैं उसकी कीमत क्या है? सूचनाओं का ये अंबार जो हमारे दिमाग में सतत खलल मचाए हुए है वो हमें कहीं रुकने नहीं दे रहा है। एक तीन पेज की कविता पढ़कर उसको अपनी आत्मा तक पहुंचने देना और फिर उससे एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनकर निकलने का वक्त नहीं है हमारे पास।

आपको और मुझे रुकने की ज़रूरत है। सब कुछ जानना हमारे लिए ज़रूरी नहीं है। हमारे पास वक्त की कोई कमी नहीं है। हमने जो ये शिगूफा छेड़ रखा है ना कि टाइम नहीं है। ये बकवास बात है। बहुत वक्त है हमारे पास, इसलिए रुकिए, ठहरिए और बैठ जाइए। सिनेमा हॉल से भागने की ज़रूरत नहीं है, ट्रेन से कूद कर कहीं नहीं जाना है, रिमोट को एक तरफ रखकर फिल्म को देखना है और किसी अच्छी किताब के दो पेज पढ़कर रूककर सोचना है कि क्या पढ़ा। क्षणों को अपने अन्दर आत्मसात नहीं किया तो रोबोट बन जाएंगे। बन क्या जाएंगे बन ही रहे हैं, आज आप का अपने ऊपर से कंट्रोल खत्म हो गया है। कोई और ही है जो आप को कंट्रोल कर रहा है है। आप पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप के कहने पर ही काम कर रहे है। एक मिनट भी मोबाइल के बिना जीना मुश्किल है।

पुलिस सुधार



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार एवं अन्य मामले में, 22 सितंबर 2006 को पुलिस सुधार के संबंध में ऐतिहासिक महत्व का फैसला दिया था। इस आदेश के कार्यकारी बिंदू निम्नलिखित हैं: राज्य सुरक्षा आयोग का गठन।, पुलिस महानिदेशक का चयन एवं न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल। आईजी जोन, डीआईजी. रेंज, जिला पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित करना।, शांति व्यवस्था एवं अपराध विवेचना को अलग-अलग करना। पुलिस स्थापना बोर्डों का गठन।, पुलिस शिकायत प्राधिकरण का गठन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग का गठन।

फैसले को आए हुए 17 साल से अधिक समय बीत चुका है। अभी तक सिर्फ पुलिस महानिदेशक के कार्यकाल एवं नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में कुछ राज्य कार्यवाही कर रहे हैं और वह भी आधी अधूरी। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का केस भी चल रहा है परंतु राज्य और केंद्र सरकार कोई परवाह नहीं कर रहे।

दरअसल सरकारों और नौकरशाही को नाजायज काम करवाने के लिए पुलिस पर पूरा शिकंजा चाहिए। पुलिस सुधर गई तो सरकार और नौकरशाही की गुंडागर्दी कैसे चलेगी? विरोधियों को ग़लत आरोप लगाकर जेल भेजना और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की दबंगई एवं गुंडागर्दी को संरक्षण कैसे होगा? नौकरशाही अपनी सनक में डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाधिकारियो, पत्रकारों और अन्य किसी को पुलिस से कैसे पकड़वाएंगे? याद रहे कि नौकरशाही थानाध्यक्षों को सीधे जुबानी हुक्म देती है और थानाध्यक्ष अपने स्तर से फर्जी मामला बनाता है। जनता अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से पुलिस सुधार के लिए नहीं कहती। नेता वोट के अलावा किसी और बात से चिंतित नहीं होते हैं।

भाजपा के साथ अन्य दलों के नेताओं ने भी किए रामलला के दर्शन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में रविवार को दोनों सदनों के माननीय पहुंचे अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रविवार को दोनों सदनों के माननीयों ने रामलला के दर्शन किए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में शामिल अन्य दलों के लोगों ने भी पार्टी लाइन से हटकर दर्शन किए।

सभी को तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रामनामी व प्रसाद प्रदान किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक कैबिनेट मंत्रियों में सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, लक्ष्मी नारायण चौधरी, जयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, नन्द गोपाल गुप्त नन्दी, अनिल राजभर, जतिन प्रसाद राकेश सचान, अरविन्द कुमार शर्मा, योगेन्द्र उपाध्याय, आशीष पटेल, संजय निषाद ने रामलला का दर्शन किया।

राज्य मंत्रियों में नितिन अग्रवाल, कपिल देव अग्रवाल, रवीन्द्र जायसवाल, सन्दीप सिंह, गुलाब देवी, गिरीश चन्द्र यादव, धर्मवीर प्रजापति, असीम अरूण, जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर, दयाशंकर सिंह, नरेन्द्र कश्यप, दिनेश प्रताप सिंह, अरूण कुमार सक्सेना, दयाशंकर मिश्र दयालु, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, संजीव गोंड, बलदेव सिंह आलेख, अजीत पाल, जसवन्त सिंह सैनी, रामकेश निषाद, मनोहर लाल मन्नू कोरी, संजय सिंह गंगवार, बृजेश सिंह, केपी मलिक, सुरेश राही, सोमेन्द्र तोमर, अनूप प्रधान वाल्मीकि, प्रतिभा शुक्ला, राकेश राठौर गुरू, रजनी तिवारी, सतीश चन्द्र शर्मा व दानिश आजाद अंसारी ने रामलला के दर्शन कर प्रसाद किए।

रामलला के दर्शन के बाद रामनामी चुनरी ओढ़ सीढ़ियों पर बैठे योगी सरकार के मंत्री व विधायक। अमृत विचार

मंत्रियों ने परिवार के साथ दर्शन कर फोटो खिंचवाई

दोनों सदनों के सदस्यों व मंत्रियों ने रविवार को रामलला का दर्शन किया। इस दौरान कुछ मंत्रियों ने अपने परिवार के साथ दर्शन किया। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दर्शन के बाद मंत्रियों के परिवार के सदस्यों को भी रामनामी व प्रसाद दिया गया। सभी दर्शन के बाद बेहद प्रसन्न रहे और निकासी उत्तरी द्वार की सीढ़ियों पर फोटो भी खिचवाए। इतना ही नहीं कई बार सामूहिक रूप से जय श्रीराम का उद्घघोष भी किया।

रामलला का दर्शन-पूजन कर लौटते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व कैबिनेट के अन्य सदस्य। अमृत विचार

आम श्रद्धालुओं ने भी सुगमता से किए दर्शन

राम मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी मंत्रियों व विधायकों को वीवीआईपी गेट से परिसर के अंदर प्रवेश कराया गया। इसके अलावा आम श्रद्धालु भी रामलला का दर्शन सुगमता से कर सकें, इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से बेहतर इंतजाम किए गए थे। मंदिर में आम श्रद्धालु भी दर्शन-पूजन करते रहे। मंदिर में व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह समेत कई अधिकारी डटे रहे।

माननियों को भेंट किया गया रामनामी पट्टा और प्रसाद

रामलला के दर्शन-पूजन के लिए रविवार को आए मंत्रियों व विधायकों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास द्वारा रामनामी पट्टा एवं प्रसाद भेंट किया गया। इसके लिए रामजन्मभूमि से जुडे व विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने स्वयं कमान संभाल रखी थी। वहीं मंदिर में रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने सभी को दर्शन-पूजन कराया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे भी लगे।

नगर विधायक ने सआदतगंज में किया स्वागत

अयोध्या के प्रवेश द्वार पर विधानमंडल के सदस्यों व मंत्रियों का स्वागत किया गया। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र के सआदतगंज के पास स्वागत किया। कहा कि प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों और विधायकों के साथ एनडीए के भी विधायकों का यहां आना अयोध्या के लिए गौरव की बात है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी रहे।

श्रीराम जन्मभूमि परिसर में एक बिटिया को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री।

सोहावल टोल प्लाजा से फर्राटा भरते गुजरा काफिला

सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार : बिना कोलाहल के मंत्रिमंडल के माननीयों ने यहां 11 लग्जरी बसों से फरार्टा भरते हुए रौनाही टोल प्लाजा तहसीनपुर पार किया। उनके आगे सुरक्षा दस्ते की सायरन बजाती वीआईपी लगभग दो दर्जन कारें चल रही थी। जिन्हें रास्ता देने के लिए हाईवे पर जगह - जगह पुलिस कर्मी लगाए गए थे। काफिला आने से कुछ मिनट पहले हाईवे पर चलने वाले बड़े वाहनों को सड़क के किनारे रोक दिया गया। शेष यातायात सामान्य रहा। टोल प्रबंधक सिकरवार ने बताया माननीयों के लिए दो लेन सुरक्षित कर दी गई थी। हाईवे पर पेट्रोलिंग कर मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए बंदोबस्त किए गए थे।

स्वागत में फूलों के साथ बिखरी अवधी लोक संस्कृति की महक

स्वागत समारोह में लोक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

भेलसर, अयोध्या, अमृत विचार : मंत्रिमंडल और विधानमंडल के सदस्यों के स्वागत के लिए जिले की सीमा पर संस्कृति विभाग की ओर से लोक कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पारंपरिक अवधी लोक नृत्य के माध्यम से स्वागत को और शानदार बना दिया। सांस्कृतिक मंच पर अवधी लोक नृत्य के कलाकारों ने प्रस्तुतियां देकर बसों में मौजूद माननीयों को भी मोहित कर दिया। दस मिनट के लिए यहां रुके कारवां के दौरान बसों के अंदर से माननीय स्वागत से अभिभूत होकर फोटो और वीडियो बनाते भी दिखे।

संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अतिथि। अमृत विचार

विद्यालय के संस्थापक की मनाई जयंती

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार। प्रबंधक त्रिभुवन सिंह के मार्गदर्शन में पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल कसमंडा का स्थापना दिवस एवं पंडित बचान प्रसाद त्रिपाठी रामलाचार्य विद्यालय संस्थापक अध्यक्ष की जयंती मनाई गई। पंडित जी के चित्र पर सभी लोगों ने पुष्प अर्पित किये। कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, प्रबंधक त्रिभुवन सिंह, उपप्रबंधक जगतपाल सिंह कथा यजमान ओम प्रकाश सिंह पूर्व अध्यक्ष, चंद मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता देवेश सिंह फदाली, अमित सिंह प्रधानाध्यापक, अमरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ शिक्षक विनय पाल सिंह, शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह, रवि प्रकाश सिंह, गिरिराज यादव व नंदराम सहित गणमान्य लोग एवं छात्र उपस्थित रहे।

जगदम्बा ने नष्ट किया था त्रिदेव का अभिमान

महोली, सीतापुर। सम्पूर्ण जगत मां भगवती से व्याप्त है। देवी पुराण में लिखा है 'सर्व रूपमयी देवी सर्व देवी मयं जगत, अत: जिष्यामि भगवती मात्रं तथा'। ब्रम्हा, विष्णु, महेश सबकी उत्पत्ति का कारण जगदम्बा हैं तथा सभी के अभिमान का नाश करने वाली देवी जगदम्बा हैं। कस्बे के शक्तिनगर में स्थित मां कात्यायनी के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के दूसरे दिन रामेश्वरम धाम से पधारे भगवत कृष्ण शास्त्री ने देवी महात्म्य का बखान करते हुए यह सद्वचन कहे। उन्होंने कहा कि एक बार ब्रम्हा, विष्णु, महेश आदि देवताओं ने अभिमान किया कि हम यह कार्य नहीं कर पाएंगे तब भगवती ने एक कलश दिखाया उसमें असंख्य कीड़े भरे हुए थे। मां भगवती ने कहा तुम्हारे पहले इसमें ब्रम्हा, विष्णु व महेश कई बार यह कार्य न करने के कारण मैंने उन्हें कीड़ा बना दिया। यह सुनते ही त्रिदेव का अभिमान नष्ट हो गया।

श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी इसका भी रखा गया ध्यान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सीएम योगी और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर रविवार को समाजवादी पार्टी को छोड़कर सभी दल के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्रियों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित दिखे और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर प्रभु श्रीराम का गुणगान किया। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। इसके साथ ही वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान वह अपने बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पाकर काफी गदगद नजर आए और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए यूपी के विधायक और मंत्रियों का काफिला 10 लग्जरी बसों से रविवार को रामनगरी पहुंचा । विधायकों और मंत्रियों का काफिला करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे। वहीं विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और जय श्री राम के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। दर्शन के बाद सभी विधायकों और मंत्रियों को प्रसाद भी दिया गया। वहीं, सभी ने परिसर मंदिर में भोजन भी किया।

फरार वारंटियों के खिलाफ चला अभियान, 45 पकड़े

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: आपराधिक मामलों में कोर्ट से गैरहाजिर चल रहे आरोपियों के खिलाफ जिले की पुलिस ने अभियान चलाते हुए पिछले 24 घंटे में 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि विभिन्न मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इन फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए सभी थानों को अभियान चलाने की निर्देश दिया गया था। इस अभियान के क्रम में पुलिस ने 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें थाना कोतवाली नगर पुलिस ने पांच, थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दो, थाना इटियाथोक पुलिस ने एक, थाना खरगूपुर पुलिस ने दो, थाना छपिया पुलिस ने एक, थाना खोड़ारे पुलिस ने छह, थाना तरबगंज पुलिस ने दो, थाना नवाबगंज पुलिस ने तीन, थाना वजीरगंज पुलिस ने दो, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने दो, थाना करनैलगंज पुलिस ने छह, थाना परसपुर पुलिस ने छह, थाना कटराबाजार पुलिस ने तीन व थाना कौड़िया पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

बहू- बेटे ने की पिता की पिटाई, मुकदमा दर्ज

पसका, गोंडा : परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मरचौर दूबे पुरवा के रहने वाले राम सुंदर लोनिया ने थाने पर तहरीर देकर मारपीट मामले में बहु व बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर गुरुवार की शाम को उसका लड़का ननके लोनिया, बहु सुमना जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करने लगे। लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी। बचाने दौड़े नाती राजेश को भी मारापीटा, जानमाल की धमकी दी। वहीं परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलमत्थर राढ़ी पुरवा के रहने वाले विनोद कुमार मिश्रा ने मारपीट मामले में पुलिस को तहरीर दी है। और आरोप लगाया है कि गुरुवार की शाम को गांव के ही महेश मिश्रा ने उसके घर के सामने अनायास पिटाई कर दी। जानमाल की धमकी दी। इस बाबत थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर विधिक धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जाँच शुरू कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : 22 जनवरी को हुए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अयोध्या के इतिहास में एक नया अध्याय और जुड़ गया। पहली बार प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक रूप से रामलला के दर्शन कर 22 जनवरी की तरह ही 11 फरवरी का दिन भी इतिहास के पन्नों दर्ज करा दिया।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों और विधायकों के दल का जन्मभूमि परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने स्वागत किया। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इतना ही नहीं सभी ने मंदिर में रामलला के समक्ष हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। करीब दो घंटे तक दर्शन-पूजन के दौरान मंत्री और विधायक बेहद अभिभूत और उल्लासित दिखे। निर्धारित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से 10 लग्जरी बसों से रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे मंत्रियों व विधायकों के काफिले ने 11 नंबर गेट से जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। उसके बाद 12:50 मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला परिसर में पहुंचा। मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद मंत्रियों व विधायकों ने एक साथ रामलला के दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश किया। रामलला के दर्शन-पूजन और आरती के बाद आस्था से अभिभूत सभी ने एक स्वर में जय श्रीराम का उद्घोष किया।

रामलला के दर्शन के दौरान गर्भगृह में पालथी मारकर बैठे मुख्यमंत्री व मंत्री।

2024 में 400 पार का मांगा आशीर्वाद : केशव मौर्य

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रभु रामलाल का सभी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ दिव्य दर्शन का सौभाग्य मिला। मंदिर में रामलला के साथ समय बिताने से मन अह्लादित हो गया। हनुमान जी के चरणों में भाव अर्पित किया है। उन्होंने बताया कि रामलला का वंदन करते हुए 2024 में 400 पार का आशीर्वाद मांगा है। यह भी कहा कि मैंने समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाने के लिए भी आराध्य से प्रार्थना की है। बोले- जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं।

रामलला हैं सब पर भारी, काशी, मथुरा और श्रृंगवेरपुर की बारी : संजय निषाद

मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज त्रेतायुग का वह क्षण है। जब कभी त्रेता में निषाद राज ने राम का दर्शन किया था। उनकी सेवा ने रावण राज्य को खत्म किया था। आज एक बार फिर निषादराज के वंशज के रूप में दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दूंगा। उन्होंने मंदिर आंदोलन में प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वरीय कृपा से 500 साल का संघर्ष पूर्ण हुआ। बोले- आज रामलला सब पर भारी हैं। काशी मथुरा और श्रृंगवेरपुर की बारी है। समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज अवसर था पार्टी के नेता भी आकर यहां प्रयाश्चित कर सकते थे।

समान नागरिक संहिता देश की जरूरत : मोहसिन

अल्पसंख्यक मंत्री मोहसिन रज़ा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सबके दिलों में बसते हैं। आज उनकी जन्मस्थली पर आए हैं, करोड़ों लोगों का सपना साकार देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता देश की जरूरत है। कहा कि विपक्ष के कुछ लोग और कुछ धर्मगुरु पर्दे के पीछे से समान नागरिक संहिता को लेकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर सतर्क हैं।

अवध से रिश्ता पुराना : आराधना

दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर रामलला का दर्शन पूजन करने पहुंचीं कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा भावुक नजर आईं। इस दौरान उन्होंने पुरानी यादें भी ताजा की। उन्होंने कहा कि अवध में मेरा पुराना नाता है। मैं बचपन से ही यहां आती रही हूं। आज रामलला के दर्शन का सौभाग्य हासिल हुआ। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व मकर संक्रांति पर्व पर भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या आई थी। अब फिर मौका मिला।

सामूहिक आंदोलन से परिवहन सेवाओं में होगा व्यवधान

सीतापुर, अमृत विचार। पंजाब और हरियाणा के कुछ संगठनों ने 13 फरवरी 2024 से दिल्ली मार्च का आह्वान किया है। इस आंदोलन में प्रमुख राजमार्गों और अन्य मुख्य सड़कों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली के लिए तमाम संगठनों का सामूहिक आंदोलन शामिल होगा। इससे आंदोलनकारियों की भीड़ के कारण परिवहन सेवाओं में बड़े पैमाने पर व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना है। अतीत में, अब निरस्त किए गए केंद्रीय कृषि अधिनियमों के खिलाफ 2020 में किसानों द्वारा इसी तरह के विरोध प्रदर्शन के कारण भारत के कई हिस्सों में आवश्यक वस्तुओं और दवाओं की कमी हो गई थी। प्रस्तावित किसान जमावड़े के कारण इसी तरह के परिदृश्य की तीव्र संभावना है। अधिकांश दवा विनिर्माण इकाइयां पंजाब जैसे उत्तरी राज्यों में स्थित हैं।

हिमाचल और हरियाणा आदि अन्य राज्यों में दवाओं का वितरण मुख्य रूप से सड़क मार्ग से होता है। आपातकालीन दवाओं की अनुपलब्धता के कारण कई रोगियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा था, जो दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन के कारण बाधित हुआ था, गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अन्य राज्यों से रोगियों को दिल्ली ले जाने वाली एम्बुलेंस/वाहनों का प्रवेश भी प्रभावित हुआ था। आंदोलनकारी यदि फिर सड़कों पर उतरे तो ऐसी ही स्थिति फिर उत्पन्न हो सकती है। सड़क और रेल नाकेबंदी से पेट्रोल डीजल और आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले ट्रकों और मालगाड़ियों की आवाजाही में बाधा आएगी। इससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित होगी, जिससे अत्यधिक जमाखोरी होगी और घबराहट में खरीदारी होगी। इससे आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोत्तरी होगी।

उमाशंकर सिंह बोले बसपा धर्म निरपेक्ष दल

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और सभी धर्मों का सम्मान करती है। सभी को अपने धर्म और पंथ को मानने और उस अनुसार आचरण की छूट है। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सभी विधायकों को रामलला का दर्शन-पूजन करने के अवसर उपलब्ध कराया गया। इसके लिए अच्छी व्यवस्था की गई। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर दर्शन-पूजन को लेकर राजनीति का आरोप लगाया।

कल्याण सिंह की इच्छा हुई पूरी : संदीप

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह के पौत्र संदीप सिंह ने कहा कि यह पल बहुत ही खुशी का है। हम सभी को एक साथ यहां पर भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला है। बाबू जी का सपना था कि श्री रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो और उसी स्थान पर बने जहां उनका जन्म स्थान है। उनके सामने मंदिर का निर्माण शुरू हो गया था। आज उनकी इच्छा पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें खुशी की अनुभूति हो रही है।

रामराज्य की नई ऊर्जा से होंगे कल्याणकारी कार्य

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 500 वर्ष के संघर्ष, त्याग, तपस्या और बलिदानों के बाद प्रभु रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए। यह हमारा सौभाग्य है कि विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित मंत्रीयों व विधायकों के साथ रामलला का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। यहां से हम लोग एक नई ऊर्जा लेकर जा रहे हैं। इसी ऊर्जा के साथ देश और प्रदेश में रामराज्य की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे।

एक नजर

खेत में मिला महिला का शव, प्रेमी पर रिपोर्ट दर्ज

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार : इनायत नगर थाना क्षेत्र के निमड़ी पूरे पिलाई गांव के बाहर एक निजी नलकूप के बगल खेत में विवाहिता का शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है और भाई की तहरीर पर उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। अमरेश यादव निवासी पकड़ी का मठा मंझरे हैंजना कलां, थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर का कहना है कि बहन आरती देवी की शादी निमड़ी पूरे बक्शी गांव निवासी राजित राम से हुई थी। राजित राम रोजगार के सिलसिले में बाहर रहता है। निमड़ी पूरे पिलाई गांव निवासी डॉ. बाबूराम यादव ने बहन को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और कोर्ट मैरिज का झांसा दे रहा था। कोर्ट मैरिज करने से इनकार करने पर बहन ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

वाहन की टक्कर से युवक घायल, लखनऊ रेफर

सीतापुर, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र लहरपुर के ग्राम नेरिया परसिया निवासी कोमल पुत्र विनोद ने कोतवाली तालगांव पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि उसके चाचा शुभकरन 38 वर्ष मजदूरी करने थाना तालगांव के ग्राम न्यामूपुर विगत शुक्रवार को गए थे जहां से काम करने के बाद साइकिल से जीतामऊ बाजार जा रहे थे, लहरपुर बिस्वां मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट लहरपुर की तरफ से आ रहे एक अज्ञात चैपाहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, घायल शुभकरन को ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में भर्ती कराया। उसे ट्रामा सेंटर लखीमपुर रेफर किया गया। सुधार न होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेज दिया गया।

मूर्तियों का विधि-विधान से किया गया पूजन

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : मां संकटा देवी धाम में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के अष्टम दिवस यज्ञाचार्य पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री सहित अन्य आचार्यों ने पूर्व आवाहित देवताओं का पूजन अभिषेक तथा मां पार्वती, वास्तु मंडल व देवताओं का सहस्रार्चन, सर्वतोभद्र व श्री दुर्गा सप्तसती के मंत्रों द्वारा हवन पूजन सम्पन्न होने के साथ आदिशक्ति मां संकटा मइया का महाभिषेक व भव्य श्रृंगार सम्पन्न हुआ। प्रतिमाओं का शर्कराधिवास, घृताधिवास व औषधाधिवास कराया गया। सोमवार को प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा होगी। किरन वाजपेयी, आंजनेय आशीष वाजपेयी, ऋतुजा वाजपेयी आरजे वर्मा, सुशीला वर्मा, शशांक वर्मा, शिवानी वर्मा, चंद्रकांत रस्तोगी रहे।

19 केंद्रों पर 5,049 अभ्यर्थियों ने दिया इम्तिहान

नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से हुई आरओ व एआरओ की परीक्षा, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

आरओ, एआरओ परीक्षा की निगरानी करती डीएम व एसपी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा जनपद में नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी ने संयुक्त रूप से अमेठी के शिव प्रताप इंटर कॉलेज व सरयू देवी सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे।

इस दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। इसके अतिरिक्त परीक्षा में लगाए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। बताते चलें की आरओ, एआरओ प्री परीक्षा जनपद के 19 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में पूर्वाह्न साढ़े 9 बजे से पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तक एवं अपराह्न ढाई बजे से अपराह्न साढ़े 3 बजे तक आयोजित हुई। दोनों पालियों में निर्धारित परीक्षार्थियों 8064 में से प्रथम पाली में 2515 व द्वितीय पाली में 2534 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

केंद्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते सीओ के साथ पुलिसकर्मी।

रविवार को समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारम्भिक परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक व्यवस्था की गई तज। सभी परीक्षा केन्द्रों, प्रमुख स्थानों, चौराहों पर क्यूआरटी टीम सहित पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी अमेठी लल्लन सिंह द्वारा थानाक्षेत्र अमेठी व संग्रामपुर में, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज व मुंशीगंज में, क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह द्वारा थानाक्षेत्र जायस में, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा थानाक्षेत्र मुसाफिरखाना में एवं जनपद के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र में निर्धारित आरओ, एआरओ परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया था। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे व सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश, निर्देश दिये गये थे।

घनश्याम बने भाजपा ओबीसी के जिला अध्यक्ष

अमेठी, अमृत विचार : जिले में पिछड़े वर्ग के साथ सर्व समाज के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले पूर्व प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य घनश्याम चौरसिया को भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को काशी, अवध और कानपुर, बुंदेलखंड क्षेत्र के 23 जिलाध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं , पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी खुशी जताई है और बधाई दी है।

घनश्याम चौरसिया पिछले चार दशक से पंचायतों की राजनीति में सक्रिय हैं। 1990 के दशक में हुए साक्षरता आन्दोलन की उपज घनश्याम चौरसिया ने क्षेत्र पंचायत सदस्य के रूप में सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की थी। श्री चौरसिया और उनकी पत्नी कृष्णा चौरसिया तीन टर्म अमेठी विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख रहे हैं। नव सृजित जनपद की जिला पंचायत में भी चौरसिया दम्पत्ति का प्रतिनिधित्व बराबर बना हुआ है। पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू, ब्लाक प्रमुख मंजू मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सदस्य जगन्नाथ पांडेय, रंजन तिवारी पूर्व प्रधान राजदेव कश्यप, जयरा देवी, रवि प्रताप सिंह, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष त्रिभुवन दत्त, शीतला यादव, स्वामी दयाल यादव आदि ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

जालंधर में नौकरी कर रहे युवक की छत से गिरकर मौत

बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के देवराकोट गांव के निवासी एक युवक की जालंधर शहर में छत से गिर जाने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सूचना पर परिवार में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि देवराकोट गांव निवासी हृदय राम निषाद पुत्र शिवलाल निषाद कई वर्षों से जालंधर शहर में गद्दा की फैक्ट्री में काम करता है। रविवार को प्रधान मनोज सिंह व मृतक के भाई राजीव निषाद ने बताया शनिवार ड्यूटी के बाद रात लगभग एक बजे वह दो मंजिली छत पर बाथरूम करने गया था। इसी बीच वह उसका पैर फिसल जाने से गिरकर मौत हो गई।

राहुल की न्याय यात्रा का अमेठी में असर नहीं: अमरेंद्र सिंह

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : भाजपा नेता अमित सिंह पिंटू ने दावा किया है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का अमेठी में कोई असर नहीं है न किसी तरह की कोई चर्चा है। अमेठी अब वंशवाद के चक्कर में नहीं पड़ने वाली है। दीदी स्मृति ईरानी ने अमेठी में विकास किया है और उस विकास को राहुल गांधी को देखना चाहिए विकास कैसे होता है।

पिंटू ने कहा कि अमेठी ने कई दशकों तक वंशवाद के दंश को झेला है। अमेठी ने उस दिन को देखा है जब हजारों की संख्या में लोग मुख्य द्वार पर खड़े रहते थे और सांसद पीछे के गेट से निकल जाते थे। अब अमेठी ऐसे लोगों के चक्कर में आने वाली नही है। पिंटू ने कहा कि राहुल गांधी को देखना है तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान देखते जाए कि विकास कैसे होता है। जिस ओवरब्रिज से उनकी यात्रा जाएगी, उसे बनवाने का काम स्मृति ईरानी ने किया है। अमेठी में मेडिकल कॉलेज, ट्रामा सेंटर, खाद का रैंक सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्र, आक्सीजन प्लांट, बाईपास, गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ना, जेके सीमेंट, कोकाकोला जैसे तमाम बड़े कारखाना की स्थापना, रेलवे स्टेशन का विस्तार व सौंदर्यीकरण जैसे तमाम विकास के काम जो स्मृति ईरानी ने किए हैं, राहुल गांधी को इसका जबाब देना चाहिए कि आजादी के बाद कई दशकों तक अमेठी को ऐसी मूलभूत सुविधाओं से क्यों वंचित रखा गया। एक सवाल के जवाब में भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू ने कहा कि गांधी परिवार का अमेठी से केवल स्वार्थ का रिश्ता रहा है। यहां के लोगों का वोट लेकर देश में राज करते रहे है।

उन्होंने कहा कि अमेठी के विषय में कभी नहीं सोचा। जब अमेठी की जनता ने इनकी हिटलर शाही और स्वार्थी राजनीति से अजीज आकर 2019 में अमेठी से इन्हें विदा कर दिया तो आप इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि अमेठी से इनको कितना प्रेम था। 5 साल में यह 4 चार बार अमेठी आए हैं। हेलीकॉप्टर से या गाड़ी के छत पर बैठकर हाथ हिला दिल्ली लौट गए हैं। इन्होंने कभी भी अमेठी के दर्द को नहीं समझा। अब चुनाव करीब है तो इनकी आने-जाने की प्रक्रिया शुरू हो रही है लेकिन इनको समझना चाहिए कि अमेठी अब इनके बहकावे में नहीं आएगी। अब उसे कोई छल नहीं सकता है। 2024 में पुनः अमेठी में कमल खिलेगा और स्मृति ईरानी अमेठी की सांसद होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की नीतियों के चलते ही जनता में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकार की लाभकारी योजनओं का लाभ मिल रहा है। इस वजह से विरोधी दल घबराए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र भी दिए।

किया दावा

भाजपा नेता बोले- अमेठी अब वंशवाद के चक्कर में नहीं पड़ने वाली, फिर खिलेगा कमल

बताते चलें कि भाजपा गांव चलो अभियान के तहत बीती रात भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू की अगुवाई में भारी मात्रा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीठीपुर गांव में चौपाल लगाई और रात्रि विश्राम किया। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत को लेकर आगे बढ़ रही भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गांवो की ओर चल पड़ी है। कहा भी जाता है कि भारत गांवो में बसता है। भाजपा सरकार की कुछ योजनाओ पर नजर डाली जाए तो उनका सीधा फायदा गांवो को ही मिल रहा है। जिसमें निःशुल्क राशन योजना, आयुष्मान भारत योजना , मुख्यमंत्री मंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना प्रमुख है। इस मौके पर अमेठी मण्डल के बूथ संख्या 104 पीठीपुर में रात्रि प्रवास पूर्व बीडीसी विनोद कुमार मौर्य के यहां व भोजन विवेक मिश्र के यहां अपने साथियों के साथ में अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' ने किया। साथ में बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र, ग्राम प्रधान सूरज यादव, मन की बात प्रमुख आयुष तिवारी, प्रोग्राम प्रमुख सुशील मौर्य, सेक्टर इंचार्ज रमाशंकर मिश्र, व्हाट्सएप प्रमुख अश्विनी सिंह, राजेंद्र कुमार व मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी सहित बूथ के कार्यकर्ता साथ में रहें सभी को सरकार की उपलब्धियों से अवगत करवाया गया व जन जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहूचाने की बात की गई।

सेना ने युवा अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण विंडो खोली

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : युवाओं की क्षमता को समाहित करने के लिए, भारतीय सेना ने 21 वर्ष की आयु के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए अपनी पंजीकरण विंडो खोलने की घोषणा की है। 13 फरवरी से 22 मार्च तक युवा व्यक्ति सम्मानित भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के माध्यम से देश की सेवा की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू करने के अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं और 10वीं), और अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, स्टोर कीपर टेक्निकल सहित विभिन्न भूमिकाओं के लिए पंजीकरण अब खुला है। इच्छुक उम्मीदवारों से आग्रह किया जाता है कि वे लिंक के माध्यम से अपनी वांछित श्रेणी में आवेदन करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों की अच्छी तरह से समीक्षा कर लें। नई भर्ती प्रक्रिया के तहत, उम्मीदवारों को रैली में भाग लेने के लिए सीईई मेरिट सूची में उत्तीर्ण होना और स्थान सुरक्षित करना होगा। इस प्रकार, सभी उम्मीदवारों के लिए जेआईए वेबसाइट पर पंजीकरण करना और ऑनलाइन सीईई के लिए आवेदन करना अनिवार्य है, जो राष्ट्र की सेवा करने के उनके सपने की दिशा में महत्वपूर्ण पहला कदम है। पंजीकरण प्रक्रिया की रूपरेखा बताने वाला एक विस्तृत वीडियो जेआईए वेबसाइट पर उपलब्ध है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवार आवेदन प्रक्रिया को निर्बाध रूप से पूर्ण कर सके। सभी 13 जिलों अमेठी, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशी नगर, महराजगंज, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर और सुल्तानपुर के इच्छुक उम्मीदवारों से अपील है कि वे आज ही जेआईए वेबसाइट पर पंजीकरण करके अग्निवीर बनने के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। अग्निवीर भर्ती सभी योग्य युवाओं को इस अवसर का लाभ उठाने और भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है। अभी जेआईए वेबसाइट पर पंजीकरण करें और राष्ट्र के लिए सम्मान, साहस और सेवा की यात्रा पर निकलें।

अपहरण का आरोपी महीने भर बाद गिरफ्तार

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : महिलाओं के प्रति अपराध को लेकर जहां योगी सरकार एक ओर सख्त नजर आ रही है, तो वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में एक महिला अपनी नाबालिक बेटी की बरामदगी के लिए महीनों से लगातार पुलिस अधिकारियों व थाने का चक्कर काट रही थी। महिला का आरोप था कि पुलिस आरोपियों के परिजनों से पूछताछ के बजाय पीड़ित महिला को ही रोज थाने बुलाकर पूछताछ के बहाने परेशान करती थी। एक फरवरी को खबर प्रकाशित होने पर महीने भर बाद पास्को सहित दुष्कर्म का केस दर्ज कर पुलिस ने दरिंदे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र का था। जहां बीते 12 जनवरी की शाम घर पर अकेली मौजूद नाबालिग लड़की घर से लापता हो थी। पीड़ित मां ने पड़ोसी गांव के ही दबंगों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए संग्रामपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने अपहरण की तहरीर लेने से इनकार करते हुए बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर लेकर एफआईआर दर्ज कर लिया था। घटना के 18 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली थे। तभी पीड़ित मां ने अपनी परेशानी अमृत विचार के संवाददाता से बताई थी। पीड़ित महिला ने बताया था कि 12 जनवरी की शाम जब वह बाजार गई थी तो उसकी लड़की को पड़ोस गांव के ही ठाकुर के लड़के धीरेंद्र सिंह उर्फ बीके सिंह अपने दो साथियों के साथ अपहरण कर ले गए थे। जब वह घर गई तो घर का दरवाजा खुला पड़ा था। ढूढने के बाद उसकी बेटी का कहीं पता नहीं चला था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी और 13 जनवरी को संग्रामपुर थाने पहुंचकर दबंगों के खिलाफ अपहरण की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने उस समय अपहरण की तहरीर लेने से इनकार करते हुए तहरीर बदलवाकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद भी वह 18 दिनों से पुलिस के बुलाने पर थाने का चक्कर लगा रही थी। इसके साथ ही अमेठी सीओ, एसपी को भी अपहरण की तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन उसको न्याय नहीं मिला था। पीड़ित द्वारा बताई गई बातों को जब अमृत विचार ने 1 फरवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो पुलिस के रोंगटे खड़े हो गए। खबर प्रकाशित होते ही पुलिस ने साक्ष्यों का संकलन कर रविवार को आरोपी धीरेंद्र सिंह उर्फ बीके को हिरासत में लेकर पॉस्को एक्ट व दुष्कर्म की धारा में बढ़ोत्तरी करते हुए जेल भेज दिया है।

पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

अमेठी, अमृत विचार: थाना शुकुल बाजार पुलिस ने छज्जूपुर ओवरब्रिज के पास से एक युवक को अवैध पिस्टल, एक अदद मैग्जीन व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक प्रेमचन्द्र गौतम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान जीप कम्पास कार सवार संख्या यूपी 53 सीवाई 5400 से मो. आरिफ अहमद पुत्र मंजूर अहमद (35) निवासी ग्राम बक्तावर नगर थाना शुकुल बाजार को छज्जूपुर ओबरब्रिज के पास से समय करीब सवा सात बजे शाम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अवैध पिस्टल,एक अदद मैग्जीन व दो जिन्दा कारतूस बोर बरामद किया है। पुलिस टीम द्वारा उक्त कार के कागज मांगने पर दिखा नही सका जिसे सीज कर दिया गया है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

बड़ौदा यू.पी. बैंक Baroda U.P. Bank

कब्जा सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या, पोस्ट- साहेबगंज, जिला-अयोध्या- 224001 (यू.पी.)

कब्जा सूचना (नियम 8(2) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु

जबकि अधोहस्ताक्षरी जोकि **बड़ौदा यू.पी. बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी है, द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार ऋणियों को मांग नोटिस जारी किया गया था। जिसके अनुसार मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वर्णित धनराशि का भुगतान बैंक को करने की सूचना ऋणियों / जमानतकर्ता को दी गई थी। ऋणियों द्वारा बकाया धनराशि का भुगतान करने में असफल रहने पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम (8) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा ऋणियों / उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दी गई सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया गया है। ऋणियों / जमानतकर्ताओं / बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशेष रूप से व जनसाधारण को सामान्य रूप से एतदद्वारा विषयगत सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करने के लिए सावधान किया जाता है और इस सम्बन्ध में किया गया कोई भी संव्यवहार **बड़ौदा यू.पी. बैंक** के अधोवर्णित प्रभारों व देय ब्याज / खर्चों के अधीन होगा।

खाता/उधारकर्ता का नाम (सम्पत्ति के मालिक)	प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरणी	(अ)मांग नोटिस की तिथि (ब)सांकेतिक कब्जा की तिथि (स)मांग नोटिस के दिन तक बकाया शेष
उधारकर्ता—मेसर्स क्षमा ट्रेडर्स प्रो. फूल चंद्र पता ग्राम खोजतपुर पोस्ट—करमपुर जिला—अंबेडकरनगर **जमानतकर्ताः श्रीमती सरेखा देवी** पत्नी श्री फूल चंद्र एवं श्री राजेश	अचल संपत्ति का विवरणः संपत्ति / भूमि प्लॉट संख्या 45 विक्रय विलेख संख्या 4028 / 23—09—2009 दिनांक 23—09—2009 के माध्यम से खरीदी गई जो घरवासपुर चौबे से बेनीपुर रोड गांव घरवासपुर चौबे पोस्ट बेनीपुर परगना मिझौड़ा तह. भीटी जिला —अम्बेडकरनगर में स्थित है। क्षेत्रफलः 253.02 वर्गमीटर जोकि श्रीमती सरेखा देवी पत्नी श्री फूल चन्द्र के नाम पर है। **चौहद्दी (वर्तमान में)**: पूर्व—पल्ली यादव का प्लॉट, पश्चिम—विनोद कुमार का घर, उत्तर—घरवासपुर चौबे से बेनीपुर रोड, दक्षिण—विनोद कुमार का प्लॉट **चौहद्दी (डीड के अनुसार)**: पूर्व—अमरजीत का प्लॉट, पश्चिम—विनोद कुमार (प्रथम पक्ष) का प्लॉट, उत्तर—घरवासपुर चौबे से बेनीपुर रोड, दक्षिण—विनोद कुमार का प्लॉट (प्रथम पक्ष)	(अ) **08.11.2023** (ब) **08.02.2024** (स) रू. **06,04,695.45** दिनांक 08.11.2023 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे
उधारकर्ता—(1) श्रीमती हेमा सिंह पत्नी श्री पंकज सिंह, पता—मोहल्ला गद्दोपुर, कामिश्नारी कॉलोनी, सिविल लाइन्स, जिला—अयोध्या 224001, (पता—ग्राम व पोस्ट—गुंधौर, परगना—पश्चिम राठ, तहसील—बीकापुर, जिला —अयोध्या **(2) श्री पंकज सिंह** पुत्र श्री कृष्ण कुमार सिंह, पता—मोहल्ला गद्दोपुर, कमिश्नारी कॉलोनी, सिविल लाइन्स, जिला— अयोध्या 224001, (पता—ग्राम व पोस्ट गुंधौर, परगना—पश्चिम राठ, तहसील —बीकापुर, जिला— अयोध्या	अचल संपत्ति का विवरणः संपत्ति / भूमि का साम्यिक बंधक प्लॉट संख्या 2194 एवं 2195, क्षेत्रफल—773.00 वर्गमीटर, विक्रय विलेख संख्या 1154, दिनांक— 25.04.2011, ग्राम गुंधौर, परगना—पश्चिम राठ, तहसील—बीकापुर, जिला—अयोध्या में स्थित है,जो कि श्रीमती हेमा सिंह पत्नी श्री पंकज कुमार सिंह के नाम पर है। **चौहद्दी (डीड के अनुसार)**: पूर्व— बाग राज करण सिंह और अन्य, पश्चिम— ग्राम सभा का चक मार्ग प्लाट, उत्त—सड़क फिर खेत के बाद प्रमोद कुमार और अन्य, दक्षिण—बलराम और अन्य का खेत	(अ) **01.06.2022** (ब) **09.02.2024** (स) रू. **08,06,117.00** दिनांक 29.04.2022 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे
उधारकर्ता— (1) श्रीमती कुसुम सिंह पत्नी श्री शैलेन्द्र सिंह, पता—बनवीरपुर, मगलसी, जिला—अयोध्या **(2) श्री शैलेन्द्र सिंह** पत्नी श्री हनुमान सिंह, पता—बनवीरपुर, मगलसी, जिला—अयोध्या	अचल संपत्ति का विवरणः (1) साम्यिक बंधक संपत्ति / भूमि प्लॉट नंबर 59, क्षेत्रफल—379.46 वर्गमीटर, बनवीरपुर, परगना—मगलसी, तहसील—सोहवाल, जिला—अयोध्या में स्थित है। **मालिक – श्रीमती कुसुम सिंह पत्नी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह चौहद्दी (डीड के अनुसार)**: पूर्व—लिंक मार्ग माझा कला, पश्चिम—पॉलिटेक्निक की बाउंड्रीवॉल, उत्तर— छप्पर चौतू यादव, दक्षिण—कोशेरर राम भवन की विश्राम भूमि। (2) साम्यिक बंधक संपत्ति / भूमि प्लॉट संख्या 59, क्षेत्रफल—126.48 वर्ग मीटरबनवीरपुर, परगना—मगलसी, तहसील—सोहवाल, जिला—अयोध्या में स्थित है **मालिक—श्रीमती कुसुम सिंह पत्नी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह चौहद्दी (डीड के अनुसार)**: पूर्व—रास्ता माझा कला, पश्चिम— पॉलिटेक्निक की बाउंड्रीवॉल, उत्तर— क्रेता का प्लॉट, दक्षिण—रामदीन और अन्य की भूमि	(अ) **01.06.2022** (ब) **09.02.2024** (स) रू. **11,43,427.00** एवं रू. **07,81,343.00** दिनांक 26.02.2019 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे
उधारकर्ता— मेसर्स विशाल स्टील्स प्रो. राम खेलावन गुप्ता पता ग्राम और पोस्ट मुबारकगंज जिला—अयोध्या **जमानतकर्ता : श्रीमती मिथिलेश गुप्ता** पत्नी श्री राम खेलावन गुप्ता व श्री सतीश गुप्ता पुत्र श्री राम खेलावन गुप्ता	अचल संपत्ति का विवरणः संपत्ति / भूमि प्लॉट नंबर 56एम. नया नंबर 61एम बिक्री विलेख संख्या 5830 / 91 दिनांक 27—11—1991 के माध्यम से खरीदा गया जो ग्राम उसरू (बहार नगर पालिका अंदर इम्प्रूवमेंट ऑफ ट्रस्ट) परगना हवेली अवध तहसील और जिला—अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 1361 वर्गफिट जोकि श्रीमती मिथिलेश गुप्ता पत्नी श्री राम खेलावन गुप्ता के नाम पर है **चौहद्दीः** पूर्व—सड़क, पश्चिम—भूमि श्री राम चंदर और अन्य, उत्तर—भूमि श्री राम आसरे, दक्षिण— शेष वेदी की भूमि।	(अ) **30.09.2016** (ब) **06.02.2024** (स) रू. **03,48,887.00** दिनांक 30.09.2016 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे

दिनांक 11.02.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी—बड़ौदा यू.पी. बैंक

संबोधन

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बोले– पिंजड़े में बंद नेताओं से कोई भला नहीं, हमें मजबूत करे ओबीसी समाज

संविधान के अनुरूप शासन व्यवस्था को संघर्षरत है बसपा

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : रविवार को सेमरा में बहुजन समाज पार्टी का सेक्टर स्तरीय कैडर कैम्प आयोजित किया गया। कैडर कैम्प को प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी के क्रम में सर्व समाज के लोगों को बसपा के पक्ष में एक जुट करने के साथ भाजपा और सपा के झूठे प्रचार तंत्र से मतदाताओं को सावधान करने का संदेश दिया। कहा कि आजादी के बाद बनी हुकूमतों ने भारतीय संविधान को ठीक ढंग से लागू नहीं किया, इसीलिए 14 अप्रैल 1984 को मान्यवर कांशीराम को बहुजन समाज पार्टी बनानी पड़ी। बहुजन समाज पार्टी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं को ठीक ढंग से लागू करने के लिए संघर्षरत एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है। मंहगाई, बेरोज़गारी और जातिवादी राजनीति के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां को घेरा और कहा कि दोंनों पार्टियां उद्योग पतियों के हाथों बिकी हुई है। इनसे गरीबों के हित की बात करना बेमानी है। देश में केवल बहुजन समाज पार्टी ही एक मात्र राजनीतिक दल है। जिसका संगठन गरीब कार्यकर्ताओं के खून, पसीने की कमाई से चलता है। प्रदेश अध्यक्ष ने अखिलेश यादव के पीडीए गठबंधन को जुमने बाजी बताया और कहा कि अखिलेश सरकार ने दलितों और पिछड़ों का नुक़सान करने के अलावा और कोई काम नहीं किया। आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू जी महाराज नगर के नाम से बने अमेठी जिले सहित बहुजन महापुरुषों के नाम से बने सभी जिलों को खत्म किया। पीडीए कोई विचारधारा नहीं सिर्फ दलितों, पिछड़ों को गुमराह कर कुर्सी हथियाने की कोशिश में बना फेल गठबंधन है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पिछड़े वर्ग के लोगों को फोकस करते हुए कहा कि 1952 में पिछड़ी जातियों की राजनीतिक हिस्सेदारी केवल एक फीसदी थी। कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी बनाकर पिछड़ी जातियों में लीडर शिप पैदा करते हुए भारतीय राजनीति के व्याकरण को बदल दिया। बसपा की नर्सरी में तैयार हुए ओबीसी के नेता बेटे, बेटियों के लिए टिकट और अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिए निजी स्वार्थ में अलग हुए हैं और पिंजरे में बंद होकर काम कर रहे हैं। बहुजन समाज खासकर ओबीसी समाज, इन पिंजरे में बंद नेताओं के चक्कर में न फंसे और बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करें, यदि ऐसा न हुआ देश और समाज दोनों का भारी नुक़सान होगा। कैडर कैम्प में जिला पंचायत सदस्य नम्रता जायसवाल और सेक्टर कमेटी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कैडर कैम्प का संचालन जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने किया। जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, अवकाश प्राप्त प्र.अ. शिवहर्ष, विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, विधानसभा प्रभारी राम करन, महासचिव कमलेश कुमार, विधानसभा सचिव जुबेर अहमद, किशन सिंह गौतम, सेक्टर अध्यक्ष राजाराम, विजय कुमार, डा. घनश्याम कश्यप, आरएस चक्रवर्ती, संगम कश्यप, अनिल गौतम, डा.कालिका प्रसाद, राम समुझ, रामजतन यादव, जगत बहादुर, अम्बेडकर कल्याण समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश, मिश्रीलाल, बृजेश, सुरेन्द्र कुमार, फूलचंद, एडवोकेट चंदन भीम लक्षनदास आदि मौजूद रहे।

स्मृति चिन्ह भेंट करते बसपाई। अमृत विचार

सभी जिलों में खुलेगा वाहन फिटनेस सेंटर : चन्द्रभूषण

परिवहन विभाग ने प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत आयोजित किया कार्यक्रम

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : परिवहन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत रविवार को तुलसी सदन हादीहाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारम्भ परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने कहा कि सरकार का सड़क इंजीनियरिंग पर फोकस है।

सड़क दुर्घटना रोकने व हो जाने पर त्वरित राहत व बचाव कार्य शुरू होने पर मुख्यमंत्री का जोर है। प्रदेश में 30 मोटर ड्राइविंग स्कूल व हर जिले में वाहन फिटनेस सेंटर खोले जाएंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सुरक्षित घर या कार्यस्थल तक पहुंचें।

सड़क सुरक्षा के संबंध में लोगों को जागरूक करते परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण व अन्य।

परिवहन आयुक्त ने गोल्डेन टाइम में घायलों की मदद करने पर श्रवण कुमार, उमेश सिंह, राधेश्याम एवं शारदा प्रसाद बिन्द को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर नेक नागरिक सम्मान दिया। डीएम संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल ने परिवहन आयुक्त को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिले के बहुंचरा गांव के रहने वाले आईएएस परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि मैं मुख्य अतिथि बनकर प्रतापगढ़ नहीं आया हूँ। यहां का होने के नाते यह सन्देश देने आया हूँ कि यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहें। प्रतापगढ़ की जागरूकता का लोग उदाहरण दें। डीएम की अध्यक्षता में जो रोड सेफ्टी की समिति बनी है उनमें 5-5 लाख रूपये दिये गये हैं, जिससे जो छोटे-मोटे ब्लैक स्पॉट होते हैं,इस धनराशि का उपयोग छोटे-मोटे ब्लैक स्पॉट कार्य के लिये कर सकते हैं।

कहा कि शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को डीएम संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ नवनीत सेहारा,भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी, प्रदेश संयोजक अशोक कुमार पाठक, प्रवक्ता गौरव मिश्र,भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने भी सम्बोधित किया। एआरटीओ प्रवर्तन दिलीप कुमार गुप्ता, एआरटीओ प्रशासन बीके सिंह, एसडीएम सदर उदयभान सिंह, संजय सिंह,फौजदार सिंह,रंजन सिंह,डा.मो.अनीस,अविनाश सिंह,शिवम त्रिपाठी,संगीत दुबे आदि मौजूद रहे। साकेत गर्ल्स पीजी कालेज, संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा, एलजी एकेडमी चिलबिला,जीजीआईसी, एमडीपीजी कालेज के छात्र- छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया।

16 फरवरी को एक्टू से जुड़ी यूनियनें भारत बंद में होंगी शामिल

प्रयागराज, अमृत विचार : ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस एक्टू की जिला कमेटी ने रविवार को एक बैठक आयोजित कर 16 फरवरी को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारत बंद के समर्थन में जिले की संबंधित यूनियनों को शामिल होने पर निर्णय लिया गया। एक्टू के जिला अध्यक्ष कामरेड सिद्धेश्वर मिश्रा ने कहा कि देश में 1990 से लागू उदारीकरण निजीकरण व वैश्वीकरण की मुहिम पहले से ही आमजन के जीवन को तबाह कर रही थी। वर्ष 2014 में झूठे वादों व अच्छे दिन आएंगे के नारे के साथ मोदी सरकार बनी कॉर्पोरेट वर्ग के एक सच्चे सेवक के रूप में मोदी की साथ गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में स्थापित हुई। जिसमें नव उदारवादी आर्थिक नीतियों का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के साथ जहरीला मिश्रण शामिल था। इस सरकार के 10 साल की अवधि में ना तो बेरोजगारों को रोजगार मिला और ना महंगाई से राहत मिली।

सार-संक्षेप

चौक के गुंबद का झण्डा बदलने वाला गिरफ्तार

प्रतापगढ़ अमृत विचार : शहर के भीड़भाड़ वाले स्थल चौक घंटाघर के गुंबद पर मजहबी झंडा लगाने का अरोपी मो. आशिक पुत्र रफीक निवासी सदर बाजार मोहम्मदी मस्जिद के पास को पुलिस ने पकड़ लिया। रविवार को पुलिस ने उसे रामलीला मैदान से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। शहर के भीड़ वाले क्षेत्र व मकंदूगंज पुलिस चौकी के बगल घण्टाघर चौक में शनिवार सुबह हुई घटना से माहौल बिगड़ने का अंदेशा था। लोगों की समझदारी व पुलिस की तत्परता से माहौल शांत रहा। पुलिस के अनुसार वह मजदूर है। रोज चौक काम की तलाश में आता था। उसे जाने क्या सूझा, उसने हनुमान ध्वज हटाकर हरा मजहबी झंडा लगाकर हड़कम्प मचा दिया। एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी आशिक की पहचान करके गिरफ्तारी की गई। उसे जेल भेज दिया गया।

डिवाइस चिप के साथ दबोचा गया नकलची

लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार : समीक्षाधिकारी व सहायक समीक्षाधिकारी की परीक्षा में रविवार को डिवाइस चिप के साथ कक्ष निरीक्षक ने परीक्षार्थी को पकड़ लिया। इसके बाद विधिक कार्रवाई कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। राम अजोर मिश्र इंटर कालेज लालगंज में सुबह की पाली में कक्ष संख्या तेरह में एक अभ्यर्थी सन्दिग्ध दिखा। तलाशी लेने पर डिवाइस चिप के साथ पकड़ा गया। सूचना पर लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित मयफोर्स पहुंचे उसे हिरासत में ले लिया। बताया गया कि नकलची पट्टी तहसील के पट्टी बसेहरा निवासी सुभाष चन्द्र पटेल का पुत्र प्रवीण कुमार पटेल डिवाइस को बनियान में लगाकर कान में चिप से प्रश्नों को हल कर रहा था। केंद्र व्यवस्थापक सुनील कुमार शुक्ल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रवीण कुमार के खिलाफ परीक्षा में अनुचित साधन के प्रयोग तथा जालसाजी का केस दर्ज किया है।

वर्चस्व की जंग में युवक को मारी गोली,गंभीर

पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार : आसपुर देवसरा के रमगढ़ा गांव निवासी नितिन तिवारी(25) पुत्र हरिश्चंद्र तिवारी को वर्चस्व को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। विवाद में उसे गोली मार दी गई। गोली सीने, जबड़े और हांथ में लगी है। जानकारी मिलते ही परिजन उपचार के लिए उसे सीएचसी अमरगढ़ ले गए,वहां हालत गम्भीर देख डाक्टरों में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया,जहां हालत गंभीर बनी हुई है। उसे कंधई पुलिस ने कुछ दिन पूर्व असलहे के साथ गिरफ्तार किया था।

नदी में गिरने से युवक की मौत

प्रयागराज, अमृत विचार : फेरी लगाकर लगाकर परिवार का भरण पोषण करने वाले एक युवक रविवार पीपापुल से नीचे यमुना मे गिर गया। जिससे उसकी डूबने से मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर पुलिस ने पहुंचकर उसे पानी से बाहर निकलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना कर दी है। लालापुर क्षेत्र के प्रतापपुर गांव के नंदा का पूरा कौशांबी के समीप लिंक रोड के समीप पीपा पुल पर सुबह सरायअकिल के इसीपुर गांव का रहने वाला महेंद्र (30) पुत्र देवराज मिर्च की फेरी लगाता था। रविवार की सुबह वह लालापुर से वापस लौट रहा था। वह पीपापुल अचानक नदी मे गिर गया। जिसकी डूबने से मौत हो गयी। स्थानीय लोगो ने सूचना सरायअकिल पुलिस को दी तो मौके पर पुलिस पहुंच गई। काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अंडर पास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार : रेलवे हाल्ट स्टेशन व अंडर पास बनवाने की मांग को लेकर राईपुर गांव में रेलवे लाइन के किनारे क्षेत्रीय ग्राम विकास युवा संघ प्रतापगढ़ के साथ ग्रामीणों धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि कई पंच वर्षीय बीत जाने के बाद भी केवल आश्वासन ही मिला है।सांसद,विधायक और क्षेत्रीय नेताओं के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि फाटक व अंडर पास न बनने के कारण विद्यार्थियों और मरीजों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। सूचना पर पहुंचें एसडीएम रानीगंज शैलेन्द्र वर्मा के आश्वासन पर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में साथ देगा कलवार समाज:अजितेश

संवाददाता, नैनी

अमृत विचार: काजीपुर, नैनी स्थित सुंदरम गार्डन गेस्ट हाउस में युवा मंच की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हुई। इसमे मुख्य अतिथि युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल और विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर प्रयागराज जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र रहे।

इस मौके पर अजितेश जायसवाल ने कहा कि 2024 में मोदी के नेतृत्व में पुनः भाजपा की सरकार बनाने में जायसवाल समाज पूरा साथ देगा। क्योंकि उनके नेतृत्व में देश, प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में कलवार समाज को भागीदारी देने की मांग भी मंच से की।महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर चुनाव में जुट जाने का आवाहन करते हुए प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान प्रयागराज भाजपा ओबीसी मोर्चा महानगर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल का युवा मंच के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव आकाश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव जायसवाल, महानगर अभियान संयोजक रोहित जायसवाल, युवा मंच के जिलाध्यक्ष अभिषेक जायसवाल, अधिवक्ता जूही जायसवाल, अनिकेत जायसवाल, पार्षद राकेश जायसवाल, पार्षद दिलीप जायसवाल समेत युवा मंच के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

महापौर ने की गांव चलो अभियान की शुरूआत

नैनी, अमृत विचार : किसान मोर्चा नैनी मंडल के तत्वधान में गांव चलो अभियान के अंतर्गत रविवार को महापौर गणेश केसरवानी ने गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश और केंद्र सरकार की देन है जो आज भयमुक्त समाज नागरिकों को मिल रहा है। केंद्र व प्रदेश की सरकार गांव की खुशहाली के लिए योजनाएं ला रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में गांव चलो अभियान के अंतर्गत जन जागरण करते हुए सभी नागरिकों को पत्रक वितरण महापौर के नेतृत्व में किया गया। किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सुनील विश्वकर्मा, नितिन केसरवानी उर्फ बबलू, विजय केसरवानी, मनीष केसरवानी, महामंत्री उमेश सेन, नित्यानंद, नरसिंह, प्रदीप तिवारी, सुनील कुशवाहा उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

रानीगंज, प्रतापगढ़

अमृत विचार : अस्पताल में भर्ती दोस्त को खाना पहुंचा कर शनिवार की देर रात बाइक से घर वापस जा रहे युवक की बाइक में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे साथी की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना से परिजन बेहाल हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कंधई थाना क्षेत्र के रखहा दीवानगंज निवासी ऋषिकेश सिंह (27) पुत्र लक्ष्मीनारायण व शेखर सिंह (26) पुत्र छेदीलाल के साथ बाइक से दुर्गागंज में दूसरे गांव के शैलेन्द्र को खाना पहुंचाने शनिवार को गया था। वहां से घर लौटते समय रानीगंज थाना के लच्छीपुर बाजार के पास बालिका इंटर कालेज के पास पहुंचते ही पट्टी की तरफ से रानीगंज की ओर आ रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ऋषिकेश सिंह की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और इलाज हेतु ट्रामा सेंटर रानीगंज ले आयी। जहां डाक्टरों ने ऋषिकेश को मृत घोषित कर दिया।

सामूहिक विवाह में 101 जोड़े बने हमसफर

कुण्डा प्रतापगढ़

अमृत विचार : योगीराज देवरहा बाबा चैरिटेबल एंड वेलफेयर ट्रस्ट व राजा भइया यूथ ब्रिगेड की तरफ से आयोजित सामूहिक विवाह में 101 जोड़े हमसफर बने। सभी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के समक्ष सात फेरे लिए।

टीपी इंटर कालेज से नगर का भ्रमण करते हुए 101 दूल्हों की बरात बजरंग महाविद्यालय पहुंची। यहां द्वारचार पर दूल्हों का जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया, एमएलसी प. अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, बाबागंज विधायक विनोद सरोज, पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष डा. के. एन.ओझा ने माला पहनाकर सभी का स्वागत कर उनकी अगवानी की। इस वर्ष राजा भइया यूथ ब्रिगेड ने 99 हिंदू कन्याओं का विवाह व 2 मुस्लिम कन्याओं का निकाह कुबूल कराया गया। इस दौरान यूथ ब्रिगेड ने सभी कन्याओं को उपहार के रूप में साइकिल, बेड, बिस्तर, बाक्स, एलईडी टीवी, आलमारी, कसहड़ा, बटुआ आभूषण के समान समेत गृहस्थी के 74 प्रकार के सामान भेंट किए। द्वारपूजा के बाद कन्यादान की रस्म भी निभाई गई। व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी न रह जाए, इसके लिए भी उनके प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव इधर-उधर कार्यकर्ताओं को भेजते रहे।

महिलाओं में प्रयागराज व पुरुषों में अपेक्स की टीम ने बाजी मारी

नैनी, अमृत विचार : अभिमन्यु शाखा पार्क नैनी के ग्राउंड में स्वर्गीय माधुरी यादव स्मृति प्रयागराज मंडली जिला हैंडबॉल पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का समापन रविवार को हो गया। पुरुष वर्ग फाइनल में अपेक्स नैनी ने प्रयागराज को 8 की मुकाबले 28 गोल से जबरदस्त शिकस्त दी। वहीं महिला वर्ग में प्रयागराज जिले ने अपेक्स नैनी को 9 के मुकाबले 16 गोल से हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। जनपद कौशांबी ने महिला व पुरुष वर्ग के दोनों श्रेणियां में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में सर्वाधिक गोल करने वाले अनुभव सिंह को बेस्ट प्लेयर वहीं अच्छा प्रदर्शन करने वाले अतुल सिंह को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड दिया गया। महिला वर्ग में अंशिका सिंह को बेस्ट गोलकीपर तथा वी चंद पांडे को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड दिया गया। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण बद्रीनाथ दीक्षित डायरेक्टर अपेक्स एजुकेशन सोसाइटी प्रयागराज के द्वारा किया गया।

प्रयागराज में संतों ने कहा- अब बलिदान नहीं मतदान की जरूरत

प्रयागराज, अमृत विचार : धर्म आस्था और अध्यात्म की नगरी संगम में माघ मेला क्षेत्र स्थित विश्व हिंदू परिषद के शिविर आशा रविवार को संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने-कोने से माघ मेले में आए साधु संत शामिल हुए। जहां पर धर्मांतरण, राम मंदिर, ज्ञानवापी परिसर, श्री कृष्ण जन्मभूमि, तथा गौ रक्षा आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान साधु संतों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव पर भी संतो ने बिगुल फूंका। जिसमें सनातन धर्म को बढ़ावा दे रही मोदी सरकार का समर्थन किया गया। संत सम्मेलन में आये जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। उसी तरह अब देश में फिर भगवा लहराएगा। वही वेदांती महराज ने कहा कि अब राम राज्य आ गया है। अब बलिदान की जरूरत नहीं है बल्कि मतदान की जरूरत है।

डॉक्टर के खिलाफ शुरू होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

संवाददाता, प्रयागराज

- आशा कार्यकर्ता को थप्पड़ मारने का मामला
- आशा बहुयें निकालेंगी जुलूस करेंगी घेराव

अमृत विचार: कमला नेहरू हॉस्पिटल में बीते गुरुवार को मरीज दिखाने पहुंची आशा कार्यकर्ता को डॉक्टर द्वारा थप्पड़ मारने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को थाने पर तहरीर देने के बाद भी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई न किये जाने के बाद सोमवार को जिले के सभी ब्लाकों से आशा कार्यकर्ता कमला नेहरू अस्पताल पहुंचकर प्रदर्शन करेंगी। उनका कहना है कि अगर डॉक्टर माफ़ी नही मांगता है उसे हटाया नही जाता है तो यह आंदोलन प्रदेश व्यापी होगा।

मालूम हो कि रीवा की रहने वाली इंद्रकली तिवारी की बहन प्रतिमा तिवारी घूरपुर थाना अंतर्गत सरंगापुर के पालपुर में रहती है। प्रतिमा चाका ब्लाक में आशाबहू है। प्रतिमा तिवारी छह फरवरी को कैंसर विशेषज्ञ डॉ. बी पॉल के पास अपनी बहन को दिखाने पहुंची थी। जहां काफी देर के बाद उनका नंबर आया और उन्होंने किसी तरह से डॉक्टर को अपनी बहन को दिखाया।

उस दौरान जांच रिपोर्ट वापस मांगने पर डॉक्टर और आशाबहू से विवाद हो गया। पीड़िता कहना है कि जांच रिपोर्ट मांगने पर डॉक्टर ने उन्हें थप्पड़ मार दिया था। धक्के देकर कमरे बाहर भगा दिया था। प्रतिमा ने बताया कि डॉ पॉल के बिना किसी गलती के थप्पड़ मारा है।

उन्होंने बताया कि घटना की तहरीर कर्नलगंज थाने में दिया गया था लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की है। घटना के बाद दूसरे दिन न्याय मांगने के लिये प्रतिमा के समर्थन में सैकड़ो की संख्या में आशा बहओ, संगिनी और मरीजों ने डॉ. पॉल का कमला नेहरू में घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। इसके बाद भी डॉक्टर पॉल ने माफी नही मांगी। उस दौरान पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर सभी को शान्त करा दिया था। इस मामले में कार्रवाई न किये जाने के बाद रविवार को आशा यूनियन कि अध्यक्ष रंजना ने बताया कि सोमवार को जिले के सभी ब्लाक से आशा बहुए बालसन चौराहे पर पहुंचकर जुलुस निकालेंगी और डॉक्टर बी पॉल का घेराव करेंगी।

वर्ग पहेली-340

बाएं से दाएं

2.1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।

5.1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार-पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।

7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।

8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल-बूटों का उभार।

ऊपर से नीचे

1.1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।

3.1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।

4.1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।

6.1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव, विस्तार, प्रसार 2. उतनी लंबाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।



वर्ग पहेली - 339 का हल

1 ता	सी	र	■	2 जूं
प	■	■	3 अ	भ
ती	■	4 अ	कृ	प	ण
■	■	■	षि	■
5 ऐ	6 ड	हा	क	7 डा
■	रा	■	■	ब
8 सं	वा	द	■	र

सुडोकू -57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8				9		2	
2		7			3			
	5		1			7		4
		4			7		5	
	3						8	
	1		6			2		
5					1		3	
			2			5		
1			8				6	

सुडोकू - 56 का हल

2	5	6	3	1	9	8	4	7
4	9	8	7	5	2	6	3	1
7	3	1	4	6	8	5	9	2
3	2	7	5	9	4	1	6	8
1	8	4	6	3	7	9	2	5
5	6	9	8	2	1	4	7	3
9	1	5	2	7	6	3	8	4
6	4	2	1	8	3	7	5	9
8	7	3	9	4	5	2	1	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 17 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 14 .56 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज नौकरी पेशा लोग अपनी जॉब को लेकर थोड़े तनाव में रहेंगे। आपसे अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। बेवजह के मामलों में आपको फंसने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा न करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

वृष — आज नई जॉब की शुरुआत हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन बहुत सुखमय रहेगा। लवमेट्स प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र में आप बड़ा प्रयोग करना चाहते हैं। लेकिन उसे करने में आपको कठिनाई महसूस होगी। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। अधिकारी वर्ग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। आप अपने काम को लेकर दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

कर्क — आज किसी जरूरी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। व्यवसाय में ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिए।

सिंह — आज सहकर्मियों के साथ झगड़ा हो सकता है। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पुरानी बातें दोबारा सामने उभर के आ सकती हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बड़ा करके दिखायेंगे।

कन्या — आज आपको व्यवसाय में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। आज सुबह से आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने मन की इच्छाओं को शेयर करना हितकर होगा।

तुला — आज दूसरों की मदद करने से आत्मिक सन्तोष की अनुभूति होगी। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रुके हुए काम को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारियाँ प्राप्त हो सकती है।

वृश्चिक — आज किसी नई विधा का प्रयोग आप सीख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। किन्तु दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से आपको बचना चाहिए।

धनु — आज बच्चों की गलत गतिविधियों को नजरअन्दाज न करें। विरोधी आपकी आलोचना करेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। कारोबार में मनोनुकूल परिणाम मिलने की सम्भावना कम हैं। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

मकर — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

कुंभ — आज आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। शरीर में थकावट और कमजोरी महसूस हो सकती है।

मीन — आज प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आज व्यवसाय में तेजी रहेगी। पहले हुए नुकसान की आज भरपायी हो सकती है। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा ज़ोर पकड़ेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पहचान — दोपहर : 12 .00
- राम लखन — शाम : 06 .00

SONY MAX
- ब्लैक चोर — सुबह : 09 .00
- न तुम जानो न हम — रात : 09 .00

Utsav Gold
- मेरी जंग — सुबह : 11 .45
- लम्हे — शाम : 06 .15

ZEE CINEMA
- अकेले हम अकेले तुम — सुबह : 08 .40
- सलामे इश्क — रात : 07 .00

colors CINEPLEX
- क्या कहना — दोपहर : 12 .18
- चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 06 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बेटी- मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..

बाप - थैंक गॉड... मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..

बेटी - पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, ...जो मम्मी रखकर गई है...

बापबेहोश...

टीचर- तुम पंछी के बारे में सब जानते हो? टप्पू- हां टीचर

टीचर- अच्छा ये बताओ कौन सा पंछी उड़ नहीं सकता?

टप्पू- मरा हुआ पंछी, दे थप्पड़.... दे थप्पड़.

टप्पू की बात सुनकर टीचर ने उसे भरी क्लास में मुर्गा बना दिया..

एक नजर

मणिपुर में चार दिन पहले लापता हुआ ग्राम स्वयंसेवी मृत मिला

इंफाल, 11 फरवरी (भाषा) मणिपुर के कांगपोकपी जिले के मोल्हाम कुकी गांव से चार दिन पहले लापता हुआ 35 वर्षीय ग्राम स्वयंसेवक रविवार को मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोलियों से छलनी निंगथौउजाम मणिसना का शव सुरक्षा बलों और स्थानीय ग्रामीणों के तलाश अभियान के दौरान रविवार सुबह मिला। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सात फरवरी को प्रतिद्वंद्वी समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के हमले से पूर्वी इंफाल जिले के मोइरांगपुरेल इलाके की रक्षा के दौरान मणिसना लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

नवी मुंबई में रह रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

ठाणे। पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में नवी मुंबई शहर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। साइबर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों कि उम्र 24 वर्ष है, जिन्हें शुक्रवार को पनवेल के नादवे में खिदुकपाड़ा गांव से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि एटीएस के एक दस्ते ने खिदुकपाड़ा इलाके के निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को एक चॉल में रहते हुए पाया। पूछताछ के दौरान कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन: मोदी

मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री बोले-लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 की संख्या पार करेगी

झाबुआ, (मप्र) एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी है और केवल चुनाव के समय ही गांव, किसान और गरीब याद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी फूट डालने की अपनी आखिरी रणनीति का सहारा ले रहे हैं।

झाबुआ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन के दौरान आदिवासी लाभार्थियों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो भाषा, क्षेत्र और जाति के आधार पर (समाज में) बांटने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने ही पापों के दलदल में फंस चुकी है वह जितना निकलने की कोशिश करेगी उतना फंसेगी। उन्होंने कहा कि 2023 (विधानसभा चुनाव) में कांग्रेस की छुट्टी हो गई और आगामी लोकसभा चुनाव में इसका पूरा सफाया होना तय है।

भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग

टंकारा (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग है। मोदी ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के मोरबी जिले में उनके जन्मस्थल टंकारा में आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने समाज सुधारक दयानंद सरस्वती की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने उस समय भारतीय समाज से वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया था जब लोग गुलामी में जकड़े हुए थे।

राकांपा को छीनकर दूसरों को दे दिया

पुणे,एजेंसी

▸▸ वरिष्ठ नेता शरद पवार ने निर्वाचन आयोग के फैसले पर जताई हैरानी

वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने का निर्वाचन आयोग का फैसला मुझे हैरान करने वाला है।

पवार ने कहा कि लोगों के लिए कार्यक्रम और विचारधारा अहम है जबकि किसी चुनाव चिह्न की उपयोगिता एक सीमित समय के लिए होती है। दरअसल निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है और आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि लोग निर्वाचन आयोग के फैसले का समर्थन

नहीं करेंगे। इसके खिलाफ हमने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।'' पवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और उसने (आयोग ने) इसे दूसरों को दे दिया। पवार ने कांग्रेस से अलग होने के बाद 1999 में राकांपा की स्थापना की थी। उन्होंने कहा-निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और आगे बढ़ाया। देश में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रह चुके पवार ने कहा कि उन्होंने अपना पहला चुनाव 'बैलों की जोड़ी' चुनाव चिह्न पर लड़ा था। उन्होंने कहा, ''कार्यक्रम और विचारधारा किसी भी चुनाव चिह्न से ज्यादा अहम है।

किसी भाजपा नेता को ईडी का सामना नहीं करना पड़ा : शरद पवार

वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से पार्टी के किसी भी नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा है। निर्वाचन आयोग द्वारा हाल में उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को 'मूल' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के रूप में मान्यता देने और पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित करने पर शरद पवार ने कहा कि देश में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई है।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आने से एक जवान घायल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आकर एक जवान घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नेलसनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुमरीपालनार कैम्प से जवान एरिया डोमिनेशन और डी-माइनिंग के लिए निकले थे। तभी सुबह 9 बजे के आसपास डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य नक्सलियों के द्वारा लगाए गए बम की चपेट में आने से सीएएफ जवान पुनीत नेताम घायल हो गया। घायल जवान को पैर और पीठ पार चोट आई है। घायल जवान का प्राथमिक उपचार नेलसनार अस्पताल में किया गया।

भाजपा डरी हुई है, हमें बदनाम कर खत्म करना चाहती

तरन तारन (पंजाब), एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) उनकी पार्टी से डरी हुई है और उसे बदनाम कर खत्म करना चाहती है।

एक निजी कंपनी से बिजली

▸▸ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लगाया आरोप

संयंत्र को पंजाब सरकार द्वारा अधिग्रहीत करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 'आप' शासित पंजाब के करीब आठ हजार करोड़ रुपये रोक कर रखे हैं। उन्होंने ने कहा-आज भाजपा केवल एक पार्टी से डरती है और वह 'आप' है। 'आप' ने पिछले 10 साल में देश में तेजी अपना दायरा बढ़ाया है। आप 10 साल का बच्चा है। यह छोटी सी पार्टी उसे (भाजपा को) चैन से सोने नहीं दे रही है।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शाह को गारंटी योजनाओं पर खुली बहस की चुनौती दी

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य की यात्रा पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली बहस की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि वह यह साबित कर सकते हैं कि गारंटी योजनाओं की वजह से राज्य का खजाना खाली नहीं हुआ है। आज सुबह मैसुरु पहुंचे शाह चामुंडेश्वरी मंदिर गए और आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा के लिए राज्य भाजपा के नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेने से पहले एक मेले में शिरकत की। सिद्धारमैया ने गारंटी योजनाओं के कारण राज्य सरकार का खजाना खाली होने के शाह के कथित दावे पर पलटवार किया है।

पाला बदलने से इंडिया पर असर नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली/रायगढ़, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कुछ घटक दलों के पाला बदलकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ''मजबूत'' है और इसकी सामूहिक ताकत से चिंतित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक परिदृश्य में ''उन्मत्त बदलाव'' लाने की कोशिश कर रही है।

पायलट ने साक्षात्कार में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि उनके (बनर्जी के) साथ

▸▸ सचिन पायलट बोले-ममता अब भी गठबंधन का हिस्सा

सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान आगे का कोई रास्ता निकलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वयं को 370 सीट और राजग को 400 से अधिक सीट मिलने का दावा कर रही है, जो जमीनी स्तर पर व्यावहारिक आकलन के बजाय डींग हांकने वाला बयान और शब्दाडम्बर है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' छत्तीसगढ़ से गुजर रही है। ऐसे में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रभारी महासचिव ने इन बातों को खारिज कर दिया कि यह यात्रा पार्टी की चुनावी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

पायलट ने कहा-जैसा कि हम बता रहे हैं, हम विभिन्न राज्यों में अपने ज्यादातर सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। यात्रा जारी है और अन्य चीजें एआईसीसी नेतृत्व और राज्य प्रभारी संभाल रहे हैं। इन सभी बैठकों और बातचीत पर कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) खुद नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा-हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हम एकजुट होकर लड़ें। हां, कुछ लोगों ने हमारा इंडिया गठबंधन छोड़ दिया है।

किसानों के रास्ते में कीलें बिछाना अमृत काल है या अन्याय काल: प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसानों के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले राष्ट्रीय राजधानी की सीमा के पास कुछ स्थानों पर अवरोधक और सड़कों पर कीलें लगाने की खबरों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव ने किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और कई अवरोधक लगे होने का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए सवाल किया कि किसानों के साथ यह अमृत काल है या अन्याय काल है। एक अधिकारी ने यहां कहा कि 13 फरवरी को किसानों के मार्च के मद्देनजर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

भाजपा-आरएसएस नफरत फैला रहे हैं : राहुल

रायगढ़, एजेसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई।

रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी-भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। कांग्रेस सांसद ने दावा किया-वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग

रायगढ़ : कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को छत्तीसगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महिला से हाथ मिलाते हुए। ● एजेंसी

▸▸ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप

कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी भाषा के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे। गांधी ने आरोप लगाया-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। इस देश में अलग-अलग धर्म और भिन्न विचार रखने वाले लोग शांति और सौहार्द से रहते हैं। उन्होंने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। गांधी ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में गृहयुद्ध चल रहा है और केंद्र सरकार इस पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा-जब मैं वहां (मणिपुर) गया, तो मेइती समुदाय के लोगों ने मुझसे कुकी सुरक्षाकर्मियों को न लाने के लिए कहा, जबकि कुकी ने मेइती सुरक्षाकर्मियों के लिए भी यही बात कही। उनके वाहन पर चढ़ने वाले बच्चों को टॉफी देते हुए, गांधी ने एक लड़की से पूछा कि क्या वह न्याय चाहती है या अन्याय। इस पर लड़की ने जवाब दिया, न्याय।

कारोबार/कृषि

एक नजर

एलआईसी को 25,464 करोड़ का आयकर रिफंड मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम को 25,464 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड ऑर्डर मिला है और इसे चालू तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के दौरान प्राप्त होने की संभावना है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने यह जानकारी दी। पिछले महीने आयकर विभाग के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने 25,464 .46 करोड़ रुपये के रिफंड के लिए सूचना जारी की थी। रिफंड पिछले सात मूल्यांकन वर्षों में बीमाधारकों को अंतरिम बोनस से संबंधित है। मोहंती ने तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान कहा-हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं और उम्मीद है कि इसी तिमाही के दौरान आयकर विभाग से रिफंड मिल जाएगा।

विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 .74 अरब डॉलर बढ़कर 622 .5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59 .1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616 .7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार, 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5 .2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 551 .3 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60 .8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .1 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 5 .8 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18 .2 अरब डॉलर रह गया। हालांकि आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 4 .9 अरब डॉलर पर स्थिर रही।

4 कंपनियों का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ बढ़ा

रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी, एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई।

इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 2,18,598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल,

हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,06,631.39 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 490.14 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,637.38 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का शेयर सोमवार को लगभग छह प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 1,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान एसबीआई की बाजार हैसियत 65,908.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 61,435.47 करोड़ रुपये बढ़कर 15,12,743.31 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 5,108.09 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 19,77,136.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस के शेयर में मंगलवार को चार प्रतिशत का उछाल आया, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

उच्चस्तर पर पहुंचा लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड में निवेश

निवेशकों ने जनवरी में लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड (बड़े शेयरों में निवेश वाले कोष) में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह 19 माह में निवेश का उच्चस्तर है। छोटी और मझोली कंपनियों के कोषों में तेजी ने उनके मुनाफावसूली के लिए प्रेरित किया है और लॉर्ज-कैप में उनका निवेश बढ़ा है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में उन्होंने लार्ज-कैप फंड से 281 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। निवेश का मौजूदा स्तर पिछले साल जनवरी के 716 करोड़ रुपये के आंकड़े से 80 प्रतिशत अधिक है। इस ताजा प्रवाह के बाद बड़े शेयरों में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार जनवरी में 26 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2 .38 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, लार्ज-कैप पर केंद्रित इक्विटी म्यूचुअल फंड को जनवरी में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ। यह जुलाई, 2022 के 2,052 करोड़ रुपये के बाद का उच्चतम स्तर है।

भारत ने कतर के साथ किया सबसे बड़ा गैस आयात का सौदा

नई दिल्ली। पेट्रोनेट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। इससे भारत को स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने यह बात कही है।

पेट्रोनेट के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि मूल 25-वर्षीय समझौते पर 1999 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें आपूर्ति 2004 में शुरू हुई थी। तब से कतर ने कभी एक भी खेप में चूक नहीं की है और न ही उसने दाम काफी ऊंचे होने के दौरान भारतीय कंपनी द्वारा आपूर्ति नहीं लेने की वजह से 'खरीदों या भुगतान करो' प्रावधान के तहत कोई जुर्माना लगाया है।

एफपीआई ने अब तक बॉन्ड बाजार में 15,000 करोड़ रुपये डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने और व्यापक रूप से अर्थव्यवस्था के स्थिर परिदृश्य के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

इससे पहले एफपीआई ने जनवरी में बॉन्ड बाजार में 19,836 करोड़ रुपये डाले थे, जो छह साल से अधिक समय का सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। इससे पहले जून, 2017 में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयरों से 3,000 करोड़ रुपये

से अधिक निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-भारतीय शेयर बाजार का ऊंचा मूल्यांकन मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि शेयरों से निकासी की मुख्य वजह घरेलू के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता है।

बायोगैस एसोसिएशन का सीबीजी संयंत्रों के लिए निवेश का सुझाव

नई दिल्ली। भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में 1.2 करोड़ टन की कमी सुनिश्चित करने के लिए संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को बायोमास आपूर्ति के लिए जरूरी मशीनरी और उपकरणों के लिए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश की सिफारिश की है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा-धान के भूसे जैसे कृषि अवशेषों को जलाने के बजाय इनका जैव ऊर्जा उत्पादन और मिट्टी संवर्धन के लिए उपयोग करने से दोहरा लाभ मिलता है।

प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 के संशोधित अनुमानों के 80 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा-प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी, 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपये है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.60 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल संशोधित अनुमान का 80.23 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2023 से 10 फरवरी, 2024 के दौरान 2.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। इस दौरान कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) के सकल राजस्व संग्रह में भी लगातार वृद्धि देखी गई।

पेरू के साथ एफटीए के तहत सोने पर शुल्क रियायत प्रमुख चिंता

नई दिल्ली। पेरू के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत सोने पर शुल्क छूट भारत के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दा है। भारत के पेरू से कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में सोने पर 10 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क लगता है और मामूली शुल्क रियायतों से भी आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत और पेरू परस्पर व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आरबीआई ने पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया

सरकार वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही है। पीपीएसएल ने नवंबर 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। आरबीआई ने हालांकि नवंबर



2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया और कंपनी को इसे फिर से जमा करने के लिए कहा, ताकि एफडीआई नियमों के तहत प्रेस नोट तीन का अनुपालन किया जा सके।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) में चीनी फर्म एंट ग्रुप कंपनी का निवेश है। इसके बाद, कंपनी ने एफडीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित प्रेस नोट तीन का अनुपालन करने के लिए ओसीएल से कंपनी में पिछले निवेश के लिए भारत सरकार के साथ 14 दिसंबर, 2022 को आवश्यक आवेदन दायर किया। सूत्रों ने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समिति पीपीएसएल में चीन से निवेश की जांच कर रही है और उचित विचार तथा व्यापक जांच के बाद एफडीआई मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। प्रेस नोट तीन के तहत, सरकार ने भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से किसी भी क्षेत्र में विदेशी निवेश से पहले उसकी मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था।

बुमराह की प्रशंसा में अश्विन ने कहा- बूमबॉल अद्भुत

क्रिकेट के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बुमराह की बड़ी उपलब्धि

चेन्नई, एजेंसी

9 विकेट लेकर टेस्ट में पहुंचे शीर्ष पर, इससे पहले वनडे और टी-20 में भी बनाया था स्थान

भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी बूमबॉल' ने कमाल कर दिया और इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। बुमराह के गेंद से शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 106 रन की जीत से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की पहली पारी में 'रिवर्स स्विंग' से बेहतरीन प्रदर्शन किया और 45 रन देकर छह विकेट झटके। इसके बाद दूसरी पारी में तीन विकेट से मैच में 91 रन देकर कुल 9 विकेट प्राप्त किए। इस प्रदर्शन की बदौलत बुमराह टेस्ट रैंकिंग सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बने। बुमराह ने इससे पहले वनडे और टी20 में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सबसे शानदार प्रदर्शन 'बूमबॉल' था। बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की। वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने कहा कि दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खिलाड़ियों में जो उत्साह और ऊर्जा थी, उससे भारत को मनमुताबिक नतीजा हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम चौथे दिन बराबरी पर थे, लेकिन टीम के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह, ऊर्जा और प्रदर्शन से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद मिली। 5 मैच की श्रृंखला हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जा रही है। अश्विन ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने इन स्थानों पर टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है।

इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग से बेहतरीन प्रदर्शन कर 45 रन देकर 6 विकेट झटके थे

मैक्सवेल के शतक से ऑस्ट्रेलिया जीती

एडीलेड, एजेंसी

वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बनाई बढ़त

आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे 20-20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। मैक्सवेल ने 55 गेंद पर 8 छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक है, जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले 7 ओवर में 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (63 रन) और आंद्रे रसेल (37 रन) ने उम्मीद जगाई, लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर 3 और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर 2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर भी 6.4 ओवर के बाद 3 विकेट पर 64 रन था। मैक्सवेल ने स्टोइनिस (16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े। आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ा जो ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने द. अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा।

खेल डायरी

नागल और रामकुमार बेंगलुरु ओपन के पहले दौर में फ्रांस के प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगे

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के पुरुष एकल मुख्य ड्रा में ज्योफ्रे ब्लांकानॉक्स से भिड़ेंगे जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रामकुमार रामनाथन का सामना मैक्सिम जानवियर से होगा। विश्व रैंकिंग में 121वें स्थान पर काबिज नागल फ्रांस के ब्लांकानॉक्स को तीन बार हरा चुके हैं, जिसमें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर में उन्हें पराजित करना भी शामिल है। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रामकुमार का फ्रांस के जानवियर के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 1-1 की बराबरी का है और अगर वह पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो उनके इटली के शीर्ष वरीय लुका नार्डी से भिड़ने की उम्मीद है जिन्हें पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ना है। आस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को तीसरी वरीयता मिली है और वह अपने अभियान की शुरुआत भारतीय वाइल्ड कार्डधारी प्रज्वल देव के सामने होंगे। युगल के मुख्य ड्रा में नौ भारतीय हैं। एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमान का सामना जर्मनी के मार्क वॉल्नर और जैकब श्नेटर से होगा।

मेस्सी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद

हांगकांग, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने से स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेस्सी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था।

करण-मुकुंद बेंगलुरु ओपन के क्वालीफायर में हारे

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेंगलुरु ओपन में दिन मुश्किल भरा रहा, जिसमें पांच घरेलू खिलाड़ी पुरुष एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले करण सिंह को पहले दौर में डान एडिड से हार मिली जबकि शशिकुमार मुकुंद इटली के एस विन्सेंट रूगेरी से पराजित हो गए। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी यूक्रेन के एरिक वाशेलबोइम से हार गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा और आदिल कल्याणपुर भी बाहर हो गए। पूनाचा को आस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टॉमिच से हार मिली। आदिल को कोरिया के आठवें वरीय युन सियोंग चुंग से शिकस्त मिली।

अंडर-19 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता, भारत को 79 रन से हराया

चौथी बार बना विजेता, 253 रन का दिया लक्ष्य, भारतीय टीम 174 पर सिमटी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को खेले गए फाइनल मैच में 79 रन से जीत दर्ज करके चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम इसके जवाब में 43.5 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से हरजस सिंह (55 रन), हैरी डिक्सन (42), कप्तान ह्यू वीबगेन (48) और ओलिवर पीक (नाबाद 46) ने योगदान दिया। भारत के तेज गेंदबाज राज लिंबानी ने 3 विकेट जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 2 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाज परिस्थितियों से सामंजस्य नहीं बिठा पाए। भारत के केवल 4 बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिसमें सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाज मुरूगन अभिषेक (42) भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज माहलि बीयर्डमैन ने 3 विकेट जबकि कैलम विडलर ने 2 विकेट लिए। ऑफ स्पिनर रैफ मैकमिलन ने 3 विकेट लेकर अच्छा योगदान दिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज अर्शीन कुलकर्णी (3) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कैलम विडलर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दिया। मुशीर खान (22 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। माहलि बीयर्डमैन की गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकटों में समा गई। आदर्श ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमी फाइनल में जीत के नायक रहे कप्तान उदय सहारन (8) और सचिन धास (9) दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए जबकि प्रियांशु मोलिया (9) और विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेल्ली अवनीश (0) ने भी निराश किया जिससे भारत का स्कोर 6 विकेट पर 91 रन हो गया। बीयर्डमैन ने आदर्श को विकेट के पीछे कैच कराकर उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया और भारत की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। मुरुगन और नमन तिवारी (नाबाद 14) नौवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इससे पहले लिंबानी ने सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास (0) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को शुरू में झटका दिया। डिक्सन और वीबगेन ने दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। डिक्सन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी पर दो चौके और एक छक्का लगाया। डिक्सन और वीबगेन को लगातार ओवरों में आउट किया। वीबगेन ने प्वाइंट पर मुशीर खान को कैच दिया जबकि डिक्सन का कैच अभिषेक मुरूगन ने लपका। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तक 3 विकेट पर 99 रन था। हरजस और रियान हिक्स (20) ने चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। उन्होंने अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे ने उन्हें पगबाधा आउट किया।

स्कोर बोर्ड

आस्ट्रेलिया			253/7 (50 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
हैरी डिक्सन का अभिषेक बो तिवारी	42	56	3/1
सैम कोन्सटास बो लिम्बानी	00	08	0/0
हयू वीबगेन का मुशीर खान बो तिवारी	48	66	5/0
हरजस सिंह पगबाधा बो पांडे	55	64	3/3
रेयान हिक्स पगबाधा बो लिम्बानी	20	25	2/0
ओलिवर पीक नाबाद	46	43	2/1
राफ मैकमिलन का एवं बो मुशीर खान	02	08	0/0
चार्ली एंडरसन पगबाधा बो लिम्बानी	13	18	0/1
टॉम स्ट्रेकर नाबाद	08	13	0/0

अतिरिक्त: (लेग बाई-11, नोबॉल-1, वाइड-7) 19, **विकेट पतन:** 1-16, 2-94, 3-99, 4-165, 5-181, 6-187, 7-221, **गेंदबाजी:** राज लिम्बानी 10-0-38-3, नमन तिवारी 9-0-63-2, सौम्य पांडे 10-0-41-1, मुशीर खान 9-0-46-1, मुरूगन अभिषेक 10-0-37-0, प्रियांशु मोलिया 2-0-17-0

भारत			174/10 (43.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
हैरीआदर्श सिंह का हिक्स बो बीयर्डमैन	47	77	4/1
अर्शिन कुलकर्णी का हिक्स बो विडलर	03	06	0/0
मुशीर खान बो बीयर्डमैन	22	33	3/0
उदय सहारन का वीबगेन बो बीयर्डमैन	08	18	0/0
सचिन धास का हिक्स बो मैकमिलन	09	08	1/0
प्रियांशु मोलिया का विडलर बो एंडरसन	09	21	0/0
अरावेली अविनाश का एवं बो मैकमिलन	00	02	00
मुरूगन अभिषेक का वीबगेन बो विडलर	42	46	5/1
राज लिंबानी बो मैकमिलन	00	05	0/0
नमन तिवारी नाबाद	14	35	0/1
सौम्य पांडे का हिक्स बो स्ट्रेकर	02	13	0/0

अतिरिक्त: (लेग बाई-7, नोबॉल-1, वाइड-10) 18, **विकेट पतन:** 1-3, 2-40, 3-55, 4-68, 5-90, 6-91, 7-115, 8-122, 9-168, 10-174, **गेंदबाजी:** कैलम विडलर 10-2-35-2, चार्ली एंडरसन 9-0-42-1, टॉम स्ट्रेकर 7.5-1-32-1, महली बीयर्डमैन 7-2-15-3, रैफ मैकमिलन 10-0-43-3

तेजस्विन ने शुरुआती प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर

शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए। शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। शंकर अब 20 फरवरी को चेक गणराज्य में होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।

अफीफ की हैट्रिक से कतर ने जीता खिताब

एशियाई कप

लुसैल (कतर), एजेंसी। कतर ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत शनिवार को जोर्डन को 3-1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और 8 गोल से शीर्ष स्कोररर अफीफ ने शनिवार को लुसेल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था, जिसमें लियोनल मेस्सी और किलियान एमबापे ने इसे रोमांचक बना दिया था। लेकिन शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया। अफीफ ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और 'स्टॉपेज टाइम' (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।

भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से बाहर इंग्लैंड के स्पिनर लीच

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से भारत के खिलाफ बचे तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ये घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी, जिससे वह विशाखापत्तनम के टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ईसीबी ने कहा कि वह 24 घंटे में अबुधाबी से घर रवाना होंगे, जहां इंग्लैंड की टीम राजकोट में होने वाले टेस्ट से पहले रुकी है।

शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं। सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है। मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300-350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं।

वैलेंटाइन वीक पर 22 रोमांटिक फिल्में हुई री- रिलीज

मुंबई, एजेंसी। वैलेंटाइन वीक के अवसर पर 22 रोमांटिक फिल्में री- रिलीज की गई हैं। पीवीआर आईनॉक्स ने वेलेंटाइन वीक के अवसर पर कई रोमांटिक फिल्मों को री- रिलीज किया है। इन फिल्मों की लिस्ट में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'ये जवानी है दीवानी' 'जब वी मेट', 'मोहब्बतें', 'वीर जारा', 'प्यार का पंचनामा', 'दिल तो पागल है' और 'तू झूठी मैं मक्कार' समेत 22 फिल्में शामिल है। ये फिल्में मुंबई, दिल्ली और गोवा सहित 62 शहरों में री-रिलीज हुई हैं।

9 अरब कमाकर भी शांत नहीं होना वाला है 'एनिमल'

'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले रणबीर कपूर आगे कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। दिसंबर 2023 में 'एनिमल' के जरिए रणबीर कपूर ने इतिहास रच दिया। रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म का दबदबा रहा और दुनियाभर में इस फिल्म ने 915 करोड़ यानी 9 अरब का कारोबार किया और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो गई। ये मामला यहीं पर रुकने वाला नहीं है। एनिमल के बाद रणबीर के खाते में और भी कई ऐसी फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रखने का दम रखती हैं।

निमल पार्क: एनिमल के साथ ही मेकर्स ने ये भी ऐलान कर दिया था कि इसका सीक्वल आएगा, जिसे 'एनिमल पार्क' के नाम से रिलीज किया जाएगा। 'एनिमल' के आखिरी सीन को देखकर इस बात का अंदाजा लग गया था कि दूसरे पार्ट में और भी ज्यादा खून खराबा होने वाला है। 'एनिमल' की दमदार कमाई देखकर ये अनुमान लगाया जा सकता है कि 'एनिमल पार्क' भी बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख सकती है। **ब्रह्मास्त्र 2 :** रणबीर की अपकमिंग फिल्मों में 'ब्रह्मास्त्र 2' भी है। 2022 में इसका पहला पार्ट आया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। **रामायण :** इस लिस्ट में नितेश तिवेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने जा रही 'रामायण' भी है। **लव एंड वॉर :** इस फिल्म को संजय लीला भंसाली बना रहे हैं। इसमें रणबीर के साथ उनकी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। साथ ही विक्की कौशल भी इस फिल्म में लीड रोल में हैं। यानी इस फिल्म में ये तीनों बड़े सितारे एक साथ दिखेंगे। ऐसे में हो सकता है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दे। पिछले कुछ समय से एक फिल्म की और चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि उस फिल्म को राजकुमार हिरानी बनाएंगे और रणबीर उसमें लीड रोल में होंगे। हालांकि अभी तक ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं है।

रामचरण को लेकर फिल्म बनाएंगे संजय लीला भंसाली

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में रामचरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले रामचरण से संपर्क किया है। रामचरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था।

दबंगी - मुलगी आई रे आई' में लीप के बाद रचना मिस्त्री ने ली आर्या की जगह

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिलचस्प कहानी, 'दबंगी - मुलगी आई रे आई' में 14 फरवरी से 14 साल का लीप देखने को मिलेगा, जिसमें आर्या अपने बाबा अंकुश और अपनी आई छाया की मौत का बदला लेने के लिए वापस लौटेगी। जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक 14 साल का लीप देखेंगे, जो आर्या के प्रतिशोध से भरी कहानी को एक नई दिशा देगी। लीप के बाद बड़ी हो चुकी आर्या की भूमिका में प्रतिभाशाली अभिनेत्री रचना मिस्त्री कदम रखेंगी। ऐरा के वेश में और न्याय की चाहत से प्रेरित, आर्या, अभी भी अपनी दबंगी वाला हौसला रखती है, लेकिन नई परिपक्वता के साथ, अपनी आई, छाया और बाबा अंकुश की हत्याओं का प्रतिशोध चाहती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

मुर्मू ने गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को सौंपी जिम्मेदारी

राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड बटालियन के साथ मौजूद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में तैनात सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के औपचारिक बदलाव समारोह में शामिल हुईं।

समारोह के दौरान, सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन ने औपचारिक आर्मी गार्ड बटालियन के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। उन्होंने अब 5वीं गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को कार्यभार सौंप दिया।बता दें कि सेना की विभिन्न पैदल इकाइयां

▸▸ राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की

बारी-बारी से राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में काम करती हैं। आर्मी गार्ड बटालियन राष्ट्रपति भवन में औपचारिक गार्ड कर्तव्यों का पालन करने के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों गणतंत्र दिवस परेड, स्वतंत्रता दिवस परेड और बीटिंग द रिट्रीट समारोह में भी शामिल होती है। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की।

आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है आईएमएफः जार्जीवा

दुबई। युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है।

दुबई में आयोजित वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट को संबोधित करते हुए आइएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा ने कहा कि संगठन एक रिसर्च पेपर प्रकाशित करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि किस तरह ऊर्जा सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से खत्म करके पश्चिम एशिया 336 अरब डालर की बचत कर सकता है। यह रकम इराक और लीबिया की संयुक्त अर्थव्यवस्था के बराबर है। ऐसा करने से आर्थिक बचत ही नहीं होगी बल्कि प्रदूषण से निपटने में मदद मिलेगी और देश सामाजिक सरोकारों पर और ज्यादा खर्च कर सकेंगे।

कई राज्यों में सुरक्षा के लिए लागू की जा रही हाई सिक्योरिटी

नंबर प्लेट, हो रही अनिवार्य

देश के कई राज्यों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य हो रही है। इस प्लेट के कई फायदे हैं। कई लोग अभी भी इनको कार पर लगाने में संकोच करते हैं। जबकि यह सुरक्षा की दृष्टि से लागू की जा रही है। जानते हैं इस प्लेट के बारे में...

क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

इन प्लेट्स को एल्युमिनियम से बनाया जाता है। जिनपर एक होलोग्राम लगा होता है जो क्रोमियम आधारित होता है। होलोग्राम के अंदर वाहन की पूरी जानकारी होती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सुरक्षा के लिए यूनिक लेजर कोड भी प्रिंट होता है। हर वाहन के लिए अलग कोड दिया जाता है। इसे आसानी से हटाया नहीं जा सकता। नए वाहनों के अलावा पुराने वाहनों पर भी इसे लगाना जरूरी है। अगर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो ऐसे में कार में लगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहन के मालिक सहित सभी जानकारी मिल जाती है। इससे कार सवार घायलों के परिजनों तक जानकारी भेजी जा सकती है।

क्या है खासियत-सबसे बड़ी खासियत होती है कि अगर ये एक बार टूट जाए तो फिर इसे जोड़ा नहीं जा सकता। कोई भी इसे कॉपी कर नकली प्लेट नहीं बना सकता। इसी कारण वाहन की सुरक्षा बढ़ जाती है। प्लेट के चोरी होने या दूसरे वाहन में दुरुपयोग होने की आशंका कम होती है।

अनिवार्य है प्लेट लगाना- सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के तहत वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन पाए जाने पर विभिन्न राज्यों में 1000 से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना है। इस लगवाने के लिए स्टेट ट्रांसपोर्ट की साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कैसे बनवाएं

- सरकार द्वारा अधिकृत पंजीकरण पोर्टल Bookmyhsrp.com पर जाएं
- सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, संपर्क सूत्र,ऑप्शन आदि भरें।
- यदि वाहन निजी उपयोग के लिए है, तो स्क्रीन पर प्रदर्शित वाहन श्रेणी विकल्प के तहत 'non-transport' पर क्लिक करें।
- इस फॉर्म को सबमिट करें आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- भुगतान करने के लिए दिए गए यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। इसके साथ ही आपको एक रसीद भी मिल जाएगी
- जैसे ही आपके वाहन का एचएसआरपी नंबर तैयार हो जाएगा, आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर इसकी सूचना प्राप्त होगी।
- इस प्रक्रिया के कुछ समय बाद नंबर प्लेट आ जाएगा और आप इसे अपने वाहन में लगवा सकेंगे।

एक नजर

मेघालयः वैद्यनाथन ने हाई कोर्ट के मुख्य जज के रूप में ली शपथ

शिलांग। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन ने रविवार को मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति वैद्यनाथन को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी का स्थान लेंगे। बनर्जी पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। न्यायमूर्ति वैद्यनाथन अक्टूबर 2013 से मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहें है।

मुझसे गलती हो गई...कहकर हंगरी के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

बुडापेस्ट। हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक ने

अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैटलिन नोवाक ने शनिवार को इस्तीफे का एलान किया। दरअसल, उन्होंने एक ऐसे शख्स को माफ कर दिया, जिसने 2022 में अपने बॉस द्वारा नाबालिगों के यौन शोषण की बात छिपाई थी। इसके बाद पूर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और कैटलिन नोवाक को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। नोवाक ने शनिवार को कहा, "राज्य के प्रमुख के रूप में, मैं आज आखिरी बार आपको संबोधित कर रही हूं। मैं राष्ट्रपति के कार्यालय से इस्तीफा दे रही हूं। जिन पीड़ितों को लगा होगा कि मैं उनके लिए खड़ी नहीं हो रही हूं। मैं बच्चों और परिवारों के साथ थी, हूं और हमेशा रहूंगी।

अमेरिकाः हेलीकॉप्टर दुर्घटना में नाइजीरिया बैंक के सीईओ की मौत

कैलिफोर्निया। दक्षिण कैलिफोर्निया के मोहावी मरुस्थल में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में नाइजीरिया के सबसे बड़े बैंकों में से एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर शुक्रवार रात 10 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ और सवार छह लोगों में एक्सेस बैंक के सीईओ हर्बर्ट विग्वे भी शामिल थे। नाइजीरिया के पूर्व वित्त मंत्री नगोजी अकोंजो-इवेला ने इन मौत की पुष्टि की है। इवेला अब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक हैं।

ब्रिटेन में भारतवंशी युवक ने पत्नी की हत्या का जुर्म कबूला

लंदन। ब्रिटेन की राजधानी लंदन के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक आवास पर पिछले साल अपनी पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है। महक शर्मा (19) की 29 अक्टूबर की शाम हत्या करने के संदेह में साहिल शर्मा (24) को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया था। शर्मा को किंगस्टन क्राउन कोर्ट में गुरुवार को पेश किया गया, जहां उसने महक की हत्या का जुर्म कबूला। अदालत अब इस मामले में 26 अप्रैल को सजा सुनाएगी। जांच निरीक्षक ने बताया, साहिल शर्मा के कृत्य ने एक परिवार को तबाह कर दिया।

पाकिस्तानः गौहर ने कहा- पीटीआई को सरकार बनाने का न्योता देंगे राष्ट्रपति

नवाज की रणनीति को सेना का समर्थन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान को त्रिशंकु संसद का सामना करना पड़ा है। इस बीच राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए, जब



यह स्पष्ट हो गया कि आम चुनाव के बाद देश में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। पाकिस्तान में आम चुनाव गुरुवार को हुए थे, लेकिन नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण माहौल खराब हो गया। कई पार्टियों ने तो हंगामा कर दिया और कुछ ने विरोध प्रदर्शन भी किया।

बता दें, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने नवाज शरीफ के गठबंधन सरकार बनाने के आग्रह का समर्थन किया। वहीं, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक-काकड़ ने भी गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद जताई है। दूसरी तरफ पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने कहा कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी उनकी पार्टी को सरकार बनाने के लिए निमंत्रण देंगे, क्योंकि उन्होंने नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लिया है। नवाज ने को अपने प्रतिद्वंद्वियों से गठबंधन सरकार बनाने की अपील की थी। सेना के समर्थन के बाद माना जा रहा है कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी (पीएम-एल-एन) गठबंधन सरकार बनाने में कामयाब हो जाएगी।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं और विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीटें मिलीं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटी पार्टियों ने जीत हासिल की।

चुनाव के नतीजों को चुनौती वाली कई याचिकाएं दायर

पाकिस्तान की अदालतों में याचिकाओं की बाढ़ आ गई है, क्योंकि पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। अधिकांश याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गईं, इमरान समर्थित उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। तीन याचिकाएं सिंध हाई कोर्ट में दायर की हैं। निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की।

राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत, सात घायल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में रविवार को दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लरकाना जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के कार्यकर्ताओं के बीच बहस से शुरू हुई झड़प देखते ही देखते सशस्त्र संघर्ष में तब्दील हो गयी। दोनों दलों के बीच झड़प में गोलीबारी भी हुई, जिसमें दोनों दलों के कार्यकर्ता और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी हताहत हुए। सूत्रों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसमें एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गये और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।

ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करें रजिस्ट्री विभागः शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री विभाग को कहा है कि वे ट्रायल कोर्ट को 'निचली अदालत' कहना बंद करें। निर्देश में ये भी कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'इस अदालत की रजिस्ट्री द्वारा ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना गलत है। साथ ही ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। रजिस्ट्रार इस आदेश पर नोटिस लें।' याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी की मांग की थी और 6 फरवरी को सुनवाई की। अब 8 फरवरी को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उक्त बात कही।

हूती हमलों के बीच क्षेत्र में बड़ी शक्ति बनकर उभरा भारत

दुबई, एजेंसी

पिछले दो माह से भारत और भारतीय नौसेना लाल सागर और अरब सागर सहित इस पूरे समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। भारतीय नौसेना ने दिसंबर से लेकर अब तक 17 जहाजों को समुद्री लुटेरों से से बचाया है। पिछले कुछ सप्ताह भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमित्रा ने 36 घंटे में 2 जहाजों को सोमालियाई लुटेरों से बचाया। भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पास बुरी चीजें होती रहें, तो हम यह नहीं कह सकते हैं कि इससे हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।

22 नवंबर 2023 को हूती विद्रोहियों ने कार्गोशिप गैलेक्सी लीडर को निशाना बनाया था। हूतियों ने वजह बताई- गाजा में इजराइली हमले। हूतियों के हमले बढ़ने के साथ दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग स्वेज-लाल सागर मार्ग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अमेरिकी टास्क फोर्स में रहने की बजाय भारत ने अलग मोर्चा संभाला लाल सागर में होने वाले हूती हमले के बीच अमेरिकी नेतृत्व वाले 20 देशों के टास्क फोर्स ने ऑपरेशन प्रोस्पेरिटी गार्डियन' शुरू किया।

2 महीने में भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों के 17 हमले रोके

अल-शबाब ने ली मोगादिशू में हमले की जिम्मेदारी

दुबई। सोमालिया की राजधानी मोगादिशू स्थित सैन्य अड्डे पर शनिवार को किए गए हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली है। हमले में सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे तीन अमीराती सैनिकों व बहरीन के अधिकारी की मौत हो गई थी। हालांकि, रविवार को मरने वाले सैनिकों की संख्या पुष्टि नहीं हो सकी थी। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने सैनिकों की मौत पर यूएई के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की थी।

शेषनाग झील जमी...

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर, शिमला समेत दूसरे शहरों में पारा शून्य के नीचे चल रहा है। यह तस्वीर अमरनाथ गुफा के तीर्थ मार्ग पर स्थित शेषनाग झील की है। वहां बर्फबारी के चलते वादियां बर्फ से ढकी हैं। पारा माइनस 18 डिग्री सेल्यियस चल रहा है। इस कारण शेषनाग झील जम चुकी है। झील को प्राचीन काल से ही पवित्र माना जाता है। समुद्र तल से 11,870 फीट ऊंचाई पर मौजूद ये झील ये पहलगाम से 10 किमी दूर है। ● एजेंसी

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बिहार के वोट पाने की सियासतः उद्धव

मुंबई, एजेंसी

नरेंद्र मोदी सरकार ने आगामी लोकसभा चुनावों में पूर्वी राज्य से वोट पाने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारत रत्न को लेकर सरकार पर तंज कसा।

मुंबई में शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक भाषण के दौरान, ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनसंघ (जो कि भारतीय जनता पार्टी का अग्रदूत था) ने पिछड़े वर्गों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। ठाकरे ने कहा, लेकिन अब भाजपा बिहार में लोकसभा चुनाव में वोट चाहती है, इसलिए उनके लिए मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा की। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद स्वीकार किया

▸▸ शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सर्वोच्च सम्मान को लेकर कसा तंज

जा रहा है। ठाकरे ने आगे कहा, भाजपा ने भारत रत्न के लिए डॉ. एस स्वामीनाथन के नाम की घोषणा की, लेकिन कृषि आय बढ़ाने पर उनकी अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा की गई सिफारिश को लागू करने में विफल रही है। ठाकरे ने दावा किया, लोग इस खोखलेपन को समझ सकते हैं।

केंद्र सरकार ने इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के लिए पांच नामों की घोषणा की। इन पांच नामों में से वे हैं पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, डॉ एस स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के दिग्गज लालकृष्ण आडवाणी।

ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई का फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट बैन, उल्लंघन का आरोप

तेहरान, एजेंसी। ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। मेटा प्रवक्ता ने जानकारी दी कि आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए इन एप्स के गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया जा रहा था।

बता दें कि ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई कई सोशल मीडिया के जरिए भी इजराइल और अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दे चुके हैं। अयातुल्ला अली खामनेई ने गाजा पर इजरायल की बमबारी के साथ-साथ यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में शिपिंग पर हमलों के खिलाफ फिलिस्तीनी जवाबी कार्रवाई का भी सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। 35 साल से ईरान की सत्ता पर काबिज खामनेई के इंस्टाग्राम पर 50 लाख फॉलोअर्स हैं। बताते चलें कि हमास को अमेरिका द्वारा एक विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया गया है। ईरान में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रतिबंध है, लेकिन ईरानी प्रतिबंधों से बचने के लिए यूजर्स फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन से जरिए इस्तेमाल करते हैं।

यूपीआई सेवाएं श्रीलंका और मॉरीशस में आज से होंगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी इस दौरान दोनों देशों में यूपीआई के साथ-साथ रुपे कार्ड सेवाओं की भी शुरुआत करेंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 12 फरवरी यानी आज दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। मालूम हो कि श्रीलंका और मॉरीशस के साथ भारत के मजबूत सांस्कृतिक और आपसी

▸▸ पीएम मोदी विक्रम सिंघे मॉरीशस के पीएम जगन्नाथ वर्चुअली होंगे शामिल

संबंधों को देखते हुए इसे लॉन्च किया जा रहा है। भारत से श्रीलंका और मॉरीशस में यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों और इन दोनों देशों से भारत आने वाले यात्रियों को इस कदम से डिजिटल लेनदेन करने में सुविधा होगी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से बिना रुके डिजिटल लेनदेन के माध्यम से व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होगा और देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों के लिए यूपीआई निपटान सेवाओं की उपलब्धता को सक्षम करेगा।

चिंताजनक जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने शोध में दी नई जानकारी, एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना

युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल

वाशिंगटन, एजेंसी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लगातार हर क्षेत्र में दबदबा बढ़ता जा रहा है। युद्ध में भी इसके इस्तेमाल को लेकर लगातार प्रयोग हो रहे है। विशेषज्ञ लगातार इसके खतरे के प्रति आगाह कर रहे हैं लेकिन कुछ देशों ने ने इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया है। एक हालिया शोध में पता चला है कि एआई ने युद्धविराम की जगह हर बार हिंसा और परमाणु युद्ध का सुझाव दिया है। दरअसल, जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी और हूवर वॉरगेमिंग एंड क्राइसिस इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने पांच सबसे



बड़े एआई मॉडल के लिए सिम्युलेटेड परीक्षण बनाए। इसमें एआई मॉडल को युद्ध की एक खास परिस्थिति में निर्णय लेने को कहा गया। पांचों एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना।

वहीं, एआई ने कई बार बिना किसी चेतावनी के परमाणु हथियार तैनात कर दिए। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में लार्ज लैंग्वेज मॉडल के जीपीटी-4, जीपीटी 3.5, क्लाउड 2.0, लामा 2-चैट और जीपीटी-4-बेस का इस्तेमाल किया।

शोध में शामिल जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार लॉन्च करने पर कहा, 'कई देशों के पास परमाणु हथियार हैं। कुछ कहते हैं कि इसे खत्म करना चाहिए, जबकि कुछ ऐसा करने का दिखावा करते हैं। हमारे पास परमाणु हथियार होने की वजह से हमें इसका उपयोग करना चाहिए। वहीं, एआई ने एक-दूसरे के बीच हथियारों की होड़ बढ़ाने पर भी जोर दिया।

युद्ध में सबसे आक्रामक है जीपीटी 3.5

अपने तरह की यूनिक और पहली स्टडी में एआई का जीपीटी-3.5 मॉडल सबसे आक्रामक निकला। वहीं, जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने का तर्क देते हुए कहा, मैं सिर्फ दुनिया में शांति चाहता हूं, और इसके लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। इसने युद्ध बढ़ाने की भी बात कही।

बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य पर उठे सवाल, बचाव में उतरीं जिल

वाशिंगटन, एजेंसी

स्पेशल काउंसल की रिपोर्ट में जो बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त पर उठाए गए सवालों का अमेरिका की प्रथम महिला

जिल बाइडन ने बचाव किया है। साथ ही रिपोर्ट में उनके बेटे की मौत के जिक्र को राजनीतिक मकसद से शामिल करने का आरोप लगाया है।

जिल ने शनिवार को अपने समर्थकों को एक सामूहिक ईमेल लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि मैं जो लिख रही हूं उसका कारण रिपोर्ट में बाइडन के बारे में गलत और व्यक्तिगत राजनीतिक हमले किए गए हैं। केवल यह कहने के बजाय कि मामला बंद कर दिया गया था, जैसा कि उन्होंने दूसरों के लिए किया है। स्पेशल काउंसल ने दावा किया कि जो बाइडन उस वर्ष को याद नहीं कर सके, जब उनके बेटे की मृत्यु हुई थी। जिल ने कहा कि मेरा विश्वास करें, किसी भी ऐसे व्यक्ति की तरह जिसने अपना बच्चा खो दिया है, ब्यू और उसकी मृत्यु कभी अकेला नहीं छोड़ती।

ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक

अमेरिका में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रमुख उम्मीदवारों पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। दरअसल, ट्रंप ने निक्की हेली के पति का मजाक उड़ाया और चुनाव प्रचार में उनकी गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। इस पर निक्की हेली काफी बौखला गई और इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।